सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 26.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79996.60 |
| निफ्टी | 24323.85 |

सोना 71,400 | चांदी 97,700

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



जिम्बाब्वे के खिलाफ उतरेगी युवा ब्रिगेड

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 6 जुलाई, 2024 | 23 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 199, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बिलासपुर जिले में 4662 डिजिटल दिव्यांग पहचान पत्र जारी -पेज 2
- अब किलो के आधार पर होगी सेब ढुलाई, तय हुआ भाड़ा -पेज 3
- साहो में मछली पकड़ने का धंधा जोरों पर -पेज 7
- दुकानों में घुसा पहली बरसात का पानी -पेज 10
- हाथरस भगदड़ कांड के पीड़ितों के साथ खड़ी है कांग्रेस : राहुल -पेज 14

# हिमाचल में भारी बारिश, 64 सड़कें और 44 पेयजल योजनाएं ठप

## 6 जिलों में बाढ़ का खतरा; जगह-जगह हुआ भू-स्खलन, 11 जुलाई तक येलो अलर्ट जारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल में बादल जमकर बरस रहे हैं। शुक्रवार को भी भारी बारिश हुई है, जिसके चलते 64 सड़कें व 44 जल आपूर्ति योजनाएं बंद पड़ी हैं। वहीं, 34 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े हैं और जगह-जगह पर भू-स्खलन भी हुए हैं, जिससे सड़कें बंद पड़ी हैं।

मौसम विभाग शिमला के अनुसार 6 जिलों में बाढ़ का खतरा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार मानसून में तीव्रता और वितरण में वृद्धि होने की संभावना है। इस दौरान ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, चंबा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में कई स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

इस अवधि के दौरान औसत न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। 11 जुलाई तक येलो अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि मनाली-लेह सड़क पर जिंगजिंग बार से तकरीबन 7 किमी आगे पहाड़ी से ग्लेशियर के लगातार पिघलने से सड़क अचानक बाढ़ से बंद हो गई। वहीं, लेह से मनाली की तरफ आ रहे दो ट्रक और एक बाइक मलबे में फंस गए। सीमा सड़क संगठन के जवानों ने बाइकर को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला।

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर मंडी के पंडोह के चार मील के पास दो दिन पहले डंगा आंशिक रूप से धंस गया था। इसके बाद चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे के बंद होने का खतरा भी मंडराने लग गया है। हालांकि, अभी वनवे वाहनों की आवाजाही हो रही है। यदि यह हाईवे बंद होता है तो एक बार फिर कुल्लू-मनाली आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)



शिमला में बारिश।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| चंबा | 34.1° |
| बिलासपुर | 32.8° |
| बजौरा | 32.5° |
| ऊना | 32.2° |
| भुंतर | 31.4° |
| हमीरपुर | 30.7° |
| बरठीं | 30.7° |
| कांगड़ा | 30.5° |
| धौलाकुआं | 30.3° |
| सुंदरनगर | 29.9° |
| मंडी | 29.6° |
| ताबो | 29.3° |
| नाहन | 28.4° |
| शिमला | 22.4° |
| समदो | 28.2° |

### कहां कितनी बारिश

**वीरवार** रात को पालमपुर में 128.0, कटौला 110.2, बैजनाथ 95.0, जोगिंद्रनगर 64.0, मंडी 40.4, कोठी 36.0, कुफरी 33.2, शिलारू 32.5, कोटखाई 32.3, धर्मशाला 26.2, मनाली 22.0 व खदराला में 21.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### लोगों को नदी-नालों के किनारे न जाने की सलाह

**बारिश** से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया। जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों व सैलानियों को नदी-नालों के किनारे नहीं जाने की सलाह दी है। वहीं बारिश से सेब, नाशपाती, प्लम व जापानी फल साहित अन्य फलों को संजीवनी मिलेगी। आकार के साथ फलों में रसीलापन भी आएगा।

**अगले** दो दिनों तक मानसून पूरे प्रदेश में सक्रिय रहेगा। इसके चलते अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। 6 जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। आठ जुलाई के बाद अगले दो से तीन दिनों तक मानसून थोड़ा कमजोर पड़ेगा।
-डॉ. सुरेंद्र पाल, निदेशक मौसम विज्ञान केंद्र शिमला।

# स्टार्मर बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री सुनक की पार्टी को मिलीं 120 सीटें

## 400 से ज्यादा सीटों के साथ लेबर पार्टी 14 साल बाद सत्ता में

**एजेंसी, लंदन**

लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर शुक्रवार को बकिंघम पैलेस में महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए। ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव में उनकी लेबर पार्टी ने 412 सीटों पर जीत हासिल की है। लेबर नेता स्टार्मर (61) अपनी पत्नी विक्टोरिया स्टार्मर के साथ राजमहल पहुंचे। निवर्तमान नेता ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को इतिहास की सबसे बुरी चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। उनकी पार्टी को 120 सीटें मिलीं। सुनक ने महाराजा से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

स्टार्मर ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में 'राष्ट्रीय नवीनीकरण' के एक चरण का वादा किया है। शुक्रवार को सुबह लेबर पार्टी को संसद में बहुमत के लिए आवश्यक 326 सीटों पर जीत मिल गई। उसके बाद स्टार्मर ने लंदन में अपना विजय भाषण देते हुए कहा, 'परिवर्तन अब शुरू होता है।

और यह अच्छा लगता है, मुझे ईमानदार होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, '' इस तरह के जनादेश साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी मिलती है। हमारा कार्य इस देश को एक साथ रखने वाले विचारों को नवीनीकृत करने से कम नहीं है। राष्ट्रीय नवीनीकरण।'' बाद में, नए प्रधानमंत्री स्टार्मर ब्रिटेन के 58वें नेता के रूप में कार्यभार संभालने के लिए डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे। उन्होंने ब्रिटेन के पहले ब्रिटिश-एशियाई प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के 'अतिरिक्त प्रयासों' की सराहना की।



### मोदी ने स्टार्मर को दी बधाई



**ब्रिटेन** में 4 जुलाई को आम चुनाव के लिए मतदान के बाद आज नतीजे जारी किए गए। जिसमें लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। उन्होंने 400 का आंकड़ा पार किया। लेबर पार्टी की इस शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की आशा करते हैं। वहीं, पीएम मोदी ने निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भी सराहना की।

## न्यूज शॉर्ट्स

### चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अंबेश उपमन्यु सस्पेंड

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में हिमाचल डाक सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल (सीपीएमजी) को संस्पेंड कर दिया गया है। अब हरियाणा डाक सर्किल के सीपीएमजी कर्नल एसएफएच रिजवी को हिमाचल के सीपीएमजी पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। सीपीएमजी अंबेश उपमन्यु को सस्पेंड को लेकर आदेश नई दिल्ली स्थित डाक भवन से डाक निदेशालय ने जारी किए हैं। बता दें कि सीपीएमजी पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं। उन आरोपों पर जांच चल रही है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सीपीएमजी को सस्पेंड कर दिया गया है। इस हाई प्रोफाइल मामले में डाक विभाग में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ कहने से बच रहे हैं। हिमाचल के सीपीएमजी इससे पहले गुजरात व आगरा में भी विभिन्न उच्च पदों पर रहे हैं।

### नोएडा के लाजिक्स मॉल में लगी आग



**नोएडा।** दिल्ली से सटे नोएडा शहर में स्थित लॉजिक्स मॉल में स्थित कुछ शोरूम में शुक्रवार दोपहर को आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं दमकल विभाग की 12 गाड़ियां आग पर काबू पाने में लगी हैं। घने धुएं के कारण आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य दमकल अधिकारी ने बताया कि घटना के समय कुछ लोग माल के अंदर फंस गए थे जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट, 3 की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को सड़क किनारे विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। बचाव सेवा '1122' के प्रवक्ता ने बताया कि विस्फोट मरदान जिले की तख्त बाई तहसील में जलाला पुल के पास हुआ। बचाव अधिकारियों ने शवों और घायलों को मरदान मेडिकल कांप्लेक्स पहुंचाया। पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और धमाका किसी विस्फोटक से हुआ अथवा सिलेंडर के फटने से, यह पता करने के लिए उसने साक्ष्य एकत्र किए।

# डेढ़ साल में निकालीं 28 हजार नौकरियां : सुक्खू

**शुभम शर्मा, देहरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर तबड़तोड़ प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने लगभग अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में 28000 से अधिक सरकारी नौकरियां निकाली हैं, जिनकी भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

पूर्व विधायक होशियार सिंह पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी अपनी विधायकी से यूं ही इस्तीफा नहीं देता। उन्होंने कहा कि अहंकार और पैसे के लालच में होशियार सिंह ने जनभावनाओं का सौदा कर अपने विधायक पद को बेचा है। धन के प्रभाव में आकर होशियार सिंह की बुद्धि भ्रष्ट हुई, लेकिन यह उपचुनाव अब देहरा के भाग्योदय का वरदान बनेगा।

उन्होंने कहा कि अच्छा हुआ निर्दलीय विधायक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और अब देहरा में भरपूर विकास होगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। देहरा में पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा एसई (लोक निर्माण विभाग) का कार्यालय भी खोला जाएगा, जिसकी अधिसूचना चुनाव के बाद जारी की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



देहरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान जनसभा को संबोधित करे सीएम सुक्खू।

# एसआईटी ने सरकार को सौंपी हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट

**एजेंसी, हाथरस**

हाथरस भगदड़ मामले में एसआईटी ने शुक्रवार को जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी, इसमें 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं।

एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की अगुवाई में मामले की जांच चल रही है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने समिति भी गठित की थी। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी में शामिल किया गया। शासन की ओर से इन्हें 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। वैसे शासन की ओर से बुधवार तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था, लेकिन सीएम योगी के घटनास्थल पर जाने और राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की वजह से निर्धारित समय अवधि तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकी। इसके बाद, अधिकारियों ने शासन से अपनी जांच रिपोर्ट तैयार करने के लिए तीन दिनों का अतिरिक्त समय मांगा।

यही नहीं, मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसबल सहित और अन्य अधिकारियों को भी तैनात किया गया, ताकि स्थिति पर पैनी निगाह बनाई जा सके। अब जांच रिपोर्ट मिलने के बाद शासन की ओर से आगामी दिनों में क्या कुछ कदम उठाया जाता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर चंडीगढ़ में भी
विज्ञापन और खबरों के लिए संपर्क करें हमारी चंडीगढ़ शाखा
जगदीश शर्मा ब्यूरो चीफ
SCO 210, Sector 34-A, Chandigarh Mob. 9872000431
Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047 Ph. 01892-299098, 9816875517

# श्रीकांत शर्मा प्रभारी व संजय टंडन हिमाचल भाजपा के सहप्रभारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विभिन्न राज्यों के प्रभारी व सह-प्रभारियों की सूची जारी की है। इनमें हिमाचल प्रदेश के प्रभारी तथा सह-प्रभारी का नाम भी शामिल है। हिमाचल में उत्तर प्रदेश की वृंदावन विधासभा सीट से विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया है, वहीं संजय टंडन को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। शुक्रवार को पार्टी ने 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के संगठन प्रभारियों और सहप्रभारियों में फेरबदल या नई नियुक्ति की है। इसमें राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख का प्रभारी, महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का संगठन प्रभारी और सांसद दीपक प्रकाश को सहप्रभारी बनाया गया है। अंडमान और निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को प्रभारी बनाया गया है।

अरुणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी, छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नबीन को प्रभारी और गोवा में आशीष सूद को प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा में डॉ. सतीश पूनिया को प्रभारी और सुरेंद्र सिंह नागर को सह प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी और संजय टंडन को सहप्रभारी बनाया गया है। महासचिव डॉ. राधा मोहन अग्रवाल को कर्नाटक का प्रभारी, पूर्व मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी और अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी बनाया गया है। पंजाब में विजयभाई रूपाणी को प्रभारी, उत्तराखंड में दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी और रेखा वर्मा को सहप्रभारी बनाया गया है। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने बदले राज्यों के प्रभारी



श्रीकांत शर्मा



संजय टंडन




ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
Approved By: HP Govt., UGC, PCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2024-25

FACULTY OF AYURVEDA
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga

SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
M.P.T. (Neurology & Orthopedics)
B.Sc. (MLT) / M.Sc (MLT)
Diploma Multipurpose Health Worker

FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
M.Tech in CE
MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management

FACULTY OF EDUCATION, HUMANITIES & BASIC SCIENCE
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed.
SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education

FACULTY OF AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
- Entomology
- Plant Pathology
- Agronomy
- Genetics & Plant Breeding
- Agriculture Extension
- Horticulture (Veg. Sciences)
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)*
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course

FACULTY OF PHARMACY
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
- Pharmaceutical Chemistry/ Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com



## न्यूज ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश निवासी से 4.16 ग्राम चिट्टा बरामद

**दशमी रावत, रोहड़ू** । पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत सुबह 9 बजे के करीब रोहड़ू पुलिस ने पुरानी सब्जी मंडी के पास पैट्रोलिंग के दौरान 4.16 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार अल्टामस पुत्र मोहम्मद जलील गांव हसनपुरा डाकघर कीरतपुर तहसील नजीबाबाद उत्तर प्रदेश का निवासी शामिल है। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है। मामले की जांच पडताल की जा रही है।

### कैलाथ महाराज नए मंदिर में हुए विराजमान



**दशमी रावत, जुब्बल** । शिमला जिला के उपमंडल जुब्बल के अंतर्गत सोलंग पंचायत में देवता कैलाथ महाराज का नया मंदिर बनने के बाद भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैलाथ देवता पबासी देवता महाराज के वीर है। कैलाथ महाराज तीव्र वेग के देवता है। पांशबील व जौनसार बावर के देवघार क्षेत्र में हजारों लोग महाराज को मानते है। देवता के गुर एमआर मुगटा ने बताया कि महाराज अत्यंत शक्तिशाली व भक्त वत्सल्य है। कैलाथ महाराज को पाताल भैरव के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर सरस्वतीनगर वार्ड से जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा व पंचायत समिति सदस्य बलबीर पोष्टा भी मौजूद रहे।

### कैंप में 639 मरीजों ने करवाया चेकअप




**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग व अभोदय एनजीओ के सहयोग से तीन दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर के प्रथम दिन 639 मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इनमें कार्डियोलॉजी के 116, ऑर्थोपेडिक के 103, मेडिसिन के 170, त्वचा रोग के 130, ईएनटी के 118 मरीज शामिल हैं। कुल 1500 पैथोलॉजी टेस्ट, 163 एक्स-रे, 82 अल्ट्रासाउंड, 29 ऑडियोमेट्री और टेम्प्टोमेट्री, 86 ईसीजी, 170 एआई एक्स-रे और 69 फिजियोथेरेपी के मरीजों का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, 5 इको टेस्ट भी किए गए। डीसी किन्नौर ने शिविर का उद्घाटन कर जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

### बीए और बीकॉम के लिए 15 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी की प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने बताया कि आगामी 13 जुलाई से महाविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नया सत्र आरंभ होने जा रहा है। बीए और बीकॉम की वार्षिक कक्षाओं के लिए 15 जुलाई तक प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। डॉ. दीपशिखा ने जानकारी दी कि कॉलेज में बीए बीकॉम प्रथम वर्ष के लिए अपेक्षाकृत आवेदन कम आए है। जिसमें अभी तक बीए के लिए 22 आवेदन और केवल दो आवेदन बीकॉम कक्षा के लिए आए है। बताया कि इस वर्ष से महाविद्यालय परिसर भी निर्मित हो चुका है। कॉलेज का नया भवन अंतिम चरण पर है शीघ्र ही इसका लोकापर्ण होने की उमीद है । उन्होंने बताया कि नवनिर्मित भवन आधुनिक सुविधाओं जैसे कक्षा कक्ष, पुस्तकालय एवं खेल मैदान से भरा है । महाविद्यालय क्षेत्र के चारों ओर करीब 10 से 12 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं कार्यरत है। उन्होंने 12वीं कक्षा उतीर्ण किए सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि बीए अथवा बीकॉम में दाखिला लेने के लिए 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते है ।

## अब हिमाचल में पर्यटकों की आवाजाही हुई कम

# पर्यटन से 7 करोड़ का मुनाफा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचल में भले अब पर्यटकों की संख्या कम हुई है, लेकिन इस बार पर्यटन विकास निगम की बढ़िया कमाई हो रही है। पर्यटन विकास निगम की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023 के मुकाबले वर्ष 2024 में 7 करोड़ का मुनाफा हुआ है। यह मुनाफा 2024 के पहले 6 महीनों में रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि इस वर्ष गर्मियों के शुरुआती चरण में चुनाव के कारण प्रदेश में पर्यटकों की संख्या कम रही, लेकिन उसके बावजूद शुरुआती 6 महीनों में निगम को अच्छा मुनाफा हुआ है।

**निगम के होटलों में छूट मिलने के बाद भी कम आ रहे पर्यटक**

निगम द्वारा पर्यटकों को सुविधाएं देने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। पुराने होटलों को रेनोवेट किया जा रहा है और नए होटल भी शुरू किए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि पर्यटन विकास निगम पर्यटकों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है।

प्रदेश में पर्यटन विकास निगम के छोटे और बड़े कुल मिलाकर 65 होटल हैं। इनमें सबसे ज्यादा पर्यटक मनाली पहुंचते हैं। इसके अलावा शिमला, चायल, चंबा आदि स्थान भी पर्यटकों की सबसे पहली पसंद है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट को बढ़ाया गया है। इसके अलावा 30 से 40 वर्ष पुराने होटलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिनमें मनाली के 3 बड़े होटल भी शामिल हैं।

कुछ होटलों को एक्सपेंड किया जा रहा है, उनमें नए कमरों को बनाया जा रहा है। कुछ नए होटल भी बनाए गए है, जिनमें क्यारी घाट, कसौली आदि के होटल शामिल हैं, इसके अलावा निगम की कुछ वीआइपी प्रॉपर्टी भी इन होटलों में शामिल है। इन दिनों अब पर्यटक हिमाचल कम आ रहे हैं। हालांकि निगम के होटलों में काफी छूट मिल रही है।(अनंत ज्ञान)

### मादक पदार्थों का सेवन एक अभिशाप

**कोटखाई** । मादक पदार्थों का सेवन समाज की एक सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। युवाओं का एक बहुत बड़ा वर्ग इसकी चपेट में फंस चुका है। यह बात टीजीटी (नान मेडिकल) रामा विद्यालय भज्याड़ से मीना देवी ने कही। उन्होंने कहा कि कोकीन, हीरोइन गांजा, अफीम शराब ब्राउन शुगर भांग जैसे नशीले पदार्थों के सेवन से न केवल अपना जीवन अपितु परिवार एवं समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं । भले ही ये नशे कुछ समय के लिए हमें सुख की अनुभूति करवाते हैं लेकिन धीरे-धीरे यह आदत बन जाती है और हम इसके बगैर नहीं रह पाते।

अगर नशा समय पर न मिले तो चोरी तक करने से भी गुरेज नहीं करते ।आजकल की महंगी जीवन शैली में माता-पिता दोनों को ही पैसा अर्जित करने के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। मजबूरी वश वह अपने बच्चों का सही से ध्यान नहीं रख पाते ।सुबह घर से जल्दी निकलते है और रात में देरी से घर वापसी करते हैं। बच्चों को भी जेब खर्च अधिक देते हैं जिससे बच्चे आसानी से मादक पदार्थों को बाजार से प्राप्त कर लेते हैं । अकेलेपन की समस्या एवं जीवन के संघर्ष का तनाव भी उन्हें इस रास्ते में धकेलता है ।(अनंत ज्ञान)

## श्रमिक की दुर्घटना से क्षति की आपूर्ति के लिए करें आवेदन: डीसी



बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधीश शिमला।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को अनुग्रह भुगतान हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में 1 लाख 55 हजार 851 श्रमिकों ने ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण किया है, जिसमें से अभी तक एक पंजीकृत श्रमिक द्वारा दुर्घटना से हुई क्षति के संदर्भ में अनुदान के लिए आवेदन किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस मामले में जल्द से जल्द अनुदान राशि वितरित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि योजना के अंतर्गत दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर श्रमिक को दो लाख रुपये तक का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दोनों हाथ, दोनों आंखें एवं दोनों पांव की अपूर्णीय क्षति पर दो लाख रुपए की राशि देने का प्रावधान है।( अनंत ज्ञान)

**31 अगस्त, 2024 से पहले करें आवेदन**

31 मार्च, 2022 से पूर्व ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की मृत्यु एवं विकलांगता का यदि कोई मामला है तो अपना आवेदन 31 अगस्त, 2024 से पहले जमा कर सकते हैं ताकि उन्हें योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा सके।

वहीं आवेदन के साथ आधार नम्बर, यूएएन कार्ड, मृत्यु प्रमाण-पत्र, मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण-पत्र, एफआईआर, पोस्टम मार्टम रिपोर्ट आदि दस्तावेज चाहिए होंगे तथा विकलांगता के मामले में आधार नम्बर, यूएएन कार्ड, अस्पताल रिकॉर्ड, विकलांगता प्रमाण-पत्र आदि दस्तावेज जरूरी रहेंगे।

## ड्राइवर-कंडक्टरों ने मांगा रात्रि भत्ता

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी।

हिमाचल पथ परिवहन निगम ड्राइवर्ज यूनियन राज्यस्तरीय त्रैमासिक बैठक चैयरमैन मिलाप चंद चौधरी व प्रदेशाध्यक्ष मान सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में रिकांगपिओ में हुई।

इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकार गंगाराम राम ठाकर, सुरेश कुमार, बाल कृष्ण, दिपक राज शर्मा, फतेहमिह, रणजित सिंह, राजिंद्र ठाकुर, जगरनाथ, सुधीर ठाकुर राजेन्द्र ठाकुर, पदम् सिंह, बलवंत नेगी मौजूद रहे। ड्राइवर यूनियन चेयरमैन मिलाप चंद चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष मान सिह ठाकुर ने कहा कि चालकों-परिचालकों का रुका हुआ करीब 50 माह का रात्रि एवं अतिरिक्त भत्ता एक मुश्त दिया जाए अन्यथा ड्राइवर यूनियन को किसी भी हद तक गुजरने पर मजबूर होना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों के सभी तरह के एरियर का भुकतान तुरन्त किया जाए ताकी निगम के कर्मचारियों को राहत मिले व अपने परिवार की गुजर बसर अच्छे कर सके। (अनंत ज्ञान)

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करते हुए जिलाधीश शिमला।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फागु स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक तिमाही में ईवीएम वेयरहाउस को खोलकर उसके अंदर की स्थिति का जायजा लिया जाता है।

ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण में सभी चीजें व्यवस्थित पाई गई। इस मौके पर तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस से रमेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी से आयुष तथा निर्वाचन विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## चिट्टा तस्करों का पर्दाफाश पंजाब के 4 युवक गिरफ्तार

**रविंद्र जस्टा, शिमला** । जिला शिमला में नशे का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस ने पंजाब के 4 युवकों को चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से 169 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। युवकों की पहचान दीपक, अनिल कुमार, राहुल और कर्ण निवासी पंजाब अमृतसर के तौर पर हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि युवकों के पास चिट्टा है। तभी पुलिस ने चलौंठी के पास पंजाब नंबर की एक गाड़ी को रोककर चेकिंग की और युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी गाड़ी में इधर-उधर घूम रहे थे, तभी लोगों को इनके कुछ संदिग्ध होने पर शक हुआ। जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी।

पुलिस ने जब चेक किया तो इन युवकों के पास से चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस को शक है कि ये आरोपी पंजाब से शिमला में चिट्टा तस्करी कर रहे हैं और यहां के युवाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है कि ये चलौंठी में किसे चिट्टा बेचने आए थे और कहां-कहां नशे की तस्करी करते हैं। गौरतलब है कि बीते रोज भी शिमला में नशा तस्करी के दो मामले सामने आए थे। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर जिले में 4662 डिजिटल दिव्यांग पहचान पत्र जारी : डीसी

## जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक में दी जानकारी

**शुभम राही, बिलासपुर**



आबिद हुसैन सादिक
डीसी बिलासपुर

जिला में दिव्यांगजनों को दी जा रही सुविधाओं के प्रति सभी विभाग सर्तकता बरतें, ताकि इस वर्ग को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। अध्यक्ष जिला स्तरीय दिव्यंगता बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिला में 6747 दिव्यांगजनों का दिव्यांग पहचान पत्र पंजीकरण किया गया है, जिसमें 2486 नए आवेदन हैं। 4662 डिजिटल दिव्यांग पहचान पत्र जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में दिव्यांगजनों द्वारा मूल पहचान पत्रों की प्राप्ति न हो पाने की स्थिति में कंप्यूटरीकृत पहचान पत्रों को पथ परिवहन निगम की बसों में मान्यता के संबंध में विभाग को बस कंडक्टरों को जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को सुग्मयता प्रदान करने के लिए जिन कार्यालयों में सुविधा नहीं है, वहां अति शीघ्र सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। दिव्यांगजनों की शिकायत निवारण के लिए जिन कार्यालयों में अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की गई है, वहां तुरंत नियुक्ति करने के भी आदेश दिए। दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2024-25 में दस लाख रुपए की राशि, दिव्यांग विवाह अनुदान योजना के लिए 2 लाख की राशि भुगतान किया जाएगा।

दिव्यांग जनों की चिकित्सा मुल्याकंन के संबंध में उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिव्यांगों की पेश आ रही समस्याओं के शीघ्र निवारण के लिए त्वरित निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर द्वारा दिव्यांगजनों से संबंधित विभिन्न मागों पर विचार कर उसकी पुर्ति का आश्वासन दिया। दिव्यांगता समिति कीबैठक में शहरी निकायों के प्रतिनिधी सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## नशे के विरुद्ध छेड़े अभियान से जोड़ेंगे लोगों को : उपायुक्त

**शुभम राही, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय नशा मुक्त अभियान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले में नशा मुक्त अभियान को युद्ध स्तर पर चलाने के लिए सामाज के भिन्न-भिन्न संगठनों, सस्थाओं एवं लागों को जोड़ा जाएगा।

उन्होंने बताया कि कांगड़ा धर्मशाला स्थित गुजंन संस्था के अनुभवों से जिला ऊना में किए प्रयोगों से प्राप्त सफल परिणामों के अनुरूप जिला बिलासपुर में भी संस्था के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। जिला स्तर से पंचायत स्तर तक इस अभियान को व्यापकता प्रदान करते हुए इसमें स्वस्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज तथा अन्य संबंध विभागों के साथ मिलाकर इसे प्रभावी रूप से चलाया जाएगा। छठी कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को इस अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति संबंध में जानकारी व जागरूकता प्रदान की जाएगी। बैठक में एसीसी अडानी कंपनी के प्रतिनिधी हितेंद्र कपूर ने भरपुर सहयोग का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

### बाइक चोरी होने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** श्री नयनादेवी जी में एक बाइक चोरी हो गई। मालिक ने बाइक को सड़क किनारे खड़ा किया था। खुद चंडीगढ़ चला गया। जब वापस आया तो बाइक गायब थी। शिकायत में रिकी ठाकुर निवासी गांव घरा डाकघर स्वाहण तहसील श्री नयनादेवी जी ने बताया कि 30 जून को बाइक को क्वार्टर के बाहर सड़क किनारे खड़ी की थी और चंडीगढ़ चला गया। मंगलवार शाम को आया तो बाइक गायब थी। डीएसपी श्री नयनादेवी जी विक्रांत बोंसरा ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है।

### संस्कार सोसायटी कल करेगी मेधावी बच्चों को सम्मानित

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला संस्कार उत्सव कार्यक्रम घुमारवीं में 7 जुलाई को होटल एमफॉरयू में आयोजित किया जाएगा। संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि संस्था घुमारवीं क्षेत्र के जमा दो व दसवीं में अपने-अपने विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाले और प्रदेश में जमा दो व दसवीं की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले क्षेत्र के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्कार उत्सव में एचपी लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बिलासपुर की जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी करेंगी। इस कार्यक्रम में युवा प्रेरणा पुरस्कार क्षेत्र के युवाओं जिन्होंने विशेष कार्य करके अपनी विशेष पहचान बनाई है जिनकी आयु 40 वर्ष से कम हो जो युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है, ऐसे 10 युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## झंडूता में खड्डों के किनारे बसे लोगों को भेजे नोटिस

**गोपाल कपिल, झंडूता**



**एसडीएम ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का किया आग्रह**

बरसात के मौसम में नदी नालों का जलस्तर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिससे नदी नालों के नजदीक रह रहे लोगों के लिए यह खतरा साबित हो सकता है। इसी कड़ी में झंडूता एसडीएम योगराज धीमान ने झंडूता क्षेत्र की सीर, शुक्र, सयाली खड्ड किनारे बसे लोगों को नोटिस जारी किया है। इसमें एसडीएम ने लोगों से कहीं दूर सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण दिन प्रतिदिन नदी-नालों का जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है, जिससे यहां पर खतरा हो सकता है।

एसडीएम योगराज धीमान ने बताया कि झंडूता उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। इस संदर्भ 20 जून को सभी विभागों से बैठक कर ली गई है। बैठक में मानसून सीजन के दौरान संभावित आपदाओं को लेकर तैयारियों को चाक-चैबंद रखने, क्षेत्र को डॉक्टरों, दवाइयों, एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। झंडूता क्षेत्र की सभी पंचायतो को सचेत ऐप की सहायता से जोड़ा गया है, ताकि संभावित परिणामों जैसे बाढ़ आदि आने की संभावना में लोगों को सचेत किया जा सके। इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया है कि बरसात को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया है कि अगर उनके आस-पास बरसात के चलते नदी नाले का पानी या फिर किसी भी तरह से कोई लैंड स्लाइड होता है तो तुरंत इसकी जानकारी दी जाए। (अनंत ज्ञान)

## आज रिलीज होगा 'संगता आईयां द्वारे ते' भजन



**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जिला के प्रसिद्ध गायक राजेश कुमार बबलू के कई भजन और एल्बम सोशिल मीडिया पर धमाल मचा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत राजेश बबलू का नया भजन नगर अराध्य देव बाबा नाहर बजिया पर शनिवार लांच होगा।

इसकी शूटिंग इन दिनों जोरोंशोरों पर चल रही है। गायक राजेश बबलू ने बताया कि बाबा नाहर सिंह जी के चरणों में समर्पित भजन का टाइटल 'संगता आईयां द्वारे ते' है। इसे उन्होंने स्वयं लिखा और गाया है। इस भजन को स्वरों की माला में पिरोने का काम उत्तरी भारत के प्रसिद्ध संगीतकार परमजीत पम्मी ने किया है। कर्ण प्रिय तथा भक्ति से ओतप्रोत इस भजन की शूटिंग बाबा नाहर सिंह मंदिर परिसर में की जा रही है। इसके साथ ही बिलासपुर के अन्य रमणीक स्थानों को भी इस एल्बम में समायोजित करने का प्रयास किया जा रहा है। विडियो शूट का दायित्व प्रिंस और हिमांशु कपिल संभाल रहे हैं। राजेश बबलू ने बताया कि शनिवार को यह भजन लांच हो जाएगा तथा उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह भजन सभी को पसंद आएगा। (अनंत ज्ञान)

**निर्देश** एसडीएम ने अधिकारियों को लैंड मैपिंग कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

# राजस्व मामलों को जल्द से जल्द निपटाएं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी

घुमारवीं उपमंडल में राजस्व विभाग में निशानदेही ,तक्सीम, रिकवरी, विस्वा भूमि आवंटन, जमाबंदी, न्यायिक इत्यादि से संबंधित मामलों को सभी अधिकारी न्यूनतम समय अवधि में निपटाएं, ताकि आम व्यक्ति के समय और धन की बचत हो सके। ये निर्देश उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने बैठक में उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लैंड मैपिंग कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री किसान निधि योजना का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को ई केवाईसी करवाने के लिए भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक का उद्देश्य न केवल इससे संबंधित कार्य की समीक्षा करना है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व अधिकारियों की कठिनाइयों का हल करने और एक दूसरे के साथ अनुभव साझा करना भी है।

उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में एक भूमि बैंक तैयार करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित मामलों का इसमें बात समयबद्ध निष्पादन करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी राजस्व अधिकारी इसे अत्यंत गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राजस्व विभाग संबंधी कार्य प्रगति को संबंधित राज्यों से अधिकारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी दर्शाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के भवन निर्माण का रास्ता साफ

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के भवन निर्माण के लिए जमीन की स्वीकृति मिल गई है। करीब 12 वर्ष से सरकारी फाइलों में उलझा जमीन का मामला अब स्वीकृति मिलते ही सुलझ गया है। अब जल्द ही केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के पास अब अपना भवन होगा।

घुमारवीं में स्थित केंद्रीय विद्यालय को लगभग 12 साल पहले 2012 में वर्तमान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के प्रयासों से शुरू तो कर दिया गया था, लेकिन जमीन संबंधी अड़चनों के कारण पिछले 12 साल से यह स्कूल सराय के कमरों में ही संचालित हो रहा था। विद्यालय के भवन निर्माण के लिए अभी तक भूमि ही उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। भवन निर्माण के लिए बजट उपलब्ध था, लेकिन जमीन न मिलने के कारण मामला फंसा हुआ था। करीब 12 साल का लंबा अंतराल बीत जाने के बाद भी भवन न बनने से 12वीं की पढ़ाई शुरू हुई नहीं हो पाई थी। यहां तक विद्यार्थियों को कंप्यूटर व स्मार्ट क्लास की सुविधा भी नहीं मिल पा रही थी। जब केंद्रीय विद्यालय खुला तो लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और निजी विद्यालयों की मनमानी कम होगी। भवन न बनने के कारण अभिभावकों का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। जमीन के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन हर बार मामला फाइलों में ही लटका था। अब इस विद्यालय के भवन निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है।

घुमारवीं के टकरेड़ा रोड पर बने कोर्ट परिसर के पास 2.26 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। करीब 50 करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च कर एक आधुनिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें हर कक्षा के लिए दो क्लास रूम सहित, इंडोर स्टेडियम, स्कूल कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा और बेहतरीन खेल मैदान उपलब्ध होंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अंशदान का राजनीतिक इस्तेमाल हुआ : राजेंद्र राणा



ए कुमार, सुजानपुर। पिछली बरसातों में आई आपदा के दौरान प्रदेश की जनता द्वारा प्रभावित लोगों की मदद के लिए जो बढ़-चढ़कर अंशदान किया गया था, उसका सुक्खू सरकार ने राजनीतिक इस्तेमाल किया और यह राशि पीड़ित लोगों को प्रदान न करके केवल दो चार हल्कों में ही अपने चहेतों और निजी स्टाफ को ही बांट दी गई, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा राजनीतिक स्कैंडल है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि लोगों ने मानवता की सेवा की भावना से यह राशि मुसीबतजदा लोगों की मदद के लिए दी थी, लेकिन सुक्खू सरकार ने यहां भी बेईमानी की। सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री है, जिन्होंने प्रदेश पर कर्ज की राशि को एक लाख करोड़ के करीब पहुंचा दिया है और प्रदेश को कर्ज की दलदल में पूरी तरह डुबो दिया है। सुक्खू सरकार सिर्फ परिवार और मित्रों की सरकार बनकर रह गई है। झूठी घोषणाओं और आश्वासन की रेवड़िया बांटकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नए 'चेले' के साथ घूम रहे जयराम : कौशल



विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा है कि हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के रूप में नए 'चेले' पर हाथ रखकर वे गली-गली घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके की उछल कूद पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर उपचुनाव में भी जारी रखे हुए हैं, उससे उन्हें कोई फायदा होने वाला नहीं है। कौशल ने कहा कि विधायक बनने से ठीक थोड़ा पहले भाजपा प्रत्याशी ने जिस कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर पद से खुद को अलग किया। दरअसल में वह कंपनी मुकम्मल तौर पर उन्हीं के परिवार की है और आशीष ने अपने पद का प्रयोग करके बतौर विधायक इस कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिए जिस तरीके से काम किया है, उसमें पिछले कुछ समय में पीडब्ल्यूडी के 11 टेंडर के तहत 140 करोड़ रुपए के काम लिए हैं। यानी के, जिन मुख्यमंत्री के आरोपों को भाजपा प्रत्याशी गलत बता रहे हैं, वह सच्चे हैं, उसमें जरा भी संदेह नहीं है। मुकम्मल तौर पर 140 करोड़ के ठेके लिए गए हैं। प्रेम कौशल ने कहा कि ठेके लेना गुनाह नहीं है, लेकिन बतौर निर्दलीय विधायक उनकी कार्यप्रणाली परिवार को मजबूत करने के लिए ही रही है। (अनंत ज्ञान)

### दादागिरी पर आई सुक्खू सरकार: बिंदल



रविंद्र जस्टा, शिमला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है और सभी बूथों पर डोर-टू-डोर प्रचार किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार अब पूरी तरह से दादागिरी पर आ गई है। जिस प्रकार से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को, आशा वर्करों, पंचायत चौकीदारों, आईपीएच वर्करों, पीडब्ल्यूडी वर्करों को इकट्ठा करके उनको डराने धमकाने का काम चल रहा है, इससे स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री देहरा में चुनाव हारने वाले हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसी प्रकार से नालागढ़ व हमीरपुर में जिस तरह से पुलिसिया राज चल रहा है। इस बात की ओर संकेत करता है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव हार रही है। उन्होंने कहा कि देहरा की जनता भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह को अपना पूरा समर्थन, अपना आशीर्वाद दे रही है और जनता ने मन बना लिया है कि हमें ऐसा विधायक चाहिए जो हमारे बीच का हो, हमारे लिए उपलब्ध हो जिसको हम अपने इलाके में, अपने गांव में, अपने शहर में सम्पर्क कर सके। हमें ऐसा विधायक चाहिए जो लगातार हमारे लिए उपलब्ध हो। हमें ऐसा विधायक नहीं चाहिए जिसे ढूंढने में दिक्कत का सामना करना पड़े, ऐसा विधायक नहीं चाहिए जो एसडीएम दफ्तर, बीडीओ के दफ्तर, पीएचसी, सरकारी संस्थानों को बंद करवाने पर तुला हो, विकास कार्यों को बाधित करने में तुला हो। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस में निर्णय लेने की क्षमता नहीं : होशियार



शुभम शर्मा, देहरा। मुख्यमंत्री सुक्खू व उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर से किसी सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है। देहरा की जनता स्वयं जानती है कि उनका बेटा कितना लायक है, तभी दो बार पूर्व में अपना आशीर्वाद दिया व तीसरी बार फिर भारी जानसमर्थन और आशीर्वाद दे कर विधानसभा भेज रहे हैं। विवाह के बाद किसी भी महिला का पहला धर्म ससुराल के प्रति होता हैं, परंतु बहन कमलेश रीति-रीवाजों और मान्यताओं को भूल रही हैं। भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी योग्यता पर प्रश्नचिन्ह लगाने वालों पर उन्हीं की पार्टी के 6 लोगों ने पार्टी व सरकार छोड़ कर प्रश्नचिन्ह लगा दिया था जो कि किसी भी नेतृत्व के लिए अत्यंत शर्मनाक है। मुख्यमंत्री अति अवसरवादी जिन्हें सत्ता का इतना मोह हो गए है कि अपनी पत्नी को भी सहभागी बना लिया। उन्होंने कहा आज एक बार चुनाव से पहले ये पति-पत्नी नादौन में हुए कार्यों का ब्यौरा भी देहरा के साथ साझा करें ताकि यहां कि जनता को भी भरोसा हो कि कांग्रेस सरकार ने विकास का एक पत्थर इन 18 महीनों में रखा है। भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने कहा कि कांग्रेस के न नेता, न नियति, न निर्णय लेने की क्षमता है। (अनंत ज्ञान)

# अब किलो के आधार पर होगी सेब ढुलाई, तय हुआ भाड़ा

रविंद्र जस्टा, शिमला

इस बार सेब सीजन के दृष्टिगत उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने उपमंडलवार सेब की ढुलाई पेटियों की बजाए किलो के आधार पर करने के लिए परिवहन दरें निर्धारित की है। उपायुक्त ने कहा कि सभी उपमंडलाधिकारियों (ना.) द्वारा सेब ढुलाई के दृष्टिगत स्थानीय ट्रक ऑपरेटर यूनियन तथा सेब उत्पादक संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उपमंडलाधिकारियों (ना.) द्वारा सेब परिवहन के लिए परिवहन शुल्क निर्धारित कर अनुमोदन के लिए भेजा गया था। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादकों की सुविधा के लिए सेब परिवहन हेतु परिवहन शुल्क निर्धारित किया गया है ताकि उत्पादकों से उनकी फसल मंडियों तक पहुंचाने में कोई अधिक वसूली न कर सके।

उपायुक्त ने बताया कि उपमंडल ठियोग से दिल्ली तक जाने वाले छः पहिया एवं छः पहियों से अधिक वाले ट्रक का 90 पैसे प्रति किलोमीटर, चंडीगढ़ तक टाटा 407 एवं आईशर चार पहिया वाहन का एक रुपया 50 पैसे प्रति किलोमीटर, 20 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए पिकअप से परिवहन हेतु 2 रुपए 30 पैसा प्रति किलोमीटर तथा 20 किलोमीटर तक के दायरे के भीतर संपर्क मार्ग में चलने वाली पिकअप की दर 2 रुपए 50 पैसे प्रति किलोमीटर निर्धारित की गई है।

उपमंडल रोहड़ू से दिल्ली तक जाने वाले ट्रक एवं अन्य वाहनों की दर 90 पैसे प्रति किलोमीटर, चंडीगढ़ तक ट्रक एवं अन्य वाहनों की दर एक रुपया 30 पैसे प्रति किलोमीटर, 20 किलोमीटर से अधिक दूरी हेतु पिकअप से परिवहन के लिए 2 रुपए 30 पैसा प्रति किलोमीटर तथा 20 किलोमीटर तक के दायरे के भीतर संपर्क मार्ग में चलने वाली पिकअप की दर 2 रुपए 50 पैसे प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है। उपमंडल डोडरा-क्वार से चंडीगढ़ से दूर स्थित मंडियों व दिल्ली तक जाने वाली गाड़ियों की दर 90 पैसे प्रति किलोमीटर तथा चंडीगढ़ तक जाने वाली गाड़ियों की दर एक रुपया 30 पैसे प्रति किलोमीटर निर्धारित की गई है।

### दरें प्रति क्विंटल के हिसाब से, अधिक वसूली पर डिफॉल्टर ट्रक, मिनी ट्रक, पिकअप, आपरेटर यूनियनों के खिलाफ होगी कानूनी कार्यवाही



उपमंडल कोटखाई से चंडीगढ़ तक तथा 250 किलोमीटर से कम दूरी तक परिवहन शुल्क 1 रुपए 30 पैसे प्रति किलोमीटर तथा दिल्ली एवं 250 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए परिवहन शुल्क 90 पैसे प्रति किलोमीटर निर्धारित की गई है।

उपमंडल रामपुर से चंडीगढ़ तक एक रुपए 50 पैसे प्रति किलोमीटर तथा दिल्ली के लिए 90 पैसे प्रति किलोमीटर परिवहन शुल्क निर्धारित किया गया है। उपमंडल जुब्बल से चंडीगढ़ तक तथा 250 किलोमीटर से कम दूरी तक एक रुपए 30 पैसे प्रति किलोमीटर एवं दिल्ली तथा 250 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए 90 पैसा प्रति किलोमीटर परिवहन शुल्क निर्धारित किया गया है।

उपमंडल कुमारसैन से दिल्ली तक जाने वाले छः पहिया ट्रक एवं इससे अधिक के लिए 90 पैसा प्रति किलोमीटर, चंडीगढ़ तक टाटा 407 एवं चार पहिया आईशर के लिए एक रुपए 50 पैसा प्रति किलोमीटर, 30 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए चलने वाली पिकअप के लिए 2 रुपए 70 पैसे प्रति किलोमीटर एवं संपर्क मार्ग में 30 किलोमीटर के दायरे के भीतर चलने वाली पिकअप का परिवहन शुल्क 3 रुपए 30 पैसे प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है।

उपमण्डल कुपवी और चैपाल से चंडीगढ़ से दूर स्थित मंडियों व दिल्लीतक छः पहिया ट्रक तथा इससे अधिक का 95 पैसा प्रति किलोमीटर, चंडीगढ़ तक छः पहिया ट्रक तथा इससे अधिक का 1 रुपए 20 पैसे प्रति किलोमीटर, चंडीगढ़ तक जाने वाले टाटा 407 एवं आईशर चार पहिया का 1 रुपए 30 पैसे प्रति किलोमीटर, 20 किलोमीटर से अधिक दूरी तक चलने वाली पिकअप का 2 रुपए 50 पैसे प्रति किलोमीटर, संपर्क मार्ग में 20 किलोमीटर तक चलने वाली पिकअप का 2 रुपए 60 पैसा प्रति किलोमीटर परिवहन शुल्क निर्धारित किया गया है।

यह दरें प्रति क्विंटल के हिसाब से निर्धारित की गई है। अधिक वसूली पर डिफॉल्टर ट्रक, मिनी ट्रक, पिक-अप, आपरेटर यूनियनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा के विकास के आगे कहीं खड़ी नहीं होती कांग्रेस : अनुराग



हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में आशीष शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रसार करते अनुराग ठाकुर व अन्य भाजपा के नेता।

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में स्वहाल, बजूरी, पांडवी, लंबलू व लाहढ़ी ( दो सड़का) में जनसभा व जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पार्टी प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में वोट मांगे। अनुराग ने कहा, 'कांग्रेस देश की सबसे बड़ी झूठी पार्टी है। लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस पार्टी ऐसे दिखा रही है जैसे विजय इनकी हुई, हो मगर सच ये है कि ये हिमाचल में चारों सीटें तो हारे ही, देश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में नाकामयाब रहे। कांग्रेस चार जून से दिखाने में लगी है 99 का आंकड़ा 240 से बड़ा होता है।'

अनुराग ने कहा, 'विधानसभा के यह तीनों उपचुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ हो जाने चाहिए थे परंतु कांग्रेस ने इसमें जानबूझकर विलंब किया। कांग्रेस के अंदर ये सारे उपचुनाव एक साथ कराने की हिम्मत नहीं ही नहीं थी। इन लोगों ने ये 3 उपचुनाव अलग करा कर प्रदेश पर कर्ज का बोझ डाला है।'

अनुराग कहा,'भाजपा के विकास के आगे कांग्रेस कहीं खड़ी भी नहीं होती। भारतीय जनता पार्टी अपने विकास कार्यों के लिए जानी जाती है, जबकि कांग्रेस ने सदा ही हमारे विकासात्मक कार्यों पर अड़ंगा लगाने उसे रुकवाने का काम किया है।' (अनंत ज्ञान)

### 18 महीनों में 25000 करोड़ के कर्ज का क्या किया सुक्खू सरकार ने

अनुराग ठाकुर ने सुक्खू सरकार से पूछा है कि आखिर 18 महीनों में 25,000 करोड़ के कर्ज से उसने किया क्या है। पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में आने वाले यह प्रदेश कर्ज लेने में अब अव्बल हो चुका है। इससे ज्यादा शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है। झूठ बोलने वालों की कांग्रेस के भीतर भीड़ लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिमाचल में भी अपनी नाकामियों का ठीकरा भाजपा पर फोड़ने का प्रयास हो रहा है। राज्यसभा सीट कांग्रेस हार गई। छह विधायक कांग्रेस को छोड़ गए। निर्दलीय विधायकों को जलील किया गया। अब यदि केंद्र में तिहाई के आंकड़े को कांग्रेस नहीं छू पाई, तो दुहाई सरकार बनाने की यदि वहां दे सकती है, तो हिमाचल में भी सरकार बनाने की बात भाजपा क्यों न करें। संभावनाएं हर वक्त बनी रहती हैं। अग्नि वीर योजना को लेकर कांग्रेस हमेशा झूठ बोलती है।

# अनुराग ठाकुर दुखी मन से कर रहे प्रचार : अग्निहोत्री

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर



हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा पर कई तरह के तंज कसे हैं। उन्होंने मतदाताओं से यह भी कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और यहां के सांसद अनुराग ठाकुर बेहद दुखी मन से यहां प्रचार कर रहे हैं। उन्हें केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हमीरपुर में भाषण देने के लिए भेजा है।

अग्निहोत्री ने कहा कि हमीरपुर वासियों राजनीति इशारों में होती है और अनुराग के इशारे समझ लो। उनके भाषणों में बेहद पीड़ा है। वह कहीं भी अपने भाषण में आशीष को जिताने की बात नहीं कर रहे।

मुख्यमंत्री बार-बार नहीं मिलते और हमीरपुर में पहले भी मुख्यमंत्री को लोगों ने गंवाया है, लेकिन इस बार ऐसी गलती मत करो। उन्होंने कहा कि राजनीति की मंडी में जो विधायक बिक गए, वह दोबारा विधायक बनने के लिए जनता के पास क्यों जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस जिले में कोई खोट है, जो मुख्यमंत्री के खिलाफ हो जाता है। इस जिले में कोई ऐसी पूजा करवानी पड़ेगी, ताकि सीएम को कोई फिर से न गंवाए। मुकेश अग्निहोत्री पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र वर्मा के चुनाव प्रचार में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज सुक्खू की देन है। यदि कोई लीडर कुछ देता है तो उसका श्रेय उसे मिलना ही चाहिए। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर कई तरह के तंज कसे और कहा कि परिस्थितियां बदल चुकी हैं। सरकार गिराने के लिए जिन लोगों ने काम किया। वह अब औंहदे मुंह गिर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# गुड्स टैक्स जमा कराने के लिए परिवहन विभाग ने दिया ऑफर

राजेश शर्मा, ऊना

मालवाहक वाहन और तमाम गुड्स, पब्लिक कैरियर परमिट धारक वाहन मालिकों को प्रदेश सरकार की ओर से बकाया टैक्स जमा कराने के लिए ऑफर दी गई है। जो गुड्स कैरियर परमिट धारक वाहन मालिक हैं, उनको यह राहत दी जाएगी।

इस राहत के तहत एक मुश्त बकाया टैक्स जमा करवाने पर यह ऑफर दिया गया है। परिवहन विभाग की ओर से इस ऑफर के तहत जो वाहन मालिक दिसंबर 2021 से पहले का टैक्स जमा नहीं करवा सके हैं, उनके लिए पेनल्टी डाली जा रही थी और ब्याज राशि भी अधिक बन रही थी। अब मात्र 10 फीसदी साधारण ब्याज के साथ बकाया टैक्स की अदायगी कर सकते हैं। यह योजना 31 दिसंबर 2024 तक लागू रहेगी।

परिवहन विभाग में कई गुड्स और पब्लिक कैरियर परमिट वाले वाहनों का लाखों का टैक्स बकाया है। इसमें ब्याज और अन्य पेनल्टी डालने के बाद राशि काफी अधिक बढ़ जाती है। परिवहन महकमे ने तीन साल पुराने मामलों में विशेष छूट देने का फैसला किया।

**परिवहन महकमे ने तीन साल पुराने मामलों में विशेष छूट देने का फैसला किया**

ट्रक, ट्रैक्टर, ट्राला, ऑटो रिक्शा, बस आदि सभी वाहनों के लिए अब गत्ता कॉपी अथवा अन्य किसी प्रकार की एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। टैक्स की पुरानी रसीद दिखाकर ही यह टैक्स जमा कराया जा सकता है। इससे व्यावसायिक वाहन मालिकों को एनओसी अथवा अन्य दस्तावेजों के लिए भी भटकना नहीं पड़ेगा। इससे पहले बकाया टैक्स चुकाने के लिए अलग आरटीओ ऑफिस में दर्ज वाहनों के लिए एनओसी तथा अन्य दस्तावेज प्राप्त करने होते थे। अब प्रक्रिया बिल्कुल आसान बना दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# सुधीर ने सुक्खू सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



रविंद्र जस्टा, शिमला। धर्मशाला से भाजपा के विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर 100 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, बीते तीन जून को हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के निदेशक मंडल ने 175 करोड़ रुपए कीमत का टेंडर 245 करोड़ रुपए में देकर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया है।

इस मीटिंग में कई सदस्य नहीं आए, क्योंकि उन्हें मालूम था कि टेंडर आवंटन में गड़बड़ी होने वाली है। बीओडी ने सिंगल बिडर कंपनी को टेंडर आवंटित कर दिया। सुधीर ने कहा, सिंगल टेंडर की वजह से वित्त विभाग पहले ही आपत्ति लगा चुका था। वित्त विभाग की आपत्ति को नजरअंदाज करते हुए बीओडी ने उत्तर प्रदेश की मेसर्ज भारत एंड कॉर्पोरेट लिमिटेड कंपनी को टेंडर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# अब संगीत और संगीत चिकित्सा में होगी एमएस और पीएचडी

अनिल शर्मा, मंडी

संगीत, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के बीच तालमेल बिठाकर व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों तरह की खुशहाली में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की जा सकती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड मेंटल हेल्थ एप्लीकेशन की ओर से संगीत और संगीत चिकित्सा में अद्वितीय एमएस बाय रिसर्च और पीएचडी कार्यक्रम शुरू कर रहा है।

इन कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक स्वीकार होंगे। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहेरा ने कहा कि आईआईटी मंडी भारतीय ज्ञान प्रणाली से संबंधित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को बढ़ाने के लिए समर्पित है। संगीत और संगीत चिकित्सा में एमएस और पीएचडी कार्यक्रम शोध आधारित होते हैं। इन कार्यक्रमों को करने के बाद, आप ऐसे विशेषज्ञ बन सकते हैं जो



संगीत के क्षेत्र में अनुसंधान कर सकते हैं और यह बता सकते हैं कि संगीत का लोगों के स्वास्थ्य और समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है।

प्रमुख सलाहकार, संगीत, नृत्य और विज्ञान के महानायक इस तरह के पहले कार्यक्रम में एकत्र हुए हैं। पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सोनल मानसिंह, कनाडा के यॉर्क विश्वविद्यालय के माननीय प्राध्यापक एवं ताल विशेषज्ञ प्रो. त्रिची संकरनय आईआईएस्सी बेंगलुरु के प्राध्यापक तथा प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. गौतम देसिराजू शामिल हैं। सीईओ सौम्या आचार्य ने कहा कि कला और विज्ञान, कल्याण और स्वास्थ्य के पहलुओं को जोड़ने वाले इस अनोखे कार्यक्रम में आईआईटी मंडी जैसे एक प्रमुख संस्थान के साथ सहयोगात्मक कार्य करना हमारे लिए सम्मान की बात है। (अनंत ज्ञान)

### क्या है आईकेएसएमएच केंद्र

आईकेएसएमएच केंद्र 2022 में स्थापित किया गया था। इसका नेतृत्व निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा कर रहे हैं। यह केंद्र शरीर, मन और चेतना के आपसी संबंधों को समझने के लिए वैज्ञानिक शोध और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है। यह समझ भारत की ज्ञान प्रणाली पर आधारित है, जिसका मानव शरीर, मानसिक स्वास्थ्य और समग्रता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। केंद्र में होने वाला शोध और शिक्षा योग, ध्यान, आयुर्वेद, पारंपरिक भारतीय चिकित्सा अनुसंधानए भारतीय प्रदर्शन कला आदि जैसे क्षेत्रों को शामिल करता है।

# निर्दलीय हरप्रीत सैनी के आने से नालागढ़ में 'तिकोना' मुकाबला

अनंत ज्ञान, बीबीएन

नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव का मुकाबला इस बार खासा रोचक नजर आ रहा है। भाजपा व कांग्रेस के बीच का मुकाबला अब आजाद प्रत्याशी हरप्रीत सैनी ने त्रिकोणीय बना दिया है। अब मुकाबला दो प्रत्याशियों के बीच न रहकर तीन के बीच होने जा रहा है। अब स्थिति यह हो गई है कि नालागढ़ उपचुनाव का महामुकाबला किसी भी तरफ जा सकता है और तीनों में से कोई भी प्रत्याशी बाजी मार सकता है। (अनंत ज्ञान)



हरप्रीत सैनी



हरदीप बावा



केएल ठाकुर

### भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी यहां खा रहे मार

भाजपा से प्रत्याशी केएल ठाकुर के लिए नेगेटिव प्वाइंट आजाद चुनाव जीतने के बाद भी इस्तीफा देकर फिर चुनाव लड़ना है तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पर लगा बाहरी टैग है, जबकि आजाद प्रत्याशी पर किसी तरह का कलंक नहीं है जो कि उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### इन प्रत्याशी के लिए फायदेमंद

कांग्रेस से प्रत्याशी हरदीप बावा के लिए प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाभदायक साबित हो रही है जबकि कांग्रेस भी इस मुद्दे को उठा रही है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है तो विधायक भी कांग्रेस का बनाना होगा। वहीं आजाद प्रत्याशी हरप्रीत सैनी के लिए स्वर्गीय पूर्व मंत्री हरिनारायण सैनी का भतीजा होना फायदेमंद साबित हो रहा है क्योंकि हरिनारायण सैनी ने ही पहली बार नालागढ़ में कमल खिलाया था और आज भी लोग उन्हें उनके कामों से याद करते है।

### कांग्रेस व भाजपा का वोट बैंक उठा सकता है आजाद

निर्दलीय प्रत्याशी हरप्रीत सैनी कांग्रेस व भाजपा को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। सैनी परिवार भी भाजपा से जुड़ा है और अधिकतम वोट बैंक भाजपा का है। वर्ष 2022 में आजाद चुनाव लड़कर 13 हजार की लीड से जीतने वाले केएल ठाकुर को फिर चुनाव लड़ रहे हैं और कई लोग केएल के फैसले से नाराज भी नजर आ रहे हैं, जिसका फायदा सैनी को मिल सकता है। इसके अलावा हरप्रीत सैनी भी सिख समुदाय से है और हरदीप बावा भी, जिसका फायदा सैनी को मिल सकता है।

**विधानसभा उपचुनाव** | पिछले दो विधानसभा चुनावों में महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों से 5 प्रतिशत ज्यादा

# जीत दिलाने के लिए महिलाओं की भागीदारी अहम

अनिल कुमार, हमीरपुर

विधानसभा हमीरपुर के उपचुनाव के लिए कुल 5 दिन शेष हैं। ऐसे में उम्मीदवारों का हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार जोरों पर है। लोकसभा के चुनाव हों या विधानसभा के महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रहती है।

महिलाओं का वोट किसी भी उम्मीदवार को जीत दिला सकता है। पिछले दो विधानसभा चुनावों पर नजर दौड़ाई जाए तो विधानसभा चुनाव 2017 में निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिला में कुल 69.23 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि वर्ष 2022 में मतदान की प्रतिशतता 71.28 रही।

इसमें पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का ज्यादा योगदान रहा। जिला में 77 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। लोकसभा 2024 के आम चुनावों में जिला का मतदान प्रतिशत 71.80 रहा है।



फाइल फोटो

यानी जिला में लगभग 76.37 प्रतिशत महिलाओं ने और 67.09 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

यदि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो लोकसभा चुनावों में मतदान 70.54 प्रतिशत रहा है। बता दें कि विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर में कुल 75, 603 मतदाता हैं, जिनमें से महिलाओं की संख्या 38,055 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 37,547 है। (अनंत ज्ञान)

### इस बार मुकाबला पुष्पिंद्र और आशीष में

विधानसभा चुनाव 2022 में 9 उम्मीदवार मैदान में थे और भाजपा के उम्मीदवार नरेंद्र ठाकुर को 12,794 वोट, कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा को 13,017 वोट और निर्दलीय उम्मीदवार आशीष शर्मा को 25, 916 वोट मिले थे। इन चुनावों में डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा दूसरे स्थान पर रहे थे और निर्दलीय उम्मीदवार आशीष शर्मा ने 12, 899 मतों से जीत हासिल की थी। उपचुनाव में केवल तीन ही उम्मीदवार हैं, लेकिन मुकाबला डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा और आशीष शर्मा के बीच है। अब देखना यह है कि इस बार मतदान कितने प्रतिशत रहता है और किसे जनता का आशीर्वाद मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जांबाज जवान अनिल कुमार सेना से रिटायर



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां क्षेत्र के तहत सद्दूं वरग्रां पंचायत के रहने वाले जांबाज सेना जवान अनिल कुमार फैजाबाद से रिटायर हो गए। अनिल कुमार 4 डोगरा रेजिमेंट से सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर सद्दूं वरग्रां गांव में शानदार समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। खासतौर से एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू और वुशू प्रतियोगिता में नेशनल गोल्ड मेडल जीतने वाले अरमान ठाकुर ने विशेष तौर पर अनिल कुमार को सम्मानित किया। एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि अनिल कुमार ने सेना में रहकर देशसेवा में अपना योगदान दिया है। यह पूरे इलाके के लिए गर्व की बात है।

### राजेश का गाना 'गुजरिया शगन मनाया' रिलीज



**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** कांगड़ा जिले के ज्वाली क्षेत्र और पंचायत पद्धर से संबंध रखने वाले युवा पहाड़ी लोक गायक राजेश डडवाल का नया गाना गुजरिया शगन मनाया भाली के एक होटल में रिलीज किया गया। गाने में संगीत जाने माने संगीतकार चिंतपूर्णी स्टूडियो ने दिया है और गाने को लिखा व निर्देशन विनोद चौधरी ने किया है। गाने में मनीष व शुशु कौशल ने बतौर अदाकारा भूमिका अदा की है। डडवाल ने बताया कि गाने को राजेश डडवाल ऑफिफशल यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। उन्होंने समस्त दर्शकों से अपील की है कि इस गाने को ज्यादा से ज्यादा शेयर व प्यार दें। इस मौके पर इस मौके पर हिमाचली गायक राज जैरी, समाजसेवी अमन राणा, ठाकुर संदीप सिंह समकारिया, साहिल मेहरा,अनिल इत्यादि मौजूद रहे।

### राकेश चौहान ने होशियार सिंह के लिए मांगे वोट




**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** भाजपा मंडल शाहपुर ने जिला महामंत्री राकेश चौहान और मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा के नेतृत्व में शाहपुर मंडल की टीम के साथ मंडल के महामंत्री जन्म सिंह ठाकुर मंडल के उपाध्यक्ष कृपाल संधू, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अरुण कौशल व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देहरा उपचुनाव को लेकर लंज के साथ लगती धार और मसरूर पंचायतों में मोर्चा संभाला और भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के लिए वोट मांगे।

### पुलिस ने 16 साल से भगोड़ा घोषित आरोपी दबोचा



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** करीब 16 साल से चोरी के मामले में भगोड़ा चल रहे एक आरोपित को पीओ स्टाफ की ओर से काबू किया गया है। जानकारी के अनुसार 16 साल पहले जिला पुलिस की ओर से आरोपित के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपित कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था तथा फरार होकर अलग-अलग जगहों पर रहने लगा। इसके कुछ समय बाद ही कोर्ट ने आरोपित को भगौड़ा करार दे दिया। अब पीओ स्टाफ को गुप्त सूचना मिली कि उक्त आरोपित दिल्ली में छिप छिपाकर रह रहा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त आरोपित को काबू कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### 'स्वामी विवेकानंद की संचार नीति' का किया विमोचन



**बबलू सूर्यवंशी, धर्मशाला।** देश अब अमृतकाल में प्रवेश कर गया है और उसके सामने अवसर एवं चुनौतियां दोनों बढ़ गई हैं। अवसरों का लाभ उठाने के लिए और चुनौतियों का सामना करने के लिए संचार पक्ष का मजबूत होना आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद की संचार नीति में भारतीय संचार प्रवाह को सशक्त करने के सभी गुण मौजूद हैं। ये बातें हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री ने कहीं। वह स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर डॉ. रविंद्र सिंह की पुस्तक स्वामी विवेकानंद की संचार नीति के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे।

### इक्विपड स्टेट पावर लिफ्टिंग की स्टेट चैंपियनशिप के शुभारंभ पर बोले उप मुख्य सचेतक पठानिया

# नई खेल नीति खिलाड़ियों को करेगी प्रोत्साहित

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रैत के 42 मील स्थित ओम पैलेस में हिमाचल प्रदेश पुरुष एवं महिला वर्ग इक्विपड स्टेट पावर लिफ्टिंग, बैंच प्रेस तथा डेड लिफ्ट सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर्स की 16 वीं प्रदेश स्तरीय चैंपियनशिप का शुभारंभ प्रदेश सरकार के उप मुख्य सचेतक एवं उपाध्यक्ष पावर लिफ्टिंग ऑफ इंडिया तथा हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष केवल पठानिया ने किया ।

तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 250 पुरूष एवं महिलाएं स्कॉट, बैंच प्रेस तथा डेडलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में अपने अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगें ।इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार की नई खेल नीति का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है । पुरस्कार राशि में वृद्धि खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ने के साथ खेलों में उत्कृष्टता हासिल होगी । प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिल सकेंगे। केवल पठानिया ने कहा कि आने वाले समय में पावर लिफ्टिंग को स्कूल स्तर पर शुरू किया जाएगा ।

प्रदेश की सुख सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी में बढ़ोतरी की है । केवल पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने कहा कि यहां से चयनित होने वाले प्रतिभागी कोलकता में 20 से 25 अगस्त तक चलने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगें ।उन्होंने लोक निर्माण,जल शक्ति,पुलिस, स्वास्थ्य तथा विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि कि इस प्रतियोगिता के लिए उन्हें हर सम्भव सहायता उपलब्ध करवाई जाए ताकि इसके संचालकों को किसी तरह की कठिनाई न आये । इस अवसर पर उन्होंने 51 हजार रुपए देने की घोषणा की । हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग के महासचिव अजित सिंह में कार्यक्रम के मुख्यातिथि तथा अन्य आये हुए मेहमानों का स्वागत किया तथा तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता बारे जानकारी दी।

इस अवसर पर एसडीएम शाहपुर करतार चंद, सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ सुशील शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग के महासचिव अजित सिंह, संयुक्त सचिव एवं जिप सदस्य सुलह ब्लॉक ध्रुव सिंह, प्रदीप बलौरिया, कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी विनय, नवनीत शर्मा,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अंकज सूद,अधिशासी अभियंता विद्युत अमित शर्मा , सहायक अभियंता जलशक्ति मोहम्मद रज्जाक, कार्यकारी बीएमओ डॉ साहिल महाजन, प्रधानाचार्य बलजीत, नप शाहपुर के उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया, पार्षद राजीव पटियाल, पंकज जम्वाल, योगी द्विवेदी, पवन धीमान, शैलाब जोशी,यश पंवर,सपना द्विवेदी, लोकेश नंदन, पैलेस संचालक ओम, हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोशिएशन के सदस्यों के इलावा प्रतिभागी खिलाड़ी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



इक्विपड स्टेट पावर लिफ्टिंग की स्टेट चैंपियनशिप के शुभारंभ पर पठानिया व अन्य।

#### फोरलेन निर्माण कार्य से लोग न हों प्रभावित

**उप** मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि फोरलेन कार्य के चलते लोग प्रभावित नहीं होने चाहिए। इस बावत शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिहवाँ से रजोल तक फोरलेन कार्य की समीक्षा करते हुए पठानिया ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस निर्माण के दौरान नागरिकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## अतुल भारद्वाज ने व्यवस्था परिवर्तन पर उठाए सवाल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने धर्मशाला में जनता के बीच यह घोषणा की थी कि केंद्रीय विवि स्थापना को लेकर 30 करोड़ रुपये की राशि को चुनाव के तुरंत बाद पांच तारीख को जमा करवा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री व उनके सिपहसलारों ने यह भी जनता ओर मीडिया में कई बार कहा कि यह राशि 30 करोड़ रुपए के बजाए अब 15 करोड़ रुपए जमा होनी है लेकिन चुनाव के बाद आज दिन तक यह राशि जमा नहीं हो सकी, जबकि दो पांच तारीखें निकल चुकी हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हुआ है। अतुल भारद्वाज ने कहा की मुख्यमंत्री एक जिम्मेदार पद पर बैठकर हिमाचल की जनता से झूठ बोल रहे हैं। अतुल भारद्वाज ने पत्रकारों से कहा कि इस बारे में कांग्रेस के लोगों से पूछा तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि पांच को धनराशि जमा करवा दी जाएगी। लेकिन जमा नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

# दुबई भेजने के नाम पर एक करोड़ की ठगी

## अमृतसर के पते पर भी नहीं मिला आरोपी, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला क्षेत्र के तहत करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अब तक करीब 6 लोगों से धोखाधड़ी होने की बात सामने आई है। हालांकि इसमें ठगी का शिकार हुए युवकों की संख्या के साथ ठगी की रकम के भी ज्यादा होने के आसार हैं। जानकारी के अनुसार दुबई भेजने के नाम पर आरोपी ने करीब एक करोड रुपए की रकम आधा दर्जन युवकों से ऐंठ ली तथा इसके बाद से वह व्यक्ति फरार है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार खुद को अमृतसर का निवासी बताने वाला शिवांकुर परिवार सहित पिछले 6 माह से मोहली में क्वार्टर लेकर रह रहा था। इस दौरान उसने संपर्क में आए कुछ युवाओं को अपने लिंक होने के चलते दुबई भेजने का झांसा दिया तथा उनके करीब एक करोड़ रुपए ऐंठ लिए। उसने तड़केवाला इंटरप्राइजेज नाम से एक कंपनी बनाई थी। युवकों की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

वहीं, जब आरोपी, उसकी बहन तथा जीजा के बैंक खातों को खंगाला गया तो वो खाली पाए गए। पासपोर्ट पर आरोपी के लिखे गए पते पर अमृतसर में जब युवकों ने अपने स्तर पर आरोपी की खोज की तो वह वहां से भी वहां भी नहीं मिला। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस की शरण ली तथा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मैक्लोडगंज में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 के तहत मरा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है तथा जांच के लिए पुलिस ने शुक्रवार को एसएचओ मैक्लोडगंज यादेश ठाकुर की अगुवाई में आरोपी के मकान मालिकों तथा पड़ोसियों से पूछताछ की, ताकि उसका कोई सुराग जुटाया जा सके। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# शातिरों ने पठानकोट के रिटायर्ड कर्मचारी से ठग लिए 60 लाख रुपए

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

जिला पठानकोट में सुजानपुर पुलिस ने ठगी के मामले में दो व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंधी जानकारी देते थाना प्रभारी नवदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता करता रामलाल निवासी गांव कैलाशपुर, सुजानपुर (पठानकोट) ने अपने साथ हुई करीब 60 लाख रुपए ठगी संबंधी जिला पुलिस कप्तान को दिए गए। वह ग्रेफ विभाग से सेवानिवृत्त हैं। वह अक्सर सुजानपुर स्थित एक सत्संग भवन में सेवा के लिए जाते थे और वहां गांव कैलाशपुर का रहने वाला एक व्यक्ति व उसकी पत्नी वहां सत्संग में आते थे। उक्त दोनों वहां मुलाकात उनसे अक्सर पूछते थे कि आपके कोई संतान नहीं है और हम रसूलदीन बाबा निवासी हाजीपुर तलवाड़ा को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। आपकी संतान इस समस्या का समाधान कर सकता है इसलिए मैं संतान प्राप्ति के लिए उनकी बातों में आ गया और फिर उन्हें ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद फिर उक्त व्यक्ति और उसकी पत्नी ने धोखे से मुझसे 60,000 रुपये नकद ले लिए,



फिर वह बाबा को अपने साथ हमारे घर ले आए। इस दौरान वह हमारे घर पर हवन आदि करने लगे और हमसे कहने लगे कि आपके घर की सही नही हैं और आपके घर में एक प्रेत आत्मा का वास है जो आपकी संतानोत्पत्ति में बाधा उत्पन्न कर रही है। आपको शमशान घाट पर हवन करना होगा जो आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। इस पर उक्त व्यक्ति एवं उसकी पत्नी ने उक्त बाबा के भुगतान हेतु हवन करने के संबंध में उनसे 4 नवंबर 2022 को 8 लाख नकद लिए थे। इसके बाद समय-समय पर हमें पैसे देने होंगे। अब तक वह उनसे करीब 60 लाख रुपए वसूल चुका है। उन्होंने जिला पुलिस प्रमुख से मांग की है कि उन्हें इंसाफ दिलाया जाए। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस सरकार जमकर उड़ा रही आचार संहिता की धज्जियां : परमार

**अनंत ज्ञान टीम, देहरा/धर्मशाला**

देहरा उपचुनाव में भाजपा के प्रभारी विपिन सिंह परमार ने कहा है कि देहरा में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरकारी मशीनरी के साथ साथ हेलिकॉप्टर का दुरुपयोग कर रहे हैं। परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यालय से आशा वर्करों को व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज देकर बुलाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। भाजपा ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाने की बजाए मुद्दों के ऊपर चुनाव लड़े। विपिन परमार ने कहा है कि कांग्रेस की चमक फीकी पड़ चुकी है जिसके चलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बौखलाहट में है। परमार ने कहा कि होशियार धरतीपुत्र हैं जनता ने दो बार उन्हे निर्दलीय जिताया है लेकिन कांग्रेस को बाहर के उम्मीदवारों के सहारे चलना पड़ रहा है। विपिन परमार ने कहा कि कांग्रेस ने पहले लोकसभा चुनावों में कांगड़ा-चंबा लोकसभा के लिए दिल्ली से प्रत्याशी बुलाया और देहरा उपचुनाव के लिए हमीरपुर से प्रत्याशी देना पड़ा। परमार ने कहा कि क्या कांग्रेस के पास देहरा के 80 हजार मतदाताओं में कोई ऐसी महिला नहीं थी जिसे कांग्रेस चुनाव लड़ाती। परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी को चुनाव लड़ने की क्या जरूरत थी। भाजपा नेता ने कहा कि लोकसभा चुनावों में मुख्यमंत्री को नादौन के लोगों ने इन्हे नकार दिया है देहरा की जनता भी इन्हे नकार देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जिन लोगों को सरकार चलाने का अनुभव नहीं वह हिमाचल को अपने तरीके से चलाना चाहते हैं। परमार ने सवाल पूछते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी के अलावा कमलेश ठाकुर की कौन सी योग्यता है जिसके बलबूते वह चुनाव लड़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

## देहरा में सुविधाओं की कमी के लिए कांग्रेस व भाजपा जिम्मेदार : सुलेखा

**सालबिया शर्मा, गरली।** देहरा से निर्दलीय प्रत्याशी सुलेखा चौधरी ने कहा है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी के लिए कांग्रेस व भाजपा प्रमुख रूप से जिम्मेदार रही हैं। विडंबना यह है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। मंगलवार को खबली, पाईसा, बगोली, झकलेहड़, बौगतां, बडा ब सुनेहत पंचायतों में नुक्कड़ जनसंवाद कार्यक्रमों में सुलेखा चौधरी ने कहा कि कई बार चुनाव हारने के बाद इन नेताओं से संबंधित दलों की सरकारें बनीं तो इन्हें निगम या बोर्ड के पद मिले, लेकिन इन नेताओं ने आम जनता की समस्याओं के समाधान की बजाय खुद के हितों को सर्वोपरि रखा। सुलेखा चौधरी ने कहा कि खुद को तथाकथित गरीब बताने वालों के प्राइम लोकेशन वाली जगहों पर पैलेस और शानदार घर हैं। जनता इनकी हकीकत पहचान चुकी है और अब इनकी बातों में नहीं आने वाली है। (अनंत ज्ञान)

## बिकाऊ विधायक को देहरा की जनता माफ नहीं करेगी : सुनील




**सालबिया शर्मा, गरली**

राजीव गांधी पंचायती राज ब्लॉक खंड देहरा के चेयरमैन सुनील चौहान ने देहरा के पूर्व विधायक ठाकुर होशियार सिंह के बहाने भाजपा पर खूब जमकर निशाना साधा। सुनील चौहान ने कहा कि भाजपा की जन श्रिरोधी नीतियों के कारण आज हिमाचल भर में विधानसभा के चुनाव हो रहे है। उन्होंने कहा कि बिकाऊ निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को देहरा की जनता इस बार कतई माफ नहीं करेगी।

उन्होंने होशियार सिंह पर निशाना साथते हुए कहा कि देहरा के लोगों ने उन पर भरोसा जताते हुए लगाकर दूसरी बार पांच वर्षों के लिए विधायक चुनकर विधानसभा शिमला भेजा था, लेकिन उन्होंने लोगो के उस भरोसे का भी मान नही रखा और अपने फायदे के लिए मात्र डेढ़ साल मे ही अपनी विधायकी बेच डाली। सुनील चौहान ने कहा कि देहरा की जनता पढ़ी लिखी है और अब देहरा विधानसभा क्षेत्र की जनता इन उपचुनावों में कतई माफ नहीं करेगी। यही कारण है कि भाजपा की गलत नीतियों से तंग आकर देहरा भर के कई भाजपा पदाधिकारियों के अलावा हजारों भाजपा कार्यकर्ता भी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं।

अब देहरा की आम जनता उपरोक्त उप चुनाव में होशियार सिंह को ज्यादा होशियारी की सजा जरूर देगी। सुनील चौहान आदि कार्यकर्ता इस दिनों कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश के लिए दिन रात डोर टू डोर अभियान छेड़ रखा है। (अनंत ज्ञान)

## स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट खनियारा के छात्रों का विदेशों में भी डंका

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट खनियारा धर्मशाला में पर्यटन राज्य में हॉस्पिटलिटी इंडस्ट्री में करियर बनाने में बड़ा मददगार बन रहा है। राज्य होटल प्रबंधन संस्थान के प्रिंसिपल का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि डिप्लोमा व अन्य डिग्री कोर्स चल रहे हैं। 2012 से शुरू किया गया था, पांच कोर्स फूड प्रोडक्शन व फ्रंट लाइन ऑफिस सहित अन्य कोर्स चल रहे हैं। संस्थान के छात्र देश भर के साथ-साथ विदेशों में भी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसमें दुबई, अमीरात, ओमान, सऊदी अरब, मालदीव, क्रू ज शिप, डेनमार्क सहित अन्य यूरोपीय कंट्री में भी पहुंचे हैं। छात्रों को नेशनल काउंसिल ऑफ होटल मैनेजमेंट व जवाहर लाल यूनिवर्सिटी के तहत छात्रों को ज्वाइंट सर्टिफिकेट प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब इंफ्रास्टक्चर डवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

एसएसपी पठानकोट सुहेल कासिम मीर की ओर से शुक्रवार को जिला पुलिस कार्यालय में डीएसपी, एसएचओ और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस मीटिंग के दौरान उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल के साथ जिले में कानून-व्यवस्था, नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों संबंधी जानकारी साझा की।

उन्होंने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने और जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसपी मीर ने कहा कि जिले में न तो ड्रग पैडलर्स और न ही किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि शांति और कानून बनाए रखना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है और असामाजिक तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शांति और कानून से जुड़ी अपनी किसी भी समस्या के लिए आम लोग उनसे सीधे कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने जिला पुलिस के काम में पारदर्शिता और ईमानदारी को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिले को नशे और गैंगस्टरों से दूर रखना, आम लोगों की सुरक्षा की पहली जिम्मेदारी होगी। (अनंत ज्ञान)

**सतर्कता** बीबीएमबी को प्रतिदिन जल स्तर के बारे में रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश

# ब्यास के जल स्तर की हो रही नियमित मॉनिटरिंग : डीसी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि भारी बारिश के चलते ब्यास नदी में जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। इस बाबत आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत बीबीएमबी को बांध में जल स्तर को लेकर प्रतिदिन प्रात: छह बजे तथा सायं चार बजे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट भेजना जरूरी होगा।


उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा

इसके साथ ही जल स्तर 1350 फीट तक पहुंचने पर पानी छोड़ना होगा ताकि बांध में जल स्तर डेंजर लेवल तक नहीं पहुंच पाए। इसके साथ ही पानी छोड़ने से पहले नीचे की तरफ बसे लोगों को अलर्ट करना भी जरूरी होगा ताकि गत वर्ष की तरह किसी भी तरह नुक्सान लोगों को नहीं झेलना पड़े।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि बारिश के दौरान हिमस्खलन, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा उपरी पहाड़ी भागों में जाने से परहेज करें इसके साथ ही खराब मौसम में ट्रैकिंग करना भी खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि नदी तथा नालों के आसपास भी लोगों को जाने के लिए मनाही की गई है ताकि किसी भी तरह से अप्रिय घटना नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि भारी बारिश को देखते हुए अनावश्यक यात्रा न करें, सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी प्रकार का जोखिम न उठाएं। (अनंत ज्ञान)


ब्यास नदी

#### राहत पुनर्वास को लेकर मुस्तैद प्रशासन

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि कि जिला प्रशासन राहत तथा पुनर्वास कार्य के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है तथा तमाम अधिकारी मशीनरी के साथ फील्ड में डटे हैं। जिले में जहां मार्गों पर भूस्खलन इत्यादि हो रहा है वहां पर जेसीबी जैसी मशीनरी भी तैनात की गई है।

#### कंट्रोल रूम में तत्काल दें सूचना

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने जिला वासियों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के टोल फ्री 1077 नंबर पर संपर्क करें। जिला मुख्यालय समेत सभी उपमंडलों में आपदा प्रबंधन केंद्र चैबीसों घंटे चालू हैं। जिला मुख्यालय समेत सभी उपमंडलों में आपदा प्रबंधन केंद्र खुले रहेंगे।

# 'कैच द रेन' अभियान के तहत 15 तक सभी विभागों से मांगी रिपोर्ट

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने कहा कि कैच द रेन अभियान के तहत सभी सरकारी संस्थानों में वर्षा जल संग्रहण ढांचे विकसित पर विशेष बल दिया जाएगा इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में वर्षा जल संग्रहण ढांचे विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं तथा सभी विभागों को कैच द रेन अभियान के तहत कार्यों की रिपोर्ट 15 जुलाई तक प्रेषित करने के लिए कहा गया है।

डीसी कार्यालय के सभागर में आयोजित कैच दे रेन अभियान के तहत डीसी कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने कहा कि इस बार कैच द रेन के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति थीम निर्धारित किया गया तथा इस बबात कांगड़ा जिला में ऐसे महिला समूहों को कैच द रेन अभियान के साथ जोड़ा जाएगा, जिन महिला समूहों ने पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण की दिशा में कार्य किया होगा। इस अवसर पर को जिला में ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, जल शक्ति विभाग तथा वन विभाग के माध्यम से निर्मित जल संग्रहण ढांचों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन द्वारा पूरे जिले में ऐसे जल निकायों और स्त्रोतो की मैपिंग की गई है, जो प्राकृतिक हैं और जिनमें पांच लाख लीटर से अधिक जल संग्रहित रहता है। बताया कि जिले में भूजल स्तर की कमी वाले क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण ढांचे तथा चेक डैम निर्मित करने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैच द रेन के तहत जल संरक्षण के लिए प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में मनरेगा के तहत वर्षा जल संग्रहण के लिए निर्मित किए जाने वाले ढांचों या चेक डैम के लिए बेहतर डिजाइन तैयार किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



भृगु (ऋग्वेद राज मल्होत्रा) को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## दी कृषि सहकारी सभा चनौर का 7 अगस्त को चुनाव

**पिंकी, डाडासीबा।** दी कृषि सहकारी सभा सीमित चनौर के सचिव राजेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सहकारी सभा का चुनाव 7 अगस्त को होना निश्चित हुआ है, जिसके अंतर्गत नामांकन पत्र 18 जुलाई को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन की वापसी 26 जुलाई को होगी। इसी दिन चुनाव चिन्ह का आवंटन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त को 11 बजे से लेकर तीन तक दी कृषि सहकारी सभा के लिए वोट डाले जाएंगे, उसके बाद तुरंत रिजल्ट की घोषणा होगी। (अनंत ज्ञान)

# एक साल के बाद भी नहीं बना हड़ोट के एंबुलेंस मार्ग का डंगा

## गांव के वार्ड दो और तीन के बाशिंदे बोले, रास्ते से आने-जाने में लगता है डर

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव हड़ोट मुख्य सड़क मार्ग से जाने वाला रास्ता वार्ड 2 और 3 के लोगों की सुविधा हेतु एंबुलेंस योग्य रास्ता बनाया गया था। पिछले वर्ष भारी बरसात होने के कारण इस रास्ते के तरफ बनाया गया डंगा एक तरफ पानी का तेज बहाव होने के कारण टूट गया था। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह टूटा हुआ डंगा आज दिन तक नहीं बन पाया है। अगर इस बार बरसात बहुत ज्यादा होती है तो लोगों को अपने घरों से मुख्य बाजार तक आना-जाना मुश्किल हो जाएगा।

इन दोनों वार्ड में अधिकतर बुजुर्ग लोग ही रहते हैं। लोगों को डिपो से राशन लाने के लिए जाना हो या फिर जयसिंहपुर सिविल हॉस्पिटल में उपचार करवाने जाना हो, इनके लिए एकमात्र यही रास्ता है। वार्ड निवासी अनीता देवी, राजकुमार, दौलत राम, आशा देवी, जगतवा देवी, वीणा देवी, बबीता देवी, रामो देवी, चमपा देवी का कहना है कि उन्हें इस टूटे हुए डंगे वाले रास्ते से आने व जाने में बहुत डर लगता है।

उधर, ग्राम पंचायत हड़ोट की प्रधान रागिनी देवी का कहना है कि इस टूटे हुए रास्ते को बनाने के लिए और साथ में डंगे को लगाने के लिए प्रपोजल बनाकर दे दिया गया है। जैसे ही सीमेंट, बजरी, रेता आता है, और साथ में मनरेगा में कार्य करने वाले लोगों के नाम जॉब कार्ड आते हैं, उसके बाद कार्य शुरू हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)



एंबुलेंस मार्ग का टूटा हुआ डंगा

### प्रशासन से लगाई डंगे की मरम्मत की गुहार

**इस** बार बरसात अभी शुरू ही हुई है और जब कभी भी भारी वर्षा होगी तो साथ नाले में पानी का वहाब बहुत तेज हो जाएगा। इस कारण यह रास्ता कभी भी पूरी तरह पानी के तेज वहाव में बह जाएगा। अगर रास्ता बह गया तो उनका जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत और जयसिंहपुर प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है कि जल्द से जल्द इस टूटे हुए रास्ते के साथ ही डंगे की भी मरम्मत की जाए, ताकि गांव में बीमार एवं बुजुर्गों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने में किसी प्रकार की कोई मुश्किल न हो।

# द हंस फाउंडेशन ने पनापर में जांचा 50 लोगों का स्वास्थ्य



पनापर में द हंस फाउंडेशन के स्वास्थ्य शिविर में जांच करवाने आए लोग।

**राकेश डोगरा, डरोह**

उपमंडल धीरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पनापर में द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान लगभग 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके साथ साथ निशुल्क दवाइयां बांटी गई एवं शुगर, रक्तचाप आदि के निशुल्क टेस्ट भी किए गए।

इस बीच मोबाइल मेडिकल यूनिट एक इकाई भवारना द्वारा स्थानीय लोगों को रोगों के बारे जागरूक किया गया, साथ ही साथ लोगों को सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया गया। स्थानीय लोगों ने द हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

आपको बता दें कि द हंस फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। इसके उपरांत चिकित्सक विशाल राणा ने लोगों को जलजनित रोग के बारे में विशेष जानकारी मुहैया करवाई। इस स्वास्थ्य शिविर में द हंस फाउंडेशन की ओर से चिकित्सा अधिकारी विशाल राणा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुमित कुमार, फार्मासिस्ट दुष्यंत, लैब टेक्नीशियन मनीषा, पायलट संजय कुमार ने अपनी सेवाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग आज होशियार सिंह के लिए करेंगे प्रचार



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शनिवार को देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह का प्रचार करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री इस दौरान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आधा दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित कर प्रचार को धार देंगे। अनुराग ठाकुर इस दौरान देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत बड्डल, ढलियारा, नैहरनपुखर, हार तथा देहरा में चुनाव प्रचार करेंगे। हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्वचक्षु ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर देहरा में एक दिवसीय दौरे के दौरान ताबड़तोड़ प्रचार करेंगे। अनुराग ठाकुर इस दौरान आधा दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल तैयार करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम नूरपुर ने की बैठक




**संजीव महाजन, नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम नूरपुर यूनिट की बैठक यूनियन के यूनिट के प्रधान मान सिंह की अध्यक्षता में विद्युत बोर्ड के विश्राम गृह वौढ़ में हुई। बैठक में यूनियन के पूर्व में रहे वरिष्ठ राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मोहल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बोर्ड के द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर लगाने के जो आदेश, जो टेंडर बोर्ड ने जारी किए हैं, तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए। क्योंकि एक स्मार्ट मीटर की कीमत करीब 10 हजार रुपए है, जबकि जो मीटर अभी घर में लगा है, उसकी कीमत मात्र 500 रुपए है। बैठक में यूनिट के मुख्य सलाहकार जटू राम फोरमैन कोषाध्यक्ष अशोक कुमार जवाली यूनिट के सचिव रमेश चंद्र चौधरी, सुभाष चंद्र चौधरी, मुल्तान सिंह, चितरंजन प्रसाद, भारत भूषण, रमेश चंद तथा कुलदीप सिंह उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में मिशन शक्ति के अंतर्गत परागपुर ब्लॉक में 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, पालना, शक्ति सदन (स्वाधार गृह) के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में अप्रैल 2023 से जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र की स्थापना की गई है जिसमें मिशन शक्ति के तहत सभी योजनाओं के सुचारू रूप से कार्यान्वयन व उनकी समीक्षा एवं निगरानी इस केन्द्र द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कानूनी सलाहकार वन स्टॉप सेन्टर कांगड़ा के द्वारा भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत महिलाओं से सम्बन्धित सभी कानूनों जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यालय स्तर पर महिलाओं से यौन उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 और बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 इत्यादि के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रागपुर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### घरों में घुसा कूहल का पानी, सड़क बनी नाला



**अजय पाल, पंचरुखी।** शुक्रवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश से पंचरुखी क्षेत्र की खड्डें व नाले पूरे उफान पर रहे। भारी बारिश से इलाके के कई घरों मे पानी घुस गया। मझेनु गांव में घरों मे पानी घुस जाने से अफरताफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि खेतों की सिंचाई के लिए जो गांव मे कूहल बनी है, उसमें जल शक्ति विभाग ने पाइपें बिछा दी हैं, जिसके कारण कूहल में कूड़ा-कचरा फंस जाने से कूहल बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि बारिश होने पर कूहल का सारा पानी घरों मे घुस गया। कूहल के पानी ने गांव के लिए बनी सड़क को भी तहस नहस कर नाले में तब्दील कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि अभी तो बरसात शुरू हुई है, अगर समय रहते इसका हल नहीं निकाला तो आगे बहुत नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि जो पानी की पाइपें कूहह में बिछा दी हैं, उन्हें वहां से हटा लें, ताकि कूहल में कोई कचरा न फंसे। इस बारे जब जल शक्ति विभाग पंचरुखी के कनिष्ठ अभियंता से बात करनी चाही तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। (अनंत ज्ञान)

# धर्मगुरु दलाईलामा के जन्मदिन पर सिक्किम के सीएम होंगे मुख्यातिथि

## मैक्लोडगंज के चुगलाखंग बौद्ध मठ में होगा कांगड़ी धाम का आयोजन

**सीमा शर्मा। मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के जन्मदिन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। धर्मगुरु के जन्मदिन समारोह में सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान चुगलाखंग बौद्ध मठ में कांगड़ी धाम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शाम को टिपा में सांस्कृतिक कार्यक्रम तिब्बती कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहाड़ी कलाकारों के भी शिरकत करने की संभावना है।



गौरतलब है कि 14वें दलाईलामा तेंजिन ग्यत्सो का जन्म 6 जुलाई 1935 को उत्तर-पूर्वी तिब्बत के ताकस्तेर में हुआ था। दलाईलामा 6 दशक से भारत के अतिथि हैं। धर्मगुरु दलाईलामा का जन्मदिन तिब्बती समुदाय के सबसे भव्य आयोजनों में से एक होता है।

धर्मगुरु के जन्मदिन समारोह में देश-विदेश से बौद्ध अनुयायी व बौद्ध भिक्षु मैक्लोडगंज पहुंचते हैं। निर्वासित तिब्बतियों द्वारा मनाए जाने वाले कार्यक्रमों में धर्मगुरु का जन्मदिन अहम स्थान रखता है। धर्मगुरु के जन्मदिन को निर्वासित तिब्बती पर्व की तरह मनाते हैं, ऐसे में देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों से भी तिब्बती व बौद्ध अनुयायी, धर्मगुरु के जन्मदिन कार्यक्रम में शिरकत करना नहीं भूलते। (अनंत ज्ञान)

# देहरा उपचुनाव : होशियार जीते तो हैट्रिक, कमलेश जीतीं तो विधानसभा में होगी महिलाओं की तिकड़ी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर सियासी माहौल पूरे चरम है। सीएम की पत्नी के चुनाव लड़ने के साथ ही देहरा अब हॉट सीट बन गई है। इसलिए पूरे हिमाचल की नजरे देहरा के चुनावी नतीजों को लेकर टिकी हैं।

देहरा के नतीजों में इसलिए भी लोगों की रुचि बढ़ गई है क्योंकि यहां से प्रदेश सरकार के मुखिया की पत्नी चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा 3 का आंकड़ा देहरा चुनाव को और रोचक बना रहा है। लोगों में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि इस बार जीत किसी की हो, परंतु देहरा एक नया अध्याय जरूर लिखेगा। देहरा में बन रहे 3 के संयोग की बात करें तो अगर देहरा से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर की जीत होती है, तो विधानसभा में नारी शक्ति का आंकड़ा 3 हो जाएगा क्योंकि भाजपा की रीना कश्यप और कांग्रेस की अनुराधा पहले से विधायक हैं। दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह को जनादेश मिलता है तो वह लगातार तीसरी बार विधायक बनकर इतिहास रचेंगे। भाजपा प्रत्याशी इससे पहले दो बार बतौर आजाद चुनाव जीत चुके हैं।



होशियार सिंह



कमलेश ठाकुर

यहां कांग्रेस और भाजपा की प्रतिष्ठा भी दांव पर लग चुकी है क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी सीएम की पत्नी हैं, इसलिए कांग्रेस के जीत दर्ज करना हर हाल में जरूरी रहेगा, वहीं, होशियार को राज्यसभा चुनाव में भाजपा का साथ देने के बदले में दोबारा मैदान में उतरना पड़ा है, इसलिए यहां से भाजपा भी जीत के लिए पूरा जोर लगाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 84491 वोटर्स के हाथ में है फैसला

**देहरा** में मतदाताओं की संख्या 84491 है, जिनमें 42000 पुरुष तथा 42491 महिला मतदाता हैं। यहां मतदान के लिए 100 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे। सभी बूथों पर स्थायी न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश डीसी कांगड़ा ने जारी कर दिए है। इस बार प्रशासन ने मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक भी किया गया। मतदान से कोई वंचित न रहे इसलिए बुजर्गों से घर पर मतदान करवाया गया है।

## लोकसभा चुनाव के दौरान सफाई कर्मियों ने किया प्रशंसनीय कार्य

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने लोकसभा चुनाव 2024 में साफ सफाई की अहम जिम्मेदारी निभाने वाले सफाई कर्मचारी जोगिंदर सिंह और संजय कुमार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा इन कर्मचारियों ने चुनावों के ट्रेनिंग कार्यस्थल पालीटेक्निक कांगड़ा में समस्त ट्रेनिंग कार्यक्रम दौरान और अन्य दिनों में भी निरंतर सफाई का कार्य बखूबी निभाया। उन्होंने सफाई नोडल अधिकारी रमाकांत और समस्त सफाई कर्मियों के कार्य की प्रशंसा की। (अनंत ज्ञान)

# बैजनाथ पुलिस के अतिक्रमण हटाओ अभियान की दुकानदार भी कर रहे तारीफ

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ में पुलिस द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर अब दिखने लगा है। इसके साथ-साथ स्थानीय दुकानदार भी पुलिस की कार्रवाई की तारीफ कर रहे हैं। गौरतलब है विधानसभा क्षेत्र के दोनों मुख्य बाजारों बैजनाथ तथा पपरोला में अतिक्रमण की वजह से आए दिन जाम लगना आम बात हो चुकी थी। इसकी वजह से कुछ लोगों ने तो सोशल मीडिया में पुलिस को बिना वजह ही कोसना आरंभ कर दिया था। इन सारी घटनाओं का नवनियुक्त डीएसपी अनिल शर्मा ने कड़ा संज्ञान लिया तथा अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापारियों को विश्वास में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी। अब डीएसपी अनिल शर्मा की इस कार्रवाई के जहां सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं, वहीं स्थानीय लोग भी पुलिस की कार्रवाई को सराह रहे हैं। इस संबंध में जब दुकानदारों से राय जानी तो सभी ने पुलिस कार्रवाई का समर्थन किया।

बैजनाथ के प्रमुख व्यापारी आनंद भूषण शर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई बहुत जरूरी हो गई थी जाम की वजह से बाजार में कारोबार कम हो रहा था। वहीं, अमित राठौर कहना है कि यहां पर तो ग्राहक रुकता है नहीं था जिसकी वजह यह थी कि अतिक्रमण की वजह से यहां पर ग्राहक 1 मिनट भी अपनी गाड़ी खड़ी नहीं कर सकता। युवा व्यापारी सचिन अवस्थी का कहना है कि रेहडी फड़ी को सड़क से हटाना तो ठीक बात है परंतु इनके लिए उचित स्थान का भी प्रबंध करना चाहिए। सतवंत शर्मा, संजय शर्मा और नरेश सूद ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। (अनंत ज्ञान)

# सुक्खू सरकार ने अपने सुख के लिए जनता को किया दुखी : अरुण मेहरा

**शुभम शर्मा, देहरा**



नगरोटा बगवां के पूर्व भाजपा विधायक अरुण कुमार मेहरा (कूका) ने कहा कि अपने सुख के लिए सुक्खू सरकार ने लोगों को दुख की दलदल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है तक से जनता परेशानी के आलम में जीने को मजबूर है।

नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक ने कहा कि बेरोजगार सड़कों पर है तो महिलाएं 1500 रुपये के लिए दर-दर भटक रही है। किसान गोबर को लेकर परेशान है। दूध बेचने वाले इंतजार कर रहे हैं कि सुक्खू सरकार कब दूध खरीदना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि 15 माह के शासन में सुक्खू सरकार प्रदेश में अब तक के सबसे असफल व गैर-जिम्मदाराना मुख्यमंत्री साबित हुए है।

सुक्खू को ना तो भाषा और न ही परिभाषा का ज्ञान है। अरुण मेहरा ने आरोप लगाया कि उपचुनावों में सुक्खू सरकार तानाशाही पर उतर आए है। देहरा में पत्नी की जीत के लिए सरकार ने दहशत का माहौल बना डाला है। गांवों की गलियों में पुलिस व कमांडो से गश्त करवाई जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के चुनाव को दी धार: विश्व चक्षु

**शुभम शर्मा, देहरा।** प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों में हॉट सीट बनी देहरा में विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का दौरा भाजपा प्रत्याशी होशियार के प्रचार को चुनावी धार दे गया है। भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने देहरा में 600 करोड़ योजनाओं की सौगात दी थीं। देहरा में चुनाव प्रचार के दौरान जयराम ठाकुर ने अपने कार्यकाल में जहां देहरा विस क्षेत्र में करोड़ों रुपए की योजनाओं की याद जनता को दिलवाई, वहीं सुक्खू सरकार के 18 महीने के शासन काल में एक फूटी कोड़ी भी खर्च न किए जाने के बारे में भी लोगों को बताया। (अनंत ज्ञान)



## प्रशिक्षण | धर्मशाला पहुंचे 5 राज्यों के प्रशिक्षुओं ने किया सुक्कड़ नर्सरी का अवलोकन

# प्रशिक्षु वन अधिकारियों ने सीखा पेड़ उगाना

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

देश के पांच राज्यों के प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी शुक्रवार को धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारियों ने सुक्कड़ नर्सरी का अवलोकन किया तथा यहां पेड़ों को उगाई जाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण लिया। इसके अलावा इन प्रशिक्षु अधिकारियों ने धर्मशाला क्षेत्र में होने वाले पेड़ पौधों के बारे में जानकारी ली।

बताते चलें कि प्रशिक्षण के लिए देश के महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, केरल, उड़ीसा तथा छत्तीसगढ़ के वन परिक्षेत्र प्रशिक्षु अधिकारी हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदर नगर में चल रही अपनी डेढ़ साल की ट्रेनिंग के चलते धर्मशाला पहुंचे थे। इस दौरान एसीएफ दौलत राम तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मशाला सुमित शर्मा, प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ मौजूद रहे तथा उन्हें महत्पूर्ण जानकारी दी।



धर्मशाला पहुंचे 5 राज्यों के प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी(

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मशाला सुमित शर्मा ने बताया की प्रशिक्षण के चलते इन प्रशिक्षु अधिकारियों को पूरे भारत का भ्रमण करवाया जाएगा ताकि इन युवा अधिकारियों को देश में पाए जाने वाली पौधों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में व्यापक जानकारी मिल सके तथा यह अधिकारी उन पेड़ों की प्रजातियां को नजदीक से देख सके तथा विश्लेषण कर सकें। (अनंत ज्ञान)

# सुख की सरकार ने लगा दी दुखों की झड़ी : मुल्ख राज

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

प्रदेश की सुख की सरकार ने प्रदेश की जनता को सुख तो दिया नहीं,अपितु दुखों की झड़ी लगा दी है। उक्त शब्द पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने कहे। उन्होंने कहा कि सरकारों का कार्य जनकल्याण के कार्य व जनहित में निर्णय लेना है, लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जन आरोग्य समिति जिसे पूरे देश में लागू किया है तथा 2021 में तत्कालीन भाजपा सरकार में इसे प्रदेश में भी लागू करने के लिए नोटिफिकेशन जारी की गई है। इसके अंतर्गत किसी भी व्यक्ति से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य वेलनेस केंद्रों, हेल्थ सब सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पताल में किसी तरह के कोई भी यूजर चार्जेस, फीस नहीं ली जाएंगी, लेकिन मौजूदा प्रदेश सरकार के शासन में पूर्व सरकार की नोटिफिकेशन व जन आरोग्य समिति के आदेशों को दरकिनार करते हुए लोगों से ड्राइविंग व अन्य लाइसेंस, मेडिकल सर्टिफिकेट्स की फीस के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं। जन आरोग्य समिति के नियम, जोकि आयुर्वेदिक चिकित्सालय, आयुष वेलनेस सेंटर व डिस्पेंसरियों में भी लागू होते हैं, लोगों से ड्राइविंग या अन्य लाइसेंस बनाने के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट की फीस वसूली जा रही है। (अनंत ज्ञान)



# नई टिकट मशीनों से मुसीबत में कंडक्टर

## हमीरपुर डिपो में एक टिकट को निकालने में कई बार लग रहे दो से पांच मिनट

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम डिपो हमीरपुर में नई टिकट मशीनों ने कंडक्टरों को मुसीबत में डाल दिया है। उन्हें एक टिकट को निकालने में कई बार दो से पांच मिनट का समय लग रहा है, ऐसे नियम के कारण कंडक्टरों को बस को क्लीयर करना मुश्किल होता जा रहा है। एचआरटीसी डिपो हमीरपुर ने जब से नई टिकट मशीनें कंडक्टरों को दी हैं, तब से कंडक्टरों की मुश्किलें कम होने की बजाय और बढ़ने लगी हैं।

सूत्रों की मानें तो निगम की नई टिकट मशीनों में एक-एक टिकट निकालने के लिए मशीन दो से पांच मिनट का समय लगा रही है। कई बार मशीन में सर्वर 10 से 20 मिनट तक घूमता रहता है और आगे नहीं बढ़ता है, ऐसे में कंडक्टरों को बस समय पर क्लीयर करना मुश्किल हो गया है। हालांकि निगम ने कंडक्टरों को साफ निर्देश दिए हैं कि कंडक्टर



नई टिकट मशीनों ने कंडक्टरों को बनी मुसीबत

नई टिकट मशीनों से ही यात्रियों के टिकट काटेंगे। अगर कोई मशीन बीच रूट में हैंग हो जाती है, तो कंडक्टरों को मैनुअल टिकट काटने के निर्देश दिए गए हैं, ऐसे में नई टिकट मशीनों में कंडक्टरों को बस समय पर क्लीयर करना मुश्किल हो गया है।

निगम के एक कंडक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि नई टिकट मशीनें जब से डिपुओं में आई हैं, कंडक्टरों की मुश्किलें बढ़ाकर रख दी हैं। क्योंकि लोकल रूटों से स्टेशन ही गायब कर दिए हैं। यही नहीं कई बार अगर कोई यात्री टिकट की ऑनलाइन पेमेंट करता है, तो मशीन हैंग हो जा रही है। इसके अलावा कई बार नई मशीनों में कई बार यात्रियों के टिकट के पैसे कट जा रहे हैं, लेकिन मशीन टिकट नहीं निकाल रही है।

निगम की बसों में अब कंडक्टर बस के चलने से 10 मिनट पहले से ही टिकट बनाना शुरू कर रहा है, ताकि बस समय पर क्लीयर हो सके। हालांकि कई बार सर्वर की समस्या के चलते लोकल यात्रियों को समय पर कवर कर पाना मुश्किल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि मेड इन चाइना की मशीनों को हरियाणा में इसी वजह से रिजेक्ट किया गया था, ऐसे में मेड इन चाइना की टिकट मशीनों ने निगम के कंडक्टरों की मुसीबतें बढ़ा दी है। निगम के कंडक्टर भी दबे स्वर में यही कह रहे हैं कि इससे तो पुरानी टिकट मशीनें ही कई दर्जे अच्छी थीं।

वहीं, निगम के उपमंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक का कहना है कि नई टिकट मशीनें ऑनलाइन हैं। ऐसे में लोकल रूटों से जो स्टेशन गायब हुए हैं, उन्हें डिपुओं में अपने स्तर पर ऐड किया जा रहा है। बस रूट में अगर कोई मशीन हैंग हो जाती है, तो कंडक्टरों को मैनुअल टिकट काटने के भी निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# विधानसभा उपचुनाव में जीत दिलाने के लिए महिलाएं की भागीदारी अहम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**पिछले दो विधानसभा चुनावों में महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों से 5 प्रतिशत ज्यादा**

विधानसभा हमीरपुर के उपचुनाव के लिए कुल 5 दिन शेष हैं। ऐसे में उम्मीदवारों हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार जोरों पर है। लोकसभा के चुनाव हों या विधानसभा के महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रहती है। महिलाओं का वोट किसी भी उम्मीदवार को जीत दिला सकता है।

पिछले दो विधानसभा चुनावों पर नजर दौड़ाई जाए तो विधानसभा चुनाव 2017 में निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिला में कुल 69.23 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि वर्ष 2022 में मतदान की प्रतिशतता 71.28 रही। इसमें पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का ज्यादा योगदान रहा। जिला में 77 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

लोकसभा 2024 के आम चुनावों में जिला का मतदान प्रतिशत 71.80 रहा है। यानी जिला में लगभग 76.37 प्रतिशत महिलाओं ने और 67.09 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यदि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो लोकसभा चुनावों में मतदान 70.54 प्रतिशत रहा है। बता दें कि विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर में कुल 75603 मतदाता हैं, जिनमें से महिलाओं की संख्या 38055 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 37547 है। विधानसभा चुनाव 2022 में 9 उम्मीदवार मैदान में थे और भाजपा के उम्मीदवार नरेंद्र ठाकुर को 12794 वोट, कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा को 13017 वोट और निर्दलीय उम्मीदवार आशीष शर्मा को 25916 वोट मिले थे।

इन चुनावों में डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा दूसरे स्थान पर रहे थे और निर्दलीय उम्मीदवार आशीष शर्मा ने 12899 मतों से जीत हासिल की थी। उपचुनाव में केवल तीन ही उम्मीदवार हैं, लेकिन मुकाबला डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा और आशीष शर्मा के बीच है। अब देखना यह है कि इस बार मतदान कितने प्रतिशत रहता है और किसे जनता का आशीर्वाद मिलता है। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## हमीरपुर के कई क्षेत्रों में 6-7 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते हमीरपुर शहर के साथ लगते कई क्षेत्रों में 6 और 7 जुलाई को बिजली बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि 6 जुलाई को अणु, डिग्री कॉलेज, आकाशवाणी केंद्र, एनआईटी, खास ग्रां, घरयाणा ब्राह्मणा, ककरू और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। इसी प्रकार, 7 जुलाई को विद्युत उपमंडल कार्यालय एवं विश्राम गृह अणु, हीरानगर, गंदा नौण, केंद्रीय विद्यालय, घरियाणा, श्यामनगर, आयकर विभाग कार्यालय, मटाहणी, गोपाल नगर, एडीआर सेंटर, नडियाणा, झनियारा और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

## आज इन क्षेत्रों में रहेगी बिजली सेवा बाधित

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन के 33 केवी विद्युत सब स्टेशन रंगस के अंतर्गत आने वाले 11 केवी कांगू दंगड़ी फीडर पर पेड़ों की टहनियां काटने के लिए बिजली सेवा 6 जुलाई को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बूणी, जमनोटी, घरठूं, कूना, तूतरू, बढ़वाल आदि में पूर्ण रूप से वाधित रहेगी। विद्युत सब स्टेशन रंगस के एसडीओ संदीप सांगल ने कहा कि यदि किसी कारण बस इस दिन मौसम खराब रहता है तो यह कार्य 7 जुलाई को किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कल मरम्मत के चलते बिजली रहेगी बाधित

**शशि सोनल, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के सब स्टेशन गगाल के अंतर्गत आने वाली 132 केवी, 33,11 केवी नादौन फीडर की विद्युत लाइनों की मरम्मत व उचित रखरखाव विद्युत विभाग द्वारा 7 जुलाई को किया जाना है। इसलिए 7 जुलाई को प्रातः 8 से शाम 6 बजे तक नादौन बस स्टैंड, नगारड़ा, कोट, एपीआर काम्पलैक्स तथा इसके आसपास के क्षेत्र में बिजली बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के एसडीओ अक्षय कुमार ने बताया कि बारिश हुई तो यह कार्य 8 जुलाई को किया जाएगा। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने का आग्रह किया है।

## पेंशनर्स ने मांगी एरियर की अदायगी

**शशि सोनल, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। इसमें जनवरी 2016 व जनवरी 2021 के बीच के पेंशनर्स की फिक्सेशन व बकाया की अदायगी न होने, लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी, कैमुटेशन व रिवाइजड पेंशन का 80 प्रतिशत बकाया की अदायगी न होने तथा मंहगाई भत्ते की किस्तों बारे चर्चा की गई। सरकार द्वारा जो डीए की किश्त दी गई है उसका एरियर जल्द से जल्द दिया जाए तथा सरकार से शीघ्र भुगतान किए जाने का आग्रह किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पीडी शर्मा ने की। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव विजय चौधरी, राम सिंह आंनद, धर्म सिंह मिन्हास, ओम प्रकाश शर्मा, डॉ. कुलदीप गढ़वाल, जगन्नाथ शर्मा, शिव कुमार आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के चुनाव 22 को

**अशोक कुमार, गलोड़।** द गाहलियां कृषि सेवा सहकारी सभा समिति गाहलियां स्थित कोहलबीं तहसील गलोड़ की प्रबंधक कमेटी के चुनाव 22 जुलाई को सुबह 10 से शाम 2 बजे तक सभा कार्यालय में करवाए जाएंगे, इसके लिए 6 जुलाई को सुबह 11 से शाम 3 बजे तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। सहकारी सभा के सचिव अजय कुमार ने बताया कि जो भी इच्छुक व्यक्ति इन चुनावों में हिस्सा लेना चाहता है, वे अपने-अपने वार्ड से दो सदस्य समर्थक सदस्यों को अपने साथ नामांकन के समय साथ में लेकर जरूर आए चुनाव से संबंधित सभी सूचनाएं सभा सचिव या सूचना पटल से ली जा सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

## आरुषि शर्मा का चयन जेएनवी डूंगरी में



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरेड़ी की छठी कक्षा की छात्रा आरुषि शर्मा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के लिए हुआ है। स्कूल प्रधानचार्य दीपा शर्मा ने आरुषि को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और स्कूल प्रबंधन समिति ने आरुषी के जेएनवी में चयन पर खुशी जताई व अभिभावकों को भी बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

## 75 वर्षीय प्रवासी बुजुर्ग लापता, ढूंढने की गुहार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर के अंतर्गत ढटवाल क्षेत्र से 75 वर्षीय बुजुर्ग अचानक लापता हो गया है, जो कि प्रवासी परिवार से संबंध रखता है। यह परिवार पिछले लगभग एक सप्ताह से संघीया दा टियाला के पास सड़क निर्माण कार्य में लगा हुआ है। प्रवीण कुमार ने बताया कि उसके पिता टीकाराम गांव दहमिया डाकघर चंदेली जिला हरदोई यूपी के रहने वाले हैं। 30 मई के दिन उसके पिता काम की साइट पर पहुंचे तथा अकेले ही क्वार्टर की तरफ निकल गए, लेकिन वह आज दिन तक घर नहीं पहुंचे। उन्हें एक आंख से कम दिखाई देता है। प्रवीण का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति उनके पिता को ढूंढने में मदद करता है, तो उसे 5000 का इनाम दिया जाएगा। चौकी प्रभारी बिझड़ी अनिल का कहना है कि गुमशदा की शिकायत दर्ज हुई है। बुजुर्ग व्यक्ति की तलाश की जा रही है।



## कांग्रेस के तीनों प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे : वर्मा

**ए कुमार, सुजानपुर।** सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के तीनों प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। षड्यंत्र की राजनीति करने वाले, राजनीति में झूठ, फरेब, धनबल का इस्तेमाल करने वालों को जनता पसंद नहीं करती है। यह बात सुजानपुर के मतदाताओं ने साबित कर दी है। सुजानपुर में राजेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की ईमानदारी, सत्य प्रियता व कर्तव्यनिष्ठा पर उंगली उठाना बेमानी और औचित्यहीन है। पूर्व विधायक का यह कहना कि मुख्यमंत्री ने झूठ बोलने में पीएचडी कर रखी है, इसे सुजानपुर की कांग्रेस सहन नहीं करेगी। झूठे तो वह स्वयं हैं और सच और झूठ की लड़ाई में वह हार चुके हैं। इस अवसर पर राजकुमार शर्मा, कैप्टन चमेल सिंह, मनोज ठाकुर, विनय शर्मा, मनोज शर्मा, राकेश कटोच व सोनिया आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



राजेंद्र वर्मा व अन्य।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में जांची बुजुर्गों की सेहत



आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मुंडखर में बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाले आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मुंडखर में बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. देशराज वर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस शिविर में 50 से अधिक बुजुर्गों का हिमोग्लेबिन व शुगर की जांच की तथा निशुल्क दवाइयों को वितरण किया गया। इस दौरान शिविर में मुंडखर आयुश स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. विजेंद्र सिंह बैंस, डॉ. ममता चौधरी खतरवाड, डॉ. अराधना बाहन्वीं, फार्मासिस्ट पवन कुमार, हेमलता कुमारी, रॉकी भारद्वाज, आशा वर्कर निरंतला देवी, अनीता देवी, बबली, स्नेह लता व राजकुमार ने अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर मुंडखर पंचायत प्रधान माया देवी, उपप्रधान कमल प्रकाश ठाकुर, रतनी देवी, शशिवाला, कश्मीर सिंह, बलवंत सिंह, पार्वती देवी, करतार सिंह व अन्य बुजुर्ग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रवक्ता पहले अपने विकास गिनवाएं: सुमित



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमित शर्मा ने कांग्रेस प्रवक्ता पर हमला करते हुए बोला कि वह अपने आंकड़ों को दुरुस्त करने बाद ही प्रेस के सामने बयान जारी किया करें। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने कभी भी कॉन्ट्रैक्टरशिप नहीं की है, बल्कि उनके परिवार के लोगों द्वारा संचालित कंपनी द्वारा ये सारे काम किए गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता झूठ बोलकर और गलत आंकड़े मीडिया के सामने रखकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सुमित शर्मा ने कांग्रेस के प्रवक्ता और नेता उपचुनाव में झूठ के सहारे जनता को गुमराह करके वोट हासिल करना चाहते हैं, लेकिन हमीरपुर की प्रबुद्ध जनता कांग्रेस की असलियत जानती है और चुनावों में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षा विभाग में 2017 से आज तक 2000 प्रिंसिपल नहीं हो पाए रेगुलर

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि खुशी की बात है कि एक माह के अंदर अलग-अलग कैटेगरी में प्रिंसिपल और लेक्चरर की प्रमोशन जल्द ही होने वाली है।

इसके अलावा शिक्षा विभाग में दो साल का कांट्रेक्ट पूरा करने वाले कर्मचारी अभी तक नियमित नहीं हो पाए हैं। इसके लिए शिक्षा निदेशकों से लंबी बातचीत हो चुकी है और उम्मीद जताई जा रही है कि एक-दो दिन के भीतर शिक्षा विभाग में दो साल का पीरियड पूरा करने वाले कर्मचारी नियमित हो जाएंगें। इसके अलावा ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर भी शिक्षक लंबे समय से आवाज उठाते आए हैं, जिसे लेकर प्रदेश सरकार से बातचीत चल रही है। ट्रांसफर पॉलिसी को 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में लाने पर जोर दिया जा रहा है। शिक्षा विभाग में 2017 से आज तक 2000 प्रिंसिपल रेगुलर नहीं हो पाए हैं। इनमें से कुछेक बिना रेगुलर ही सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस मुद्दे को कैबिनेट में लाने की मांग प्रदेश सरकार से की जा रही है, ताकि उक्त प्रिंसिपल जल्द नियमित हो सकें। इसके अलावा स्कूलों में प्री-नर्सरी टीचर रखने के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)



हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान प्रेस वार्ता करते हुए।

# राजस्व विभाग पर लगाए एकतरफा कार्रवाई के आरोप

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

बड़सर में राजस्व विभाग की कार्रवाई पर बुढाण गांव की कमला देवी व सुरेश कुमार ने सवाल उठाया है। उन्होंने राजस्व विभाग पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनका पुश्तैनी मकान लाल लकीर में बना है और इसे बने हुए 50 वर्ष से भी अधिक समय हो चुका है। इस मकान में कमला देवी परिवार के साथ रहती है। इन लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग द्वारा कोई भी समन और सूचना दिए बिना फैसला कर दिया गया और मकान को हिमाचल सरकार के नाम कर दिया। इस बारे में 1100 के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को भी शिकायत 1014231 नंबर के माध्यम से भेज दी गई है।

**7 दिनों के भीतर कर सकते हैं अपील**

आबादी एक्ट के तहत लाल लकीर पर कब्जा धारकों को समन भेजे गए थे, अगर कोई कब्जा धारक सात दिनों के अंदर अपना पक्ष नहीं रख सका ऐसे में रेवेन्यू विभाग ने सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार कार्रवाई की है। अगर प्रार्थी को फैसले के बारे में कोई आपत्ति है, तो वह 7 दिनों के भीतर एसडीएम के पास अपील कर सकता है। -संदीप कुमार, राजस्व विभाग के तहसीलदार

इन लोगों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि पुश्तैनी मकान जिस पर सारी कमाई खर्च करके बनाया गया था, अब राजस्व विभाग ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए परिवार के सपनों को तोड़ दिया है। पुश्तैनी मकान में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। कोई भी व्यक्ति समन या सूचना लेकर घर नहीं आया था। विभाग सारा रिकॉर्ड सीसी फुटेज भी खंगाल सकता है।

उन्होंने कहा कि विभाग के एकतरफा फैसले से आहत में है तथा प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है कि रेवेन्यू विभाग के एकतरफा फैसला को बदलकर सरकार को चाहिए कि जरूरतमंद लोगों के हितों में को ध्यान में रखकर फैसला किया जाए। (अनंत ज्ञान)

## हिम आंचल पेंशनर्ज संघ नादौन की बैठक 7 जुलाई को कांगू में

**शशि सोनल, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 जुलाई को प्रातः साढ़े 10 बजे खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में कांगू में आयोजित होगी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं के अतिरिक्त संघ की गतिविधियों के संबंध में चर्चा के साथ-साथ सदस्यों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु विचार किया जाएगा। बैठक में पेंशनरों के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने का कार्यक्रम भी है।

## करियर प्वाइंट विवि में पीएचडी की सीटों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश प्राइवेट शिक्षण संस्थान रेगुलेटरी कमीशन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, ज्योलॉजी, लॉ, म्यूजिक में सत्र 2024-25 में पीएचडी की सीटों को भरने की मान्यता दे दी है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय में 157 रिसर्च स्कॉलर विभिन्न विषयों में अपनी पीएचडी कर रहे हैं। एडमिशन के लिए करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा लेगा। इच्छुक अभ्यार्थी 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

## रविवार को सुजानपुर के कला मंच में लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**ए कुमार, सुजानपुर।** हेल्पिंग हैंड्स टीम की ओर से 7 जुलाई को सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान के कला मंच में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हेल्पिंग हैंड्स टीम के संस्थापक गोल्डी राजपूत ने कहा कि अस्पताल में आ रही खून की कमी को लेकर रक्तदान शिविर लगाकर ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने सभी शहरवासी और इलाका वासियों से आग्रह किया कि रक्तदान करने जरूर आएं और लोगों को भी प्रेरित करें, जिस किसी भी भाई को रक्तदान किए हुए तीन महीने व बहनों को चार महीने हो चुके हैं, वह रक्तदान कर सकते हैं।

## एचआरटीसी पेंशनर्स ने कहा -मांगें नहीं मानी तो मजबूरी में करेंगे आंदोलन



मासिक बैठक में एचआरटीसी पेंशनर्स विचार-विमर्श करते हुए।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन हमीरपुर की मासिक बैठक का आयोजन बस स्टैंड हमीरपुर में हुआ। बैठक की अध्यक्षता स्टेट उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने की और एचआरटीसी पेंशनर्स की मांगों को लेकर रणनीति बनाई। एचआरटीसी पेंशनर्स ने कहा कि प्रबंधन व सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है, तो फिर पेंशनर्स आंदोलन का रुख अपनाएंगे। इसके लिए प्रबंधन वर्ग तथा सरकार की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने सरकार व प्रबंधन से आग्रह किया कि हर माह उन्हें पेंशन पहले हफ्ते में दी जाए। एचआरटीसी के लिए जो फंड कैबिनेट में 63 करोड़ स्वीकृत किया गया है, उसको बढ़ाकर 70 करोड़ कर दिया जाए। उपाध्यक्ष ने कहा कि पेंशनर्स को 65, 70 व 75 वर्ष की आयु में 5, 10 व 15 का लाभ दिया जाए। एक जनवरी 2016 को सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को नए स्केल का एरियर प्रदान किया जाए।

## विधायक ने जाना मरीजों का हालचाल



**सुजानपुर।** सुजानपुर के एमएलए कैप्टन रंजीत सिंह ने शुक्रवार को हमीरपुर अस्पताल में पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना।

# सरकारी नौकरी छोड़ राजनीति में क्यों आए कांग्रेस प्रत्याशी : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा ने कहा कि यह चुनाव मुद्दों को आधार बनाकर नहीं, केवल मेरे खिलाफ दुष्प्रचार को आधार बनाकर कांग्रेस प्रचार कर रही है, लेकिन कांग्रेस की करनी और कथनी का जनता को सब पता है। वह शुक्रवार को साह्वीं में नुक्कड़ सभा में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

महज मेरे बारे में दुष्प्रचार कर लोगों को भ्रमित कर इस चुनाव को जीतने की नाकाम साजिश की जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री और उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में तैनात जितने भी बरसाती मेंढक हैं, यह जान लें कि हमीरपुर की जनता अपने बेटे के रवैये और चरित्र को भली-भांति पहचानती है। वह चाहे जनता को जितना भी बरगलाने की कोशिश करें, लेकिन जनता का आशीर्वाद हमेशा अपने बेटे के साथ है। मुख्यमंत्री करोड़ों के टेंडर लेने के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो विकास कार्य की लंबी लिस्ट उन्हें सौंपी गई थी, उस पर उनका कुछ नहीं कहना है क्योंकि वह दस्तावेज तो मुख्यमंत्री ने डस्टबिन में धकेल दिए हैं। अगर उन्हें हमीरपुर की जनता से प्यार होता, तो 18 माह के अपने कार्यकाल में हमीरपुर को नया बड़ा संस्थान देते या रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कोई नई परियोजना हमीरपुर जिले के अंदर शुरू करते, लेकिन मुख्यमंत्री ने नई परियोजना शुरू करने की बजाये हमीरपुर में पूर्व में स्थापित कर्मचारी चयन आयोग के कार्यालय पर ही ताला लटका दिया, जिससे हजारों बेरोजगार युवाओं का भविष्य अभी खतरे में लटका हुआ है। विभिन्न पोस्ट कोड के परिणाम अभी लंबित हैं। करुणा मूलक आधार पर 15000 के करीब अभ्यर्थियों की एप्लीकेशनस पेंडिंग हैं। सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ धोखा किया है। मुख्यमंत्री से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए बजट मांगा गया, लेकिन उन्होंने सदर विधायक की कोई मांग नहीं मानी।

बस अड्डे का शिलान्यास भी आनन फानन में एक मार्च को किया गया। आशीष ने कहा कि हमीरपुर से कांग्रेस प्रत्याशी लगातार दुष्प्रचार कर और लोगों को डरा धमकाकर चुनाव जीतने का असफल प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें बता दें कि लोगों को डरा-धमका कर वोट नहीं लिया जा सकता। लोग वोट दिल से करते हैं। (अनंत ज्ञान)



**अपने पिता की कारगुजारी लोगों के समक्ष रखें कांग्रेस प्रत्याशी**

आशीष शर्मा ने उनसे पूछा कि क्यों वे अपने पिता की कारगुजारी लोगों के सामने नहीं रखते। सभी जानते हैं कि उद्योग मंत्री रहते हुए उनके पिता ने कितना भ्रष्टाचार किया था। पिता ने भी सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आकर भ्रष्टाचार किया और अब उनका पुत्र भी इसी नक्शे कदम पर चल रहा है। अगर सेवा करने का इतना ही जज्बा था, तो चिकित्सक रहते ही सेवा कर सकते थे, लेकिन वह सेवा के लिए नहीं, बल्कि मेवा के लिए राजनीति में आए।

# डिपुओं में पहुंचा दो माह का चीनी का कोटा

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश के जिन डिपुओं में पिछले माह चीनी का कोटा नहीं आया था। निगम के गोदामों से इस माह डिपुओं पर दो माह का चीनी कोटा तो भेज दिया, लेकिन डिपुओं में लगी पॉश मशीनों में विभाग ने बैक लॉग का विकल्प नहीं डाला है। ऐसे में प्रदेश के उपभक्ताओं को पिछले माह के चीनी कोटे से वंचित रहना पड़ेगा।

प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि जिन डिपुओं पर पिछले माह सभी खाद्य पदार्थ उपलब्ध थे, वह भी सर्वर की समस्या के चलते अपने सभी उपभोक्ताओं को वितरित करने में असफल रहे थे। अशोक कवि ने विभाग व सरकार से इस माह डिपुओं पर मिलने वाले सभी खाद्य पदार्थों का बैक लॉग का विकल्प पॉश मशीनों में डालने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि विभाग इस माह बैक लॉग का विकल्प नहीं डालता है, तो जहां एक ओर उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा, वहीं दूसरी ओर बरसात के कारण खाद्य सामग्री के खराब होने का डर भी डिपो धारकों को सताने लगा है। (अनंत ज्ञान)

# कुढार में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू



दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के साथ खिलाड़ी।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राजकीय उच्च विद्यालय कुढार के खेल के मैदान में राजपूताना युवा क्लब सुनवी द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मक्कड़ पंचायत के प्रधान नीरज शर्मा ने किया। इस वालीबॉल प्रतियोगिता में 22 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता का पहला मैच खास गलोड़ व सुनवी के बीच खेला गया, जिसमें खास गलोड़ की टीम विजेता रही।

दूसरा मैच ज्योली देवी व झिरालड़ी के बीच खेला गया, जिसमें ज्योली देवी की टीम विजेता रही। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 5100 ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 3100 ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान भाजयुमो के जिला मीडिया प्रभारी यशपाल शर्मा ने कहा कि आज की पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए युवा पीढ़ी को खेल से जोड़ना जरूरी है। इस अवसर पर बजरंग दल बड़सर प्रखंड के संयोजक विपिन शर्मा, युवा क्लब सुनवी प्रधान नितिन ठाकुर, विनीत ठाकुर, विनायक, सौरभ, दिनेश, बजरंग दल बड़सर प्रखंड संयोजक संजय कुमार, सेवानिवृत्त कै. रजनीश बन्याल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** डीएवी स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर 3 टूर्नामेंट का सफल समापन, नौ विद्यालयों के 220 छात्रों ने लिया भाग

# अंडर-17 लड़कियों के हाई जंप मुकाबले में शाम्भवी प्रथम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डीएवी स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर लेवल 3 टूर्नामेंट 2024 का समापन शुक्रवार को अणु सिंथेटिक ट्रैक पर हुआ। इस टूर्नामेंट में डीएवी जोन डी के नौ विद्यालय के 220 छात्रों ने भाग लिया।

इसमें अंडर 17 लड़कियों के 800 मी. मुकाबले में कृतिका डीएवी हमीरपुर ने प्रथम स्थान, अंडर 19 लड़कियों के 800 मी. मुकाबले में डीएवी देहरा की अदिति शर्मा ने प्रथम स्थान, अंडर 17 लड़कों के 800 मी. मुकाबले में कनिष्क डीएवी धर्मशाला ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर 19 लड़कों के 800 मी. मुकाबले में डीएवी हमीरपुर की सूर्यांश चौहान ने प्रथम स्थान, अंडर 17 लड़कियों के हाई जंप मुकाबले में शाम्भवी डीएवी हमीरपुर ने प्रथम स्थान, अंडर 19 लड़कियों के हाई जंप मुकाबले में डीएवी नूरपुर बाघनी की वंशिका ने प्रथम स्थान, अंडर 17 लड़कों के हाई जंप मुकाबले में शौर्य डीएवी नूरपुर बाघनी ने प्रथम स्थान, अंडर 19 लड़कों के हाई जंप मुकाबले में डीएवी नूरपुर बाघनी के अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंडर 14 लॉन्ग जंप मुकाबले में डीएवी देहरा के इश्नान ने प्रथम स्थान, अंडर 17 लॉग जंप मुकाबला में डीएवी हमीरपुर के अंशुल गुलेरिया ने प्रथम स्थान, अंडर 19 लड़कों के लॉग जंप मुकाबले में डीएवी नूरपुर बाघनी के सार्थ शर्मा ने प्रथम स्थान, 400 मी. रिले रेस लड़कों के अंडर 14 मुकाबले में डीएवी देहरा प्रथम, अंडर 17 मुकाबले में हमीरपुर प्रथम, अंडर 19 मुकाबले में देहरा प्रथम, 400 मी. रिले रेस लड़कियों के अंडर 14 मुकाबले में डीएवी देहरा प्रथम, अंडर 17 मुकाबले में हमीरपुर प्रथम, अंडर 19 मुकाबले में देहरा प्रथम स्थान पर रहा। डीएवी प्रिंसिपल विश्वास शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वास शर्मा ने राज्य समन्वयक केएस गुलेरिया और क्लस्टर इंचार्ज सुजीत राणा का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन संभव हुआ। (अनंत ज्ञान)



टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

## न्यूज ब्रीफ

### चिड़गांव फीडर के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**दशमी रावत, रोहडू।** विद्युत उपमंडल चिडगांव नंबर-1 सहायक अभियंता ई. सत्यपाल भटवान ने जारी प्रेस बयान में बताया कि आम जनता को सुचित किया जाता है कि 22 केवी कंट्रोल प्वाइंट चिड़गांव या एचटी लाइन की मरम्मत के चलते चिड़गांव फीडर नंबर-1 व 2 के अंतर्गत अनुभाग चिडगांव के तहत मसली, ढाकगांव, कलोटी, खशधार व रणसार आदि का पूरा क्षेत्र में रविवार यानि 7 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। ये शटडाऊन मौसम के आधार पर लिया जाएगा। सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### प्रभावित क्षेत्रों में टीएसपी के नेटवर्क से कर सकते हैं कॉल

**रविंद्र जस्टा, शिमला ।** आपदाओं से जान-माल की भारी क्षति हो सकती है। किसी आपदा के बाद दूरसंचार सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता की आवश्यकता होती है और बचाव, राहत और पुनर्वास उपायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपर महानिदेशक दूरसंचार हिप्र एलएसए, दूरसंचार विभाग ने बताया कि टेलीकॉम नेटवर्क में व्यवधान की स्थिति में इंट्रा सर्कल रोमिंग (आईसी आर) को सक्रिय किया जा सकता है। एक टीएसपी के मोबाइल उपयोगकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में अन्य टीएसपी के नेटवर्क से कॉल कर सकते हैं। मोबाइल उपयोगकर्ता डिवाइस सेटिंग्स से मैन्युअल रूप से नेटवर्क का चयन कर सकते हैं और उपलब्ध नेटवर्क से किसी भी दूरसंचार ऑपरेटर के मोबाइल नेटवर्क का चयन कर सकते हैं। वे अन्य टेलीकॉम ऑपरेटर के नेटवर्क से जुड़ेंगे। जिसका कवरेज उपलब्ध है और मोबाइल कनेक्टिविटी प्राप्त करेंगे। दूरसंचार विभाग ने पहले हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश से प्रभावित क्षेत्रों के लिए इस आई. सी. आर. सुविधा को सक्रिय किया था। (अनंत ज्ञान)

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मुद्दों पर की चर्चा



**रविंद्र जस्टा, शिमला ।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण संघ की राज्य कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक गोपाल सिंह कंवर की अध्यक्षता में एसीएसटीआई सांगटी में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से आए कार्यकारी सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्यतः संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष के अलावा मुख्य संरक्षक खेम सिंह कश्यप तथा सलाहकार टीसी गुप्ता ने संगठन के हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के अन्त में सर्वसम्मति से सेवानिवृत कर्मचारियों की लीवइनकैशमैंट की बकाया राशि जारी करने के लिए बैंक प्रबंधन का विशेष आभार व्यक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

### अनावश्यक यात्रा करने से करें परहेज : भावना

**अनंत ज्ञान, पधर।** तहसीलदार पधर भावना वर्मा अतिरिक्त कार्यभार उपमंडला अधिकारी नागरिक ने कहा कि मानसून मौसम को ध्यान में रखते हुए लोग नदी नालों व खड्डों से दूरी बनाये रखें ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण नदी-नालों व खड्डों का जलस्तर अचानक बढ़ने की संभावना बनी रहती है ऐसे में वे नदी-नालों व खड्डों से दूर रहें। उन्होंने लोगों से अपने मवेशियों को भी नदी-नालों व खड्डों से दूर रखने का आह्वान किया है ताकि किसी प्रकार का जानमाल का नुकसान न हो सके। इसके अतिरिक्त बच्चों को भी नदी-नालों व खड्डों के समीप न जाने की सलाह दी उन्होंने कहा कि उपमंडल पधर में बरसात के कारण होने वाली घटनाओं की सूचना देने हेतु उपमंडला अधिकारी नागरिक कार्यालय पधर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नंबर 01908260666 है तथा अधीक्षक वर्ग उपमंडला अधिकारी नागरिक कार्यालय पधर में जो नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनका मोबाइल नंबर 9418638763 है कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी ड्यूटी पर हाजिर होंगे अत बरसात के कारण हुए नुकसान की सूचना उपरोक्त नंबर पर कभी भी दी जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

# साहो में मछली पकड़ने का धंधा जोरों पर

**एमएम डैनियल, चंबा**



साहो क्षेत्र के नदी नालों में इन दिनों अवैध रूप से मछली पकड़ने का धंधा जोरों पर चला हुआ है। हालांकि इन दिनों मछली पकड़ने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध विभाग द्वारा लगा रखा है। जबकि सरकार द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़े जाने वालों पर कड़े कानून बने है। बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों में दिन प्रतिदिन अवैध रूप से मछलियों का शिकार किया जा रहा है।

हालांकि मछली पकड़े जाने के पहले भी कई मामले सामने आए जिससे करंट द्वारा मवेशी व लोग काल का ग्रास बन चुके है। पिछले वर्ष सिल्लाघ्राट नाले में एक व्यक्ति अवैध रूप से मछली पकड़ता काल का ग्रास बन चुका है। वहीं इस साल क्षेत्र के कई नदी नालों में मवेशी करंट द्वारा मछली पकड़ने से मौत के मुंह में समाएं है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी इस तरह की घटना के अनजान बने हुए है।

जिले के विभिन्न नदी नालों में अवैध रूप से मछली पकड़ने का धंधा जोरों पर है। क्षेत्र साहो के कीड़ी नाला, रजिंडू नाला, संगेरा नाला, मरेडी नाला, सिल्लाघ्राट नाला, क्लीयूं नाला, पांडला नाला आदि रूप से इन दिनों में अवैध रूप से मछली पकड़ी जा रही है। इस पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। हालांकि इस बारे में विभाग को सूचित भी किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बावजूद इसके नदी नालों में ऐसे अवैध रूप से मछली पकड़ने से पंजीकृत मछुआरों को रोजी रोटी के लाले पड़ गए है।

वहीं रोज कहीं न कहीं करंट लगाने से घटनाएं घटित होने का भय बना रहता है। समय रहते अगर अवैध रूप से मछली पकड़ने पर अंकुश नहीं लगता है तो किसी तरह होने वाली घटना के लिए विभाग पूरी तरह से जिम्मेवार होगा। (अनंत ज्ञान)

### मछली पकड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : जितेंद्र



प्रदेश फीशरमैन रिस्क फंड कमेटी गैर सरकारी सदस्य जितेंद्र मैहरा ने बताया कि मछलियों को पकड़ने के लिए अपनाएं जा रहे अवैध एवं गैर कानूनी तरीकों को अपनाने वाले लोगों की विभाग को शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसके चलते इस दिशा में विभाग द्वारा फील्ड स्टाफ को ऐसे लोगों की धड़पकड़ के लिए निर्देश जारी कर दिए है। जिसके जल्द ही सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे।

# जिला कामगार कल्याण बोर्ड ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



कैंप में मौजूद बोर्ड के सदस्य व डॉक्टर।

**आजम डार, तीसा**



चुराह विस क्षेत्र स्थित चांजू माता मंदिर परिसर में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड चंबा के सौजन्य तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एमएफबी जिओ टेक प्राइवेट लिमिटेड लौट-1 में कार्यरत कामगारों के लिये निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 96 कामगारों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान ब्लड प्रेशर, मधुमेह, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी व सी, सिफलिस तथा टीबी की निशुल्क जांच डॉक्टर के द्वारा की गई। शिविर में जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने कामगारों को बताया कि शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे कामगारों को जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसके अलावा उन्होंने कामगारों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को बताया कि इससे पूर्व भी जिला में इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए हैं तथा भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सुरेन्द्र, कामगार कल्याण बोर्ड से भारती जसरोटिया व पूजा धवन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# नादौन में ईडी-आईटी की जांच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला में नादौन इलाके में ईडी आईटी की रेड की जांच शुक्रवार को भी जारी रही। एक ठिकाने पर जांच मुकम्मल हो गई है। जबकि दो अन्य ठिकानों पर जांच देर शाम तक भी जारी थी। जांच टीम के सदस्य रात भर क्रेशर मालिकों के ठिकानों पर जांच में व्यस्त रहे। सुबह से ही फिर जांच का सिलसिला शुरू हो गया था। लेकिन सत्ता पक्ष और उससे जुड़े हुए नेताओं और व्यवसाईयों में हड़कंप इसलिए मचा हुआ है, क्योंकि एक दर्जन के करीब और लोग अभी निशाने पर हैं। इसके लिए जांच एजेंसियों की रैकी मुकम्मल हो चुकी है।

नादौन से ताल्लुक रखने वाले तीन व्यवसाइयों के आवासों और उनके स्टोन क्रशरों पर जांच टीम का शिकंजा है। इनमें दो ठिकाने नादौन के पास कुनाह खड्ड के आसपास हैं। सूत्रों के मुताबिक कई और व्यवसाईयों और सत्ता पक्ष से ताल्लुक रखने वाले लोगों के ठिकानों पर भी इन जांच एजेंसियों की रेड पड़ने की संभावना है। जांच एजेंसियों को कुछ खास हाथ लगा है और जांच अब बहुत जल्दी आगे बढ़ रही है।

# चंबा-जुम्महार मार्ग पर खल रहा पैरापिट का अभाव

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा-जुम्महार मार्ग पर तकरीबन पांच किलोमीटर तक पैरापिट का नामोनिशान नहीं है। ऐसे में वाहन चालकों को हर समय हादसा होने का भय बना रहता है। हालात यह हैं कि इस सड़क मार्ग पर लुडडू से जुम्महार तक लोक निर्माण विभाग पैरापिट लगाना ही भूल गया है।

हैरानी की बात यह है कि स्थानीय लोगों की ओर से इस मार्ग पर पैरापिट लगाने के बावत कई मर्तबा गुहार लगाने के बाद भी विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। ऐसे में लोगों की मांगों को अनसुना करने के कारण लोगों में लोक निर्माण विभाग के प्रति रोष व्याप्त हो गया है। स्थानीय निवासी संजय कुमार, रवि कुमार, पंकज, नरेश कुमार, वेद व्यास, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार आदि का कहना है कि चम्बा-जुम्महार मार्ग तंग है व इस पर पैरापिट भी नहीं लगवाए गए हैं। इस कारण वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग से उक्त मार्ग पर पैरापिट लगाने की मांग की। (अनंत ज्ञान)

# 15 और 16 को साक्षात्कार से भरे जाएंगे 300 पद

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला रोजगार कार्यालय चंबा द्वारा 15 और 16 जुलाई को परिसर साक्षात्कारों का किया जाएगा ।जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि साक्षात्कार में कुल 304 पदों को भरा जाएगा। टेक्नोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज द्वारा मारुति सुजुकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए स्टूडेंट ट्रेनी के 200 पदों को भरने के उद्देश्य से रोजगार उप कार्यालय सुंडला में 15 जुलाई को परिसर साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण और आयु सीमा 18 से 20 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थी को 16,500 रुपए तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा।

इवान सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड में 104 सुरक्षाकर्मियों के पदों को भरने के लिए 15 जुलाई को पंचायत कार्यालय भरमौर और 16 जुलाई को जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय चंबा में परिसर साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। इसमें अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 20 से 36 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं पुरुष अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 5 फीट 7 इंच और वजन 60 किलोग्राम तथा महिला अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 5 फीट 4 इंच और वजन 48 किलोग्राम होना चाहिए। इन साक्षात्कारों के दौरान चयनित होने वाले युवाओं को 12,000 रुपए से 25,000 रुपए के बीच मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा ।परिसर साक्षात्कार में भाग लेने के लिए आवेदक को विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# पंचायत कैला में नहीं स्वास्थ्य सुविधा

**एमएम डैनियल, चंबा**

विकास खंड चंबा की ग्राम पंचायत कैला में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। आलम यह है कि पंचायत में एक भी स्वास्थ्य संस्थान नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को मामूली ईलाज करवाने के लिए भी दूर स्थित अस्पताल का रुख करना पड़ता है। पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने कई बार इस संबंध में मांग भी उठाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव में यदि कोई बीमार हो जाता है तो समस्या गंभीर हो जाती है।

लोगों को कई किलोमीटर का पैदल सफर तय कर चंबा या जडेरा पहुंचना पड़ता है। ऐसे में मरीज अस्पताल तक पहुंचने तक और अधिक बीमार हो जाते हैं। छोटी से छोटी बीमारी के लिए दवाएं लाने के लिए भी उक्त गांव के लोगों को चंबा या जडेरा स्थित पीएचसी पर भी निर्भर रहना पड़ता है। यही नहीं बच्चों को टीका लगवाने के लिए भी अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की अधिक आबादी होने के बाद भी यहां पर अभी तक डिस्पेंसरी न खुलने से स्वास्थ्य विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। मरीजों को उचित समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। वहीं दूर स्थित कई बार डॉक्टर न मिलने के कारण भी समस्या विकराल हो जाती है।

लोगों का कहना है कि यहां पर एक डिस्पेंसरी खोल दी जाती है तो लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए कई किलोमीटर पैदल सफर नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग उठाई है कि कैला पंचायत में डिस्पेंसरी खोली जाए। (अनंत ज्ञान)

### काउंसलिंग फॉर्म में ऑनलाइन 8 तक करें एडिटिंग

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) और बी आर्क की काउंसलिंग के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन भरे फॉर्म में संपादन (एडिटिंग) करने का मौका दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने बीटेक, बी फार्मेसी और बी आर्क की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन फार्म भरा है, वे श्रेणी सहित अन्य संपादन 8 जुलाई तक कर सकते हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि कई अभ्यर्थियों की ओर से काउंसलिंग के ऑनलाइन फॉर्म में संपादन करने वाले प्रस्ताव मिले हैं, जिसके चलते उपरोक्त निर्णय लिया गया है।

# ऐतिहासिक चौगान में विशाल सांप को देखते ही मची अफरातफरी

**एमएम डैनियल, चंबा**



सांप का रेस्क्यू करता सैम मसीह।

चंबा मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक चौगान में अचानक एक विशाल सांप के दस्तक देने से विश्राम के लिए बैठे लोगों में अफरातफरी मच गई। हालांकि सांप के चौगान में आने की सूचना मिलते ही उसका रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षा प्रदान कर दी गई। लेकिन हैरानी की बात है कि यह पहला मौका है जब इतना विशाल काय का सांप चौगान में देखा गया।

उधर स्थानीय व दूरदराज क्षेत्रों से चहल-कदमी के लिए ऐतिहासिक चौगान पहुंचे लोगों में रोशन लाल, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, दीपक, विनोद, राजीव, अनिकेत, प्रवीण, आशा कुमारी, मीना देवी, पुष्पा, स्नेह लता व भाग्यश्री का कहना है कि एक ओर जिला प्रशासन चंबा द्वारा ऐतिहासिक चौगान के रखरखाव का दावा किया जाता है।

उधर इस संदर्भ में एसडीएम चंबा अरूण शर्मा का कहना है किस्टाफ को इस दिशा में तलब करने सहित चौगान की साफ-सफाई के कड़े निर्देश दिए जाएंगे ताकि दोबारा ऐसी घटना घटित न हो सकें। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य विभाग ने आभा कार्ड बनाने के लिए तेज किया अभियान

**एमएम डैनियल, चंबा**

स्वास्थ्य विभाग ने जिले में आभा कार्ड बनाने का अभियान तेज कर दिया है। अभी तक विभाग की टीमें 1.20 लाख लोगों के आभा कार्ड बना चुकी हैं।



डॉ. जालम सिंह

कार्ड बनाने के लिए आशा वर्कर रोजाना लोगों के घर जा रही हैं। आभा कार्ड एक ऐसी यूनिक आईडी होगी, जिसमें मरीज की पुरानी से पुरानी बीमारी के इलाज का रिकॉर्ड दर्ज होगा। इसे कोई भी विशेषज्ञ किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में देखकर मरीज का इलाज कर पाएगा। मरीज को बार-बार पर्ची बनाने से भी निजात मिलेगी। आभा कार्ड की आईडी बताने पर कंप्यूटर पर उसकी बीमारी का सारा डाटा निकल आएगा। मरीज पहले से कौन सी दवाई खा रहा है। उसके कौन से टेस्ट हो चुके हैं, इसकी भी पूरी जानकारी कार्ड में दर्ज होगी।

चंबा से किसी मरीज को शिमला, टांडा या पीजीआई रेफर किया जाता था तो उसे वहां दोबारा पर्ची बनानी पड़ती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मरीज इन स्वास्थ्य संस्थानों में जाकर आभा कार्ड की आईडी विशेषज्ञ को बताएगा। उसके बाद विशेषज्ञ उस आईडी से मरीज की बीमारी का सारा डाटा निकाल लेगा। उसी आधार पर मरीज की बीमारी का इलाज शुरू होगा। भविष्य में आभा कार्ड मरीजों के लिए वरदान साबित होगा।

पर्ची बनाने के लिए धक्का-मुक्की से भी मरीजों को निजात मिलेगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह ने बताया कि आभा कार्ड बनाने के लिए आशा वर्कर रोजाना लोगों के घरों में जा रही हैं। अब तक एक लाख से अधिक लोगों के कार्ड बन चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# कंडक्टरों से मारपीट करने पर तीन माह की कैद

**सुनील शर्मा, गोहर**

प्रतीक गुप्ता न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गोहर की अदालत ने एचआरटीसी कंडक्टरों के साथ मारपीट करने और सरकारी टिकटिंग मशीन का डिस्प्ले खराब करने पर दोनों आरोपियों को तीन-तीन महिने की साधारण कारावास और दो-दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषियों को 20 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मुकद्दमें के मुताबिक एचआरटीसी बस मंडी-बस्सी रूट पर जा रही थी। तनेली गांव के पास चालक ने सामने से आ रहे वाहन को पास देने के लिए बस को बैक करने लगा इस दौरान बस का बंपर साइड में खड़ी जीप से लग गया। जिसपर जीप चालक रमेश और एक अन्य व्यक्ति नरेश कुमार ने कंडक्टर व ट्रेनी कंडक्टर के साथ मारपीट कर दी। अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों के बयान कलमबद्ध कर दोनों आरोपियों पर दोष साबित कर दिया। इसकी पुष्टि सहायक जिला न्यायवादी अनिल गुलेरिया ने की। दोषी रमेश ने बस चालक और कंडक्टर के खिलाफ गोहर थाना में उसी दिन लापरवाही से बस चलाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। जिसमें आरोप साबित नहीं हो पाए और बस ड्राइवर नारायण सिंह और कंडक्टर देवेंद्र कुमार को अदालत ने सितंबर 2023 में आरोप मुक्त कर दिया था।

### सूडोकु 00117 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल का शिष्टमंडल कार्यवाहक थानाध्यक्ष मुंशी राम के साथ चर्चा करते हुए

# कारोबारी संदीप की मौत के मामले की हो जांच : भास्कर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**राकेश का मेडिकल चेकअप करवाकर किया मामला दर्ज, जमानत पर रिहा**

जोगिंद्रनगर शहर के कारोबारी को टक्कर मारने के कारण कारोबारी की हुई मौत के मामले में जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल का शिष्टमंडल व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता की अध्यक्षता में पुलिस थाना में कार्यवाहक थानाध्यक्ष मुंशी राम से मिला तथा उन्हें कारोबारी की वाहन टक्कर के कारण हुई मौत के मामले में अब तक कार्रवाई बारे जानकारी मांगी। भास्कर गुप्ता ने कहा कि दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हो जाना अत्यंत गंभीर मामला है व्यापार मंडल मांग करता है कि ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त कार्यवाही अमल में लायी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई लापरवाही तरीके से ऐसी घटनाओं को अंजाम न दे।

उधर थाना कार्यवाहक प्रभारी मुंशी राम ने शिष्टमंडल से कहा कि पुलिस ने राकेश कुमार निवासी लवाखड़ का मेडिकल चेकअप करवाकर मामला दर्ज किया है तथा उसे जमानत पर रिहा किया गया है। उन्होने कहा कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

6 जुलाई, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** प्रतिपदाः (4:28) **: नक्षत्र :** पुनर्वसु (4:48), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** व्याघात (2:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:53), **राहुकाल** (8:57 -10:41 ।

**विशेष दिन**

» 06 जुलाई 2024 : गुप्त नवरात्र आज से।

» 7 जुलाई 2024 : मनोरथ द्वितीय व्रत कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश करने वाले या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों को अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**वृषभः** वित्तीय मामले आसानी से आगे बढ़ेंगे और आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी सामने आ सकता है। पारिवारिक लोगों से संबंध मधुर होंगे।

**मिथुनः** बेकार की गतिविधियों में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। नौकरी में बदलाव के योग हैं। राजनीति से जुड़े लोग मनचाही सफकता पा सकते हैं।

**कर्कः** आप अपनी पसंद के स्थान पर स्थानांतरित हो सकते हैं। व्यापार में तरक्की होगी और आपको कोई नई डील भी मिल सकती है। आर्थिक मामले सुलझने की उम्मीद है।

**सिंहः** बेफिजूल के विवादों से बचें और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। प्रेम संबंधों में अमर्यादित होने और संदेह करने से बचें। वैचारिक मतभेद दूर होंगे।

**कन्याः** नौकरी में परिवर्तन के लिए यह सही समय नहीं है, अतः यथास्थिति को बनाये रखने का प्रयास करें। वहीं राजनीति के चलते शत्रु आप को नुकसान पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

**तुलाः** आपको कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है। व्यवसायियों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिकः** उचित विचार के बाद महत्वपूर्ण निर्णय लें। कुछ नई योजनाएं भी बनाई और कार्यान्वित की जा सकती हैं। धन आगमन में हो रही रुकावट दूर होगी।

**धनु :** परीक्षा के लिए उपस्थित होने वालों, नौकरी के लिए प्रतियोगिता या उच्च अध्ययन में प्रवेश के लिए प्रयासरत जातकों को सफलता मिलेगी।

**मकरः** कार्यस्थल पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। आमदनी निरंतर बनी हुई है, लेकिन खर्चे भी रहेंगे। रुके कार्य और योजनाओं को क्रियाशील करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

**कुंभः** शत्रु परास्त होंगे। नए संपर्क आप को ख्याति दिलवा सकते हैं। कारोबार के योग है। सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नई योजनाओं में पूंजी निवेश सोच-समझ कर करें।

**मीनः** वित्तीय मोर्चे पर दिन वांछित परिणाम देगा। आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी विकसित सकता है। यह संपत्ति की बिक्री और खरीद के लिए एक अच्छा समय है।

# भरेंगे खाली पद, कम संख्या वाले स्कूल होंगे मर्ज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को सचिवालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई और भविष्य में किस तरह के कार्य शिक्षा विभाग में होने है। उसको लेकर भी मंथन किया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुछ गुणवत्ता की शिक्षा मिले इस पर सरकार कार्य कर रही है और आज समीक्षा बैठक कर फीडबैक लिया गया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 16000 के करीब शिक्षकों के पद खाली है और बीते वर्ष सरकार ने 6000 पदों को भरने की मंजूरी दी थी जिसमें 2200 टीजीटी के पद भरने की प्रक्रिया चल रही है और इसी सप्ताह उनकी नियुक्ति कर दी जाएगी। इसके अलावा जेबीटी शिक्षकों का भी तैनाती की जा रही है और यह शिक्षक वहां तैनात किए जाएंगे जहा स्कूलों में शिक्षक कम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ स्कूल ऐसे हैं जहां पर छात्रों की संख्या काफी कम है उनको भी सरकार मर्ज करने जा रही है।

वहीं एनटीटी शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्राइमरी स्कूलों में एनटीटी शिक्षकों की तैनाती की जाएगी प्रदेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आउटसोर्स के आधार पर ही पद भरे जाएंगे।

वहीं शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर द्वारा उठाए गए सवालों पर उन्होंने कहा कि वे भी अपने कार्यकाल में इनकी नियुक्ति कर सकते हैं और यह प्रस्ताव भी उन्हीं के समय का है सरकार ने वित्तीय स्थिति को देखते हुए फिलहाल कॉन्ट्रैक्ट आउटसोर्स के माध्यम से इन पदों को भरने जा रही है।

### जल्द हो स्कूलों में रिक्त पदों पर भर्ती

**स्टूडेंट्स** फेडरेशन ऑफ इंडिया एसएफआई ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा को मजबूत करने के लिए जल्द से जल्द स्कूलों के अंदर रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए काफी समय से एसएफआई सरकार को अवगत करवा रही है की स्कूल के अंदर भारी मात्रा में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े है। एसएफआई दबाव बना रही है दबाव के चलते हाल ही में जो प्रारंभिक शिक्षा (प्रीनर्सरी) में हिमाचल प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स आधार पर 6,297 पूर्व-प्राथमिक शिक्षकों (एनटीटी) की भर्ती की घोषणा की है। एसएफआई का मानना है की केंद्र व राज्य सरकार मिलाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आड़ में आंगनबाड़ी जैसी संस्थाएं बंद करना है ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रियुर , विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि. प्र.)**

**निविदा सूचना**

यह कि अध्यक्ष महोदय के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वित् वर्ष 2024-2025 के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित किया जाना अति आवश्यक है । ताकि ग्राम पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चल सके।सामग्री का विवरण इस प्रकार से है।

**सामग्री का विवरणः-** 1. रेत (खड्ड/नदी की)-प्रति घन मीटर 2. रेत (क्रशर की )-प्रति घन मीटर 3. बजरी 20,40 एमएम (खड्ड/नदी)- प्रति घन मीटर 4. बजरी 20, 40 एमएम (क्रशर)-प्रति घन मीटर 5. सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर- प्रति घन मीटर 6. पत्थर (कट स्टोन)- प्रति घन मीटर 7. पकी ईंटे (मिटटी के भटे की )(प्रथम श्रेणी)-प्रति ईट 8.पकी ईंटे (मिटटी के भटे की )(द्वितीय श्रेणी)- प्रति 1000 न0 9. जेसीबी मशीन द्वारा कटान- प्रति घंटा 10. सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा (प्रति कि0 मी0)-प्रति घन मीटर एंड प्रति क्विंटल 11.सामग्री ढुलान घोड़े द्वारा 1 कि0 मी0 का -प्रति घन मीटर 12. शटरिंग टाइप 1-प्रति वर्ग फुट, 13. शटरिंग टाइप 2-प्रति रनिंग मीटर 14. सीमेंट ढुलाई एचपीसीएसई डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर /कार्यस्थल तक ( लोडिंग एंड अनलोडिंग सहित) -प्रति बैग 15. आरसीसी पाईप डिफरेंट डाया-प्रति मीटर /प्रति जोड़ा 16. दीवार टाइल और फ्लोर टाइल-प्रति बॉक्स 17.पेंट सामग्री (सभी प्रकार की)-प्रति लीटर 18. साईन बोर्ड (3×2, 4×5) सभी सामान सहित-प्रति साईन बोर्ड 19. पीवीसी पाईप डिफरेंट डाया-प्रति मीटर/प्रति जोड़ा, 20. दीवार लिखाई-प्रति वर्ग मीटर 21. फर्नीचर (टेबल, कुर्सी) डिफरेंट साइज-प्रति आइटम 22. टोर सरिया आईएसआई मार्क-प्रति क्विंटल, 23. फिल्टर-प्रति घन मीटर, 24. ग्रेवल-प्रति घन मीटर

**नियम व शर्ते :-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ आरसी नं., जीएसटी, सीएसटी नं. की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है । 2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फॉर्म जमा करवाने होंगे, एम-फॉर्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी रायल्टी वर्तमान में मु0....सरकार द्वारा फिक्स /-रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी । 3. सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी । अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी। 4. जीएसटी/सीएसटी दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी। 5. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी । 6. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल /सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 8. पारित निविदादाता को मु0 25000/-रूपये धरोहर/सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करनी होंगी । 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी । 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम /सुरक्षित राशी वापिस होगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत /अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में ,एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा । 12. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की जस्टिफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरांत किया जायेगा । 13. अतः उपस्थित सदस्यों के द्वारा इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित तथा मान्य किया गया। यह निविदाएं ।

**नोटः-**उपरोक्त निविदाए पंचायत कार्यालय में दिंनाक 18/07/2024 शाम 4 बजे तक पहुंच जानी चाहिए, निविदाए दिंनाक 19/07/2024 को कार्यालय ग्राम पंचायत रियुर में सुबह 11 बजे खोली जाएगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रियुर , विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि. प्र.)**

'क्रूरता का उत्तर क्रूरता से देने का अर्थ अपने नैतिक व बौद्धिक पतन को स्वीकार करना है। –महात्मा गांधी

## संपादकीय

# नशा बना नासूर

हिमाचल में नशा नासूर बन गया है। युवा इसकी गिरफ्त में बड़ी तेजी से आ रहे हैं। युवाओं में नशे की बढ़ती लत सभी के लिए चिंता का गंभीर विषय है। युवा पीढ़ी बर्बादी के रास्ते पर जा रही है। राजधानी शिमला नशे के लिए विख्यात होती जा रही है। शिमला में चिट्टे के साथ अफीम की तस्करी भी हो रही है। तस्कर नेपाल और पड़ोसी राज्य पंजाब के हैं। यानी नशे का नेटवर्क अंतरराज्यीय ही नहीं, बल्कि विदेश तक फैल चुका है। यह पुलिस की ही सक्रियता का नतीजा है कि उसने इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। शिमला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। पिछले साल की भांति इस साल भी शिमला पुलिस ने कड़े कदम उठाए हैं। इस साल छह महीने में ही पुलिस ने 221 ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें आठ महिलाएं भी शामिल हैं। यह बहुत ही विचारणीय विषय है कि नशे की सप्लाई युवक और युवतियां मिलकर कर रहे हैं। शिमला पुलिस ने गाड़ी में सवार युवक और युवती को चिट्टे की खेप के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

नशा एक ऐसी घातक बीमारी बन गई है, जो युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट कर रही है। यह नशा इस धंधे में पड़े लोगों को अपराध की दहलीज तक पहुंचा रहा है। नेश के सौदागर कानून–व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं और पैसे के बल पर जेलों से छूटते जा रहे हैं। यह संकट अब इतना बड़ा हो चुका है जिसके चलते खुफिया एजेंसियों को भी धरपकड़ के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ रहा है। नशे की सप्लाई करने वाले तंत्र को जड़ से उखाड़ना इतना आसान नहीं होता, लेकिन हिमाचल पुलिस ने जिस तरीके से सुनियोजित प्लानिंग कर जाल बिछाया, वह वाकई काबिलेतारीफ है।

नशे के खिलाफ लड़ाई हम सबको मिलकर लड़नी होगी। यह इतना बड़ा नेटवर्क है, जिसे कोई अकेला व्यक्ति नहीं तोड़ सकता। हजारों घरों के चिराग असमय बुझते जा रहे हैं। नशे की ओवरडोज से युवा मरने लगे हैं। अपनों को खोने वाले परिवारों की पीड़ा को नीति–नियंताओं को समझना होगा। नशे की इस भयावह लत का एक घातक पहलू यह भी है कि यह समाज में कई तरह के अपराधों को भी जन्म देती है।

ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जब महंगे नशीले पदार्थों को खरीदने के लिए युवा अपराध की तंग गलियों में घात लगाकर बैठ जाते हैं। कोई सोने की चेन झपटकर अपने नशे का जुगाड़ कर रहा है तो कोई मोबाइल छीन लेता है, तो कोई किसी पर अचानक प्रहार कर उसे बेहोश कर लूट लेता है। जो युवक पकड़े जाते हैं, वे सभ्रांत परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। हिमाचल प्रदेश में हाल के वर्षों में प्रतिबंधित दवाओं से संबंधित अपराधों में वृद्धि देखी गई है, जिसमें नेपाल और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से चरस, अफीम और हेरोइन जैसी दवाओं की तस्करी राज्य में की जा रही है। हिमाचल से प्रतिबंधित दवाओं को देश के अन्य हिस्सों में ले जाया जाता है। हिमाचल प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए सुक्खू सरकार ने कई कदम उठाए हैं। नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से निपटने के लिए पुलिस बल को मजबूत करना और विशेष कार्य बल का गठन करना सरकार की प्राथमिकता में शुमार है।

प्रतिबंधित दवाओं की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में निगरानी और गश्त काफी बढ़ा दी गई है। प्रतिबंधित दवाओं की खेपों की नियमित छापेमारी की जाती है और जब्त की जाती है। प्रतिबंधित दवाओं के आदी लोगों के लिए पुनर्वास और परामर्श सेवाएं सरकार की ओर से चलाई गई हैं। प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान भी शुरू किए गए हैं। प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए दवा आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और खुफिया जानकारी साझा की जानी चाहिए। राज्य में नशीली दवाओं के प्रवेश को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा, निगरानी और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है। तस्करों के खिलाफ त्वरित और कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक प्रणाली को मजबूत करना बेहद लाजिमी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### महान शिक्षाविद और मानवता के उपासक

श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद और चिंतक होने के साथ–साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भी थे। उन्हें आज भी एक प्रखर राष्ट्रवादी और कट्टर देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य रखा था। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि 'राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है।' भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं। डॉ. मुखर्जी का जन्म एक प्रसिद्ध बंगाली परिवार में हुआ था। डॉ. मुखर्जी 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय में विश्व के सबसे कम उम्र के कुलपति बनाए गए थे। राष्ट्रीय एकात्मता एवं अखंडता के प्रति आगाध श्रद्धा ने ही डॉ. मुखर्जी को राजनीति के समर में झोंक दिया। अंग्रेजों की 'फूट डालो व राज करो' की नीति ने 'मुस्लिम लीग' को स्थापित किया था। डॉ. मुखर्जी ने 'हिंदू महासभा' का नेतृत्व ग्रहण कर इस नीति को ललकारा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उनके हिंदू महासभा में शामिल होने का स्वागत किया, क्योंकि उनका मत था कि हिंदू महासभा में मदन मोहन मालवीय जी के बाद किसी योग्य व्यक्ति के मार्गदर्शन की ज़रूरत थी। कांग्रेस यदि उनकी सलाह को मानती तो हिंदू महासभा कांग्रेस की ताकत बनती तथा मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मनोकामना पूर्ण नहीं होती। ■



श्यामा प्रसाद मुखर्जी
जन्म : 6 जुलाई, 1901
मृत्यु : 23 जून, 1953

## अपनी बात

आजकल प्रतियोगिता का दौर है। इस दौर में हर विद्यार्थी जी–तोड़ मेहनत कर रहा है। वर्तमान समय में हर पग पर कितनी ही चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आत्मविश्वास और आत्मावलोकन से विद्यार्थी हर चुनौती का सामना भली–भांति कर सकता है। इसके लिए जरूरी है अध्ययन की समयसारिणी। जब तक आप अपनी दिनचर्या निर्धारित नहीं करते, तब तक आप अनुशासित होकर पढ़ाई नहीं कर सकते। समय के बंधन में रहकर आप हर काम समय पर कर सकोगे। दिनचर्या ऐसी होनी चाहिए जिसमें आपका खाना–पीना, सोना, उठना–बैठना और स्वास्थ्य संबंधी भी कोई परेशानी न आए। पढ़ने के साथ–साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। कहते हैं कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ दिमाग विद्यमान होता है। यदि आप शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होंगे, तो पढ़ाई में भी मन नहीं लगेगा, इसीलिए पोष्टिक आहार और उचित व्यायाम की आवश्यकता होती है। टहलना एक बहुत ही सरल एवं लाभप्रद व्यायाम है। –शिवाय शर्मा, पांवटा साहिब

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई–मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# शिव से मोहन राज तक आतंकवाद पर सख्त नीति



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रहे हों या वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव। अच्छी बात यह है कि इनकी प्रशासनिक व्यवस्था और पुलिस की नीतियों के चलते राज्य में हर तरह का संगठित या एकल आतंकवाद पनपने से पहले ही मिट्टी में मिला दिया जाता रहा है। पिछले दिनों नक्सलवाद पर मध्य प्रदेश पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली थी और अपने पुलिस बल का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मोहन सरकार द्वारा उनके पराक्रम की प्रशंसा करते हुए कई हॉकफोर्स व पुलिस जवानों का क्रम से पूर्व प्रमोशन कर दिया गया। इस अवसर पर स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा भी कि हॉकफोर्स और पुलिस के जवानों ने अनेक ऐसे नक्सलियों को मार गिराया, जिन पर विभिन्न प्रदेशों में तीन करोड़ रुपए से अधिक के ईनाम घोषित थे। वास्तव में यह कार्यक्रम उन जवानों को याद और सम्मानित करने का है, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन करते हुए अपना बलिदान दिया है। मध्य प्रदेश सरकार सदैव उन सभी के साथ खड़ी है, जिन्होंने हिम्मत और साहस के बल पर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

वस्तुत: इसी सकारात्मक सोच एवं अपनी पुलिस को आतंक के सफाए के लिए दी गई पूरी छूट का नतीजा है कि मध्य प्रदेश में जो भी आतंकवादी अपना सिर उठाता है, वह समय रहते कुचल दिया जाता है। इस संदर्भ में सामने आए ताजा मामले में एक बार फिर राज्य की पुलिस को विशेषकर एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) चीफ आईजी डॉ. आशीष बधाई के पात्र हैं कि उसके गुप्तचरों की सक्रियता ने प्रदेश में बड़ा घटनाक्रम होने से रोक दिया, नहीं तो अभी पता नहीं इसमें कितने ही सुरक्षा बलों से जुड़े हमारे देश भक्तों को बड़ी हानि उठानी पड़ती।

दरअसल, मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से पकड़ा गया इंडियन मुजाहिदीन का इस्लामिक आतंकवादी फैजान शेख जो योजना बना रहा था, यदि अपने मंसूबों में कामयाब हो जाता तो उसकी लिंक को पकड़ना बाद में आसान नहीं होता। यह इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि उसने सुरक्षा बलों पर हमला करने की लोन वुल्फ अटैक (बिना किसी पार्टनर) की योजना बनाई थी, जिसमें वह बड़ी होशियारी से सब कुछ अपने ऊपर लेकर इस आतंकी घटना को अंजाम देने वाला था, ताकि बाद में कोई उसका साथी देश भर में कहीं से भी पकड़ा न जा सके। इस आतंकवादी फैजान शेख के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में आईएम, आईएसआईएस एवं अन्य आतंकी संगठनों से संबंधित जेहादी साहित्य, कई मोबाइल फोन, पिस्टल, जिंदा कारतूस, सिमी संगठन के सदस्यता फॉर्म जप्त किए गए हैं। इसके कब्जे से जप्त मोबाइल फोन एवं डिजिटल डिवाइस में भी विभिन्न आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन, आईएसआईएस, जैश–ए–मोहम्मद, लश्कर–ए–तैयबा आदि के जेहादी साहित्य, वीडियो एवं फोटो प्राप्त हुए हैं। मध्य प्रदेश पुलिस ने पाया है कि यह भोले–भाले भावुक लोगों को सोशल मीडिया के जरिए भड़काने का काम भी कर रहा था। इसके सोशल मीडिया–फेसबुक आईडी पर इंडियन मुजाहिदीन से संबंधित जिहादी पोस्ट, आईएम, आईएसआईएस की विचारधारा का प्रचार–प्रसार, प्रचूरता से पाया गया है। इतना ही नहीं फैजान शेख द्वारा पाकिस्तान में चल रहे मुजाहिदीन ट्रेनिंग कैंप्स की वीडियो, मसूद अजहर (जैश–ए–मोहम्मद) लश्कर–ए–तैयबा की तकरीर पोस्ट करते हुए कंधार विमान अपहरण की कहानी तथा मुल्ला उमर के बयान एवं अंसार गजवा–तुल–हिंद (एजीएच) से संबंधित पोस्ट सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किए जा रहे थे। यहां तक कि अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए इसके द्वारा सुरक्षा बल के जवानों एवं उनके परिजनों की निगरानी एवं रेकी किए जाने के साक्ष्य तक पुलिस को मिल चुके हैं। यानी कि प्रदेश और देश को दहलाने का खतरा बहुत बड़ा था, जिसे पुलिस की सक्रियता से समय रहते रोकने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

देखा जाए तो मध्य प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) द्वारा पिछले तीन सालों के दौरान प्रदेश में सक्रिय प्रतिबंधित एवं रेडिकल आतंकी संगठनों स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी), इंडियन मुजाहिदीन (आईएम), पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस), जमात–उल–मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी), हिज्ब–उत–तहरीर (एचयूटी), आतंकवादी संगठन अलसफा, एलडब्ल्यूई (मोइस्ट) की गतिविधियों पर लगातार निगाह रखते हुए इनसे जुड़े कई आतंकियों को पकड़ने में कामयाब रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल शिवराज सिंह चौहान के वक्त से जो आतंकियों की धड़पकड़ शुरू हुई थी, वह उसी अंदाज के साथ आज डॉ. मोहन यादव की सरकार में भी जारी है। फिर इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आतंकवादी एवं अन्य देशद्रोही गतिविधियों की रोकथाम के लिए सख्त जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी के तहत मप्र एटीएस द्वारा संपूर्ण प्रदेश में गहन निगरानी रखी जा रही है। वस्तुत: इसी का यह परिणाम कहलाएगा जो कि लगातार इस्लामिक आतंकियों को पकड़ा जा सका है, जिसमें कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 22, इस्लामिक स्टेट इन इराक ऐंड सीरिया (आईएसआईएस)/अलसफा के 6, जमात–उल–मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के 6, हिज्ब–उत–तहरीर (एचयूटी)के 16, एलडब्ल्यूई (मोइस्ट) के 4 और इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) का एक आतंकवादी अब तक पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है।

निश्चित ही ऐसे में यही कहना होगा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश एटीएस, पुलिस के अधिकारियों और स्टॉफ को बधाई दी जानी चाहिए थी, जो कि उन्होंने दी भी है। इस अवसर पर उन्होंने जो कहा, वह सही कहा है, 'प्रदेश की पुलिस सजग है। हम प्रदेश में किसी भी आतंकवादी या अपराधी के इरादे सफल नहीं होने देंगे। आतंकी फैजान शेख के पास से जब्त जेहादी साहित्य, मोबाइल, हथियार, सिमी सदस्यता फॉर्म और अन्य आतंकी संगठनों से जुड़ी जानकारी भविष्य में होने वाली साजिशों का खुलासा करने में मददगार होगी। आतंकवादी की गिरफ्तारी की महत्वपूर्ण सफलता के लिए प्रदेश की पुलिस बधाई की पात्र है।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आज के युग में मित्रता बहुत आवश्यक है



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज के भौतिकवादी युग में वैश्वीकरण के कारण जहां संपूर्ण विश्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई अत्यधिक प्रगति के कारण उद्योग, व्यापार, शिक्षा, तकनीकी ज्ञान प्रणाली के क्षेत्र में एक–दूसरे के बहुत निकट आ गया है, वहीं दूसरी ओर परमाणु बम जैसे खतरनाक हथियारों के कारण तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ा है। इसके परिणामस्वरूप भय, आतंक, कलह, परस्पर द्वेष एवं हिंसा के कारण सर्वत्र अशांति व्याप्त है। यह संपूर्ण विश्व की समस्या है।

आज वर्तमान युग में मित्रता की बहुत आवश्यकता है, जब असामाजिक तत्व क्षेत्रवाद, अलगाववाद, भाषावाद, संप्रदायवाद, जाति–वर्ग के आधार पर लोगों के बीच भयंकर रक्तपात मचाते हैं। यद्यपि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित हुए हैं, परंतु उनके मूल में स्वार्थ एवं अहंकार होने के कारण वे फलीभूत नहीं हो पाते। यदि स्वार्थ को छोड़कर सभी लोग मानव कल्याण के लिए एक–दूसरे के प्रति मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें, तो विश्व में परस्पर मैत्री फैलेगी। यह शांति स्थापित करने के लिए एक मजबूत सेतु का काम करेगी, परंतु इसके लिए किसी को पहल करनी होगी। पृथ्वी पर सभी मनुष्य समान हैं, कोई बड़ा नहीं है, कोई छोटा नहीं है।

विश्व शांति की स्थापना की दृष्टि से वेदों की अवधारणा है कि इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी मनुष्य समान हैं, वह परम तत्व सभी में विद्यमान हैं तथा सभी प्राणी उस परम तत्व में समाहित हैं, तब भेदभाव का प्रश्न स्वत: ही समाप्त हो जाता है। वेद सभी को अपना–अपना समझने का संदेश देते हैं। जब सभी समान हैं, तब कोई छोटा नहीं है, कोई बड़ा नहीं है। हम सभी भाई हैं। हमें भेदभाव की भावना को भूलकर विश्व शांति तथा जन कल्याण के उत्थान के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

आज भाषा, धर्म, समुदाय, वर्ग–भेद, जाति आदि के कारण हिंसा की घटनाएं सर्वत्र दिखाई देती हैं, जिसके परिणामस्वरूप भय, आतंक तथा अशांति का वातावरण व्याप्त है। ये सभी तथ्य विवाद का कारण नहीं होने चाहिएं, क्योंकि हम सभी एक ही धरती माता की संतान हैं। हमें एक परिवार की तरह रहना चाहिए, सभी प्राकृतिक संसाधनों का मिल–जुलकर उपयोग करना चाहिए। यह तभी संभव होगा, जब हम लोभ, स्वार्थ जैसी बुरी भावनाओं को त्याग देंगे तथा पाप कर्मों से स्वयं को दूर रखेंगे। आज वैश्विक शांति संपूर्ण विश्व की आवश्यकता है। यह एक दिन में संभव नहीं हो सकती। इसके लिए संपूर्ण विश्व को अपने निजी स्वार्थों का त्याग करते हुए मानवता को साध्य बनाना होगा। 'विश्व नागरिकता' की अवधारणा को साकार करते हुए मानव हितों के साथ–साथ प्रकृति का भी संरक्षण करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## अंतिम छाया



डॉ.राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़

*बीते हुए वक्त में*
*बीता हुआ हर लम्हा याद आएगा।*
*बन गई है जो जगह*
*आपके हृदय में*
*वो बीता हुआ हर कल और*
*आज याद आएगा।*
*मुक्त हो जाएंगे*
*इस जहां से एक दिन*
*और छुप जाएंगे*
*आपके हृदय की ओट में।*
*फिर भी आपको*
*हर जगह हर वक्त*
*हमारा साथ याद आएगा।*
*उड़ जाउंगा*
*क्षितिज पार भी एक दिन*
*और संग आपने*
*बिताया हर लम्हा*
*हर याद ले जाऊंगा।*

# सजगता ही प्राकृतिक आपदाओं से बचाव



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में बरसात के मौसम में जनता के जानमाल की सुरक्षा समय रहते करने के लिए भारत मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कमर कस ली है। गत वर्ष बरसात में मिले जख्मों को जनता अभी तक भूला नहीं पाई है। सुख की सरकार ने समय रहते प्रदेश की जनता सहित पर्यटकों को किसी कनेक्टविटी असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए विकल्प के तोर पर पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं। लोक निर्माण विभाग ने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करके जेसीबी मशीनें, पुलों की तत्काल व्यवस्था पूरी की है। हरेक जिले में स्थानीय प्रशासन भी बरसात को लेकर मुस्तेद है।

भारत मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार बरसात के मौसम में जनता नदी–नालों के समीप जाने से परहेज करे क्योंकि इनमें पानी का जलस्तर कब बढ़ जाए, कोई गारंटी नहीं है। अत्यधिक बारिश होने की सूरत में घरों से निकलना बंद हो। खराब मौसम में ट्रेकिंग पहाड़ी क्षेत्रों, बारिश, हिमसख्लन और भू–स्खलन वाले पहाड़ी क्षेत्रों में जाना प्रतिबंधित हो, पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, बिजली की तारों और पोल से दूरी बनाकर रखें। पुलों पर खड़े होकर सेल्फी लेना जानलेवा साबित हो सकता है, यह स्मरण रखना चाहिए। हिमाचल में बरसात के मौसम में बाहर से आने वाले पर्यटकों को नदी–नालों, खड्डों और प्रतिबंधित ब्लैक स्पॉट पर जाने की अनुमति नहीं है। तेज बारिश सहित आसमान में कड़कती आसमानी बिजली के चलते घरों में लगे तमाम बिजली उपकरण बंद रखें। पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद सदस्यों, युवक मंडलों सहित तमाम सामाजिक संगठनों का मौलिक अधिकार बनता है कि वे जनता को इस बाबत जागरूक करते हुए बरसात के समय सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। आपातकाल स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजारी का पालन किए जाने से जनता के जानमाल की सुरक्षा की जा सकती है। सुख की सरकार ने बरसात शुरू होने से पहले ही सुरक्षा को लेकर जो कमर कसी है, काबिलेतारीफ है। प्रदेश की जनता प्रदेश सरकार द्वारा जारी एडवाइजारी का पालन सजगता से करे तो काफी हद तक नुकसान से बचा जा सकता है।

बरसात अब जानलेवा बनती जा रही है, यह बात स्मरण रखनी होगी। बरसात के मौसम में बरामदे में सोना, दरवाजे खुले रखना, टार्च की व्यवस्था पुख्ता और बाहर निकलने के रास्ते हमेशा खुले रखना जरूरी है। जर्जर मकानों में सोना भी जिंदगी दाव पर लगाने वाली बात होती है। तेज बारिश के चलते हमेशा अलर्ट पर रहें। हिमाचल प्रदेश में गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा से लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त होकर रह गया था। मौसम विभाग द्वारा जिस तरह बारिश को लेकर एडवाइजारी जारी की गई, उससे इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस बरसात में पूर्व की भांति तेज बारिश नहीं होगी। मौसम विभाग के अनुसार भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी हुआ है। गत वर्ष आई बाढ़ में करीब 600 लोगों सहित पशु भी बेमौत मारे गए थे। मकान, पुल, सड़कें, डंगे, पशुशालाएं तक जमींदोज होकर रह गए थे। पशु चराने गए लोग खड्डों में बहते पानी में डूबकर मर गए।

महंगी गाड़ियां पत्तों की भांति पानी में तैरती हुई प्रदेश की जनता ने देखीं। पेड़–पौधे तक तहस–नहस होकर प्रकृति की बर्बादी के गवाह बने। लोगों की लाशें मलबे में दबी मिलीं, जिसके सदमे से लोग अभी तक उभर नहीं पाए हैं। पौंग बांध का जलस्तर बढ़ने के उपरांत छोड़े गए पानी ने अपनी दिशा बदलकर ग्रामीणों को बेघर किया। बाढ़ पीड़ितों को प्रदेश सरकार ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू करके उनकी जान बचाई थी। इस जल प्रलय में मवेशी, फसलें पानी में बह गईं और जमीनें बंजर हो गई थीं। वाढ़ में रेलवे पुल ध्वस्त हुए, जिनका काम आज दिन तक मकम्मल नहीं हुआ है। नेशनल हाईवे के कुछेक पुलों के पिल्लर जर्जर होने से कई महीनों तक बड़े वाहनों की आवाजाही बंद रहने का खामियाजा पहाड़ की जनता भुगत चुकी है। हिमाचल प्रदेश में आखिर प्राकृतिक आपदा क्यों आई, एक सवाल उठा था? सुख की सरकार के मंत्री, विधायकों में इस प्रश्न को लेकर टकराव की स्थिति बन गई थी।

लोक निर्माण विभाग मंत्री इसे अवैध खनन की देन, उद्योग मंत्री और विधायक इसे प्राकृतिक आपदा ही मानते रहे। कुल मिलाकर इस बाढ़ में बेघर हुए लोगों को पुन: बसाने के लिए प्रदेश सरकार ने उन्हें आर्थिक अनुदान मुहैया करवाकर उनकी मदद की। अवैध खनन को लेकर सतापक्ष–विपक्ष पर 100 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लग चुका है। खाड़ी देशों में इस बार तापमान 40 डिग्री से ऊपर नहीं जा पा रहा है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में आखिर क्या कारण है कि तापमान 50 डिग्री सेल्सियस भी पार कर चुका है। जंगल इस बार धू–धू कर जल रहे आगामी गर्मियों के मौसम में कैसा बेहाल होगा, अभी से आंकलन करने की जरूरत है। जंगलों में कुल्हाड़ी इस कदर चली कि अब पेड़ कम और खरपतवार पौधे ज्यादा हैं। पेड़ों की जड़ें पहाड़ों को जकड़कर रखती थीं।

जेसीबी मशीनों के जरिए पेड़ों को जड़ों से उखाड़े जाने का क्रम चला हुआ है। ऐसे हालात में पहाड़ असहाय बनकर सड़कों पर निरंतर गिर रहे हैं। बरसात के मौसम में भू–स्खलन की समस्या आम बन जाती है, जिसका खामियाजा जनता, पर्यटकों को भुगतना पड़ता है। फोरलेन सड़क निर्माण भी नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। सड़कों किनारे पानी निकासी व्यवस्था पुख्ता न होने कारण के बारिश का पानी सड़कों पर बहकर उसे अपने साथ बहा लेकर जाता है। जंगलों में अतिक्रमण किए जाने का दौर चल रहा है और सरकारी विभाग गहरी निंद्रा में है।

खड्डु, नालों में पानी का वहाब मोड़कर लोगों ने मकान, होटल, रेस्टोरेंट और मंदिर तक बना रखे हैं, जो बरसात के मौसम में तवाही का मंजर बनाते हैं। पानी अपनी दिशा में बहता रहे तो कोई खतरा नहीं होता है, अगर पानी का बहाव मोड़कर उसे विपरीत दिशा में वहने के लिए मजबूर किया जाए तो जल देवता प्रलय मचाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सार्थक संवाद की दृष्टि से निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र



लेखक : प्रो. संजय द्विवेदी
वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार

भारतीय संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डॉ. राम मनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, फिरोज गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा, किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ, वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गई।

राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल रहा। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे, तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वह सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। ये दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका–टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष की गलतबयानबाजी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीर–फाड़ कर सकते थे, किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वह सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित कर दिया। जाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था, किंतु पहले दिन की वाहवाही अगले दिन ही धराशाई हो गई, जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए। लोकसभा के प्रथम सत्र से निकली छवियां बता रही हैं कि आगे भी सब कुछ सामान्य नहीं रहने वाला है, किंतु संसद को अखाड़ा, चौराहे की चर्चा के स्तर पर ले जाने के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए?

यह ठीक बात है कि सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, किंतु सदन में सार्थक और प्रभावी विमर्श खड़ा करना विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। अब जबकि विपक्ष अपनी बढ़ी संख्या पर मुग्ध है तो क्या उसे संसदीय मर्यादाओं को छोड़कर अराजकता का आचरण करना चाहिए? सच तो यह है कि सदन के इस तरह चलने से सत्तारूढ़ दल का ही लाभ है। बिना बहस और चर्चा के कानून इसीलिए पास होते हैं, क्योंकि संसद का ज्यादातर समय हम विवादों में खर्च कर देते हैं। संसदीय परंपरा रही है कि हर नई सरकार को प्रतिपक्ष कम से कम छह माह का समय देता है। उसके कार्यक्रम और योजनाएं का मूल्यांकन करता है। पहले दिन से ही सदन को अराजकता की ओर ढकेलना उचित नहीं कहा जा सकता।

अपनी लंबी संसदीय प्रणाली में भारत ने अनेक संकटों का समाधान किया है। हमारे संसदीय परंपरा का मूलमंत्र है संवाद से संकटों और समस्याओं का समाधान खोजना। संसद इसी का सर्वोच्च मंच है। यह प्रक्रिया नीचे पंचायत तक जाती है। इससे सहभागिता सुनिश्चित होती है, सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है। संसद से नीचे के सदनों विधानसभा सभाओं, विधान परिषदों, नगर पालिका, नगर निगमों और पंचायतों को भी सांसदों का आचरण ही रास्ता दिखाता है। लोकसभा के पहले सत्र का लाइव प्रसारण देखते हुए हर संवेदनशील भारतीय जन को ये दृश्य अच्छे नहीं लगे हैं। संसदीय मर्यादा और परंपरा की रक्षा हमारे सांसद नहीं करेंगे तो कौन करेगा? संसदीय राजनीति के शिखर पर बैठे दायित्ववान सांसदों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने आचरण से इस महान संस्था का गौरव बढ़ाने में सहयोगी बनें। नफरत, कड़वाहट और संवादहीनता से हम 'राजनीति' में सफल हो सकते हैं किंतु 'राष्ट्रनीति' में विफल हो जाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शुक्रवार को मंडी में नहीं आया पीने का पानी

**अनिल शर्मा, मंडी।** शुक्रवार को मंडी शहर में पेजयल की सप्लाई नहीं आई, क्योंकि भारी बारिश के चलते उहल नदी में मलबे के साथ पानी आ रहा था। अधिशाषी अभियंता आरके सैणी ने बताया कि पंजाब बिजली बोर्ड की शानन पावर हाउस के बरोट बैराज से गुरूवार को सभी गेट खोल देने व सिल्ट निकालने से नदी में सिल्टयुक्त पानी आ रहा है और यह बहुत बड़ी मात्रा में है। ऐसे में उहल बहाव जल परियोजना के स्त्रोत स्थल रियागड़ी से पानी नहीं लिया जा रहा है। गुरूवार से इसे रोक दिया गया, जिससे पेयजल का भंडारण नहीं हुआ है। ऐसे में शुक्रवार को मंडी शहर में पानी नहीं आया। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वह जरूरत के मुताबिक ही पानी का प्रयोग करें। (अनंत ज्ञान)

### अभाविप की जोगिंद्रनगर नगर कार्यकारिणी गठित



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोगिंद्रनगर की नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कश्मीर मित्तल को नगर अध्यक्ष, राजवीर को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर अभाविप मंडी जिला के जिला संयोजक अमन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कपिल जोशी को नगर उपाध्यक्ष, अंकुश राणा व कृष को नगर सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया। (अनंत ज्ञान)

### किसानों को बताए प्राकृतिक खेती के फायदे



**रितेश, सरकाघाट।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश जिला मंडी कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण 'आत्मा' जिला मंडी विकास खंड गोपालपुर सरकाघाट द्वारा प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुलपुर जबोट के गांव खरसल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले घटकों को प्रयोगात्मक रूप से बताया गया। गोपालपुर कृषि विकास खंड के खंड तकनीकी प्रबंधक महेन्द्र ने बताया कि शिविर में लगभग 30 किसानों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### मंडी में श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ 6 से शुरू

**पुष्पराज, मंडी।** छोटी काशी मंडी में विशाल भव्य श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 6 से 12 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय महायज्ञ का कार्यक्रम बाबा भूतनाथ मंदिर में होगा। इस दौरान पौराणिक शिरोमणि श्रीबालयोगी सिद्ध योगी धाम मैहरी काथला जिला बिलासपुर से श्री बाल योगी डा. प्रवीण स्वामी जी प्रवचन करेंगे। सिद्ध योगी धाम मैहरी काथला जिला बिलासपुर से राजकुमार ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ बाबा भूतनाथ मंदिर में छह जुलाई से शुरू होगा। कार्यक्रम का आयोजन भागवंती शर्मा और सुभाष शर्मा द्वारा करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजकों से छोटी काशी मंडी के भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा के लिए आमंत्रित किया है। (अनंत ज्ञान)

### इग्नू ने दाखिला प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ाई

**रितेश, सरकाघाट।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के सभी अंडरग्रैजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स, डिग्री, प्रमाण पत्र और डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए नवीन पंजीकरण और पंजीकरण की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के 15 जुलाई 2024 तक बढ़ा दी है। इग्नू स्टडी सेंटर, गवर्नमेंट कॉलेज सरकाघाट के समन्वयक डॉक्टर नरेश चंदेल ने बताया कि इच्छुक छात्र स्टडी सेंटर में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या इग्नू द्वारा चलाए गए सभी कोर्स की जानकारी ऑनलाइन वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन है। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि से पहले अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें। ऑनलाइन देखने के लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाएं और चयनित कार्यक्रम में कोर्स का चयन करने के पश्चात पाठ्यक्रम की फीस अदा करके अपना दाखिला सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

### प्रशिक्षणार्थियों के लिए स्पेशल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



**उमेश, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर में टीवीएस मोटर कंपनी, नालागढ़, जिला सोलन द्वारा निःशक्त प्रशिक्षणार्थियों के लिए स्पेशल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें वर्ष 2024 में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, कोपा ट्रेड के पास आउट होने वाले 38 निशक्त प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य आदित्य रैना ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर प्रदेश का एक मात्र ऐसा आईटीआई है जहां पर निशक्त बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, इसलिए निशक्त बच्चों को सुनहरे अवसर प्रदान किए जाते हैं। कंपनी की ओर से आए हुए एचआर मैनेजर हिम्मत सिंह और उनके सहयोगी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि चयनित बच्चों को 1 साल के लिए अप्रेंटिसशिप ट्रेनी रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# बरसात का कहर : जिले के 24 करोड़ 15 लाख बहा ले गई बारिश

**अनिल शर्मा, मंडी**

**चार लोगों और चार गायों ने गंवाई जान, 8 घर क्षतिग्रस्त**



क्षतिग्रस्त हुई सड़क।

मंडी में हुई भारी बारिश के कारण जिला भर में 24 करोड़ 15 लाख 23 हजार रुपए का नुकसान आंका गया है। वहीं चार व्यक्तियों ने भी अपने प्राण गंवाए हैं। इसमें दो सड़क दुर्घटना व एक ऊंचाई से गिरने पर मृत्यु को प्राप्त हुआ है। चार गायों की भी मौत हो गई है, जिससे 1,60,000 का नुकसान आका गया है, वहीं एक कच्चा घर भी जमींदोज हो गया, जिस कारण 3,00,000 का नुकसान हुआ है। सात अन्य घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे 10 लाख 30 हजार रुपए का नुकसान आंका गया है 14 गौशालाएं ध्वस्त हुई हैं, जिससे 5 लाख 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीडब्ल्यूडी 15 करोड़ 37 लाख 19000 रुपए का नुकसान हुआ है।

उधर, जल शक्ति विभाग को 8 करोड़ 56 लाख 16 हजार रुपए का नुकसान आंका गया है। धर्मपुर में 3 करोड़ 66 लाख 80 हजार, जोगिंद्रनगर में 4 करोड़ 89 लाख 36 हजार रुपए का नुकसान आंका गया है। लोक निर्माण विभाग मंडी को सात करोड़ 49 लाख 67 हजार रुपए, धर्मपुर को 2 करोड़ 1 लाख 92 हजार, जोगिंद्रनगर को 5 करोड़ 85 लाख 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। बिजली विभाग मंडी को 4 लाख 8 हजार का नुकसान हुआ है। (अनंत ज्ञान)

> **जिलाभर** में गत रात्रि हुई बारिश से बहुत नुकसान हुआ है। कर्मचारियों ने दिनभर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर प्रेषित की है। जब तक बारिश का अलर्ट है तब तक नदी नालों के पास जाने से परहेज करें और वाहन धीमी गति से ही चलाएं, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। **-रोहित राठौर, एडीसी मंडी।**

### बारिश से चार कमरों का मकान ढहा



**सुनील शर्मा, गोहर।** शिल्हनु पंचायत के डोलड़ी गांव में शुक्रवार को दोपहर बाद एक चार कमरों का रिहायशी मकान भारी बारिश के कारण ढह गया। हादसे के दौरान घर में कोई नही था। घर लौट रही मकान मालिक की पत्नी घर के नजदीक पहुंचने वाली थी कि मकान की।दीवार गिर गई। मकान यादविंदर कुमार पुत्र नाग ठाकुर का था। इसमें चार कमरे थे। पंचायत उप प्रधान तोम चंद ने घटना की सूचना हल्का पटवारी को दे दी है। जानकारी के अनुसार यादविंदर का परिवार घास लाने खेतों में गया था। इस दौरान जैसे उसकी पत्नी कल्पना घर के समीप पहुंची तो मकान के गिरने की आवाज सुनकर वह भौचक रह गई। पंचायत उप प्रधान तोम चंद ने बताया कि करीब पांच लाख के नुकसान का अनुमान है। प्रशासन से प्रभावित परिवार को सहायता राशि प्रदान की जाए।

## धार्मिक और खूबसूरती के लिए मशहूर मंडी शहर की सुंदरता को लगा ग्रहण

# कूड़े से सने नदी नालों के किनारे

**अनिल शर्मा, मंडी**



पीपल के पेड़ के नीचे फेंका गया कूड़ा।

अपनी सामाजिक, धार्मिक और नैसर्गिक सुंदरता के लिए मशहूर मंडी शहर में अगर यूं ही प्रदूषण बढ़ता रहा तो यह आने वाले दिनों में रहने काबिल नहीं रहेगा। जी हां, बात शहर के चारों ओर बहते नदी नालों की करें, तो इसके किनारे कूड़े के ढेर में तब्दील हैं। सिद्ध शंभू में नए पुल के पास प्लास्टिक की बोतलें और चिप्स के खाली लिफाफों के ढेर लगे हुए हैं। दिनभर यहां बहुत से लोग मस्ती करते हैं और कूड़ा फेंक कर चले जाते हैं, लेकिन आज तक नगर निगम प्रबंधन ने किसी का चालान नहीं किया। ऐसा ही मंजर सुकेत पुल से आगे पीपल के पेड़ के नीचे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, लेकिन नगर निगम प्रबंधन इनका चालान नहीं काटता है। ऐसा ही हाल रास्ते के नीचे का है, जहां खराब सब्जी फेंकी जाती है। सुकेती के किनारे प्लास्टिक के लिफाफे और बोतलें सभ्य समाज को कटघरे में खड़ा करती है।

नगर निगम प्रबंधन ने रात्रि अभियान चलाकर कूड़ा फेंकने वालों पर शिकंजा कसा था, लेकिन नदी नालों के पास कूड़े का ढेर लगाने वालों के चालान काटने में नगर निगम प्रबंधन कुछ खास नहीं कर पाया है। (अनंत ज्ञान)

### कूड़ा फेंकने कटने चाहिए चालान

**शहर** के लोगों में विजय, आलोक, संजू, काका, विनय आदि ने कहा कि नदी नालों के पास कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ चालान काटे जाने चाहिए, नगर निगम अभी तक कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ चालान नहीं कर पाई है। लोगों ने नगर निगम प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि पीपल के पेड़ के नीचे, सुकेती किनारे, गन फैक्टरी के पास नाले में और सिद्ध शंभू में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।



सिद्ध शंभू के पास का हाल।






सुकेती खड्ड किनारे फेंका गयां कूड़ा।

**सुकेती खड्ड किनारे, सिद्ध शंभू और शहर के हर नाले में फेंका जा रहा कूड़ा**

> हम पुनः लोगों से आग्रह करते हैं कि नदी नालों के किनारे कूड़ा न फेंकें। शहर को स्वच्छ रखने के लिए सबका साथ जरूरी है। यदि फिर भी लोग नहीं माने तो कूड़ा फेंकने वालों का फोटो क्लिक करने वालों को इनाम स्वरूप राशि दी जाएगी और नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ ही फेंकने वालों पर बड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। **-वीरेंद्र भट्ट, महापौर, नगर निगम मंडी।**

> प्लास्टिक पर्यावरण को बहुत ही नुकसान पहुंचा रहा है। इस पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए, क्योंकि हजारों प्राकृतिक जलस्रोत प्लास्टिक के कारण बंद हो चुके हैं। नदी नाले प्लास्टिक से भरे पड़े हैं जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। **-नरेंद्र सैनी, अध्यक्ष, देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच मंडी।**

## जिले में 55 ग्रामीण सड़कें बंद



ग्रामीण क्षेत्र की बंद सड़क का दृश्य।

**अनिल, मंडी**

मंडी में हुई बारिश के दौरान 95 सड़कें बंद हुई थी, जिनमें से 40 सड़कें देर सायं तक बहाल कर ली हैं, जबकि 55 सड़कें अभी भी बंद पाई गई हैं।

इसमें सुंदरनगर सब डिवीजन में दो, सिराज में दो, थलौट में तीन, करसोग में 7, मंडी में दो, नेरचौक में एक, पधर में 20, सरकाघाट में 14, जोगिंद्रनगर में दो और धर्मपुर में दो सड़कें बाधित हैं। बंद हुई सड़कों में सबसे ज्यादा ग्रामीण सड़कें बंद हुई हैं, सरकाघाट और पधर में सबसे अधिक सड़कें बाधित हुई हैं।

एडीसी रोहित राठौर ने कहा कि प्रशासन की ओर से पूरी कोशिश की जा रही है कि बंद हुई सड़कों को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

### नदी-नालों व खड्डों से रहें दूर : एसडीएम

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि मानसून मौसम को ध्यान में रखते हुए लोग नदी नालों व खड्डों से दूरी बनाए रखें ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके।

बरसात के कारण नदी-नालों व खड्डों का जलस्तर अचानक बढ़ने की संभावना बनी रहती है ऐसे में वे नदी-नालों व खड्डों से दूर रहें। एसडीएम ने लोगों से अपने मवेशियों को भी नदी-नालों व खड्डों से दूर रखने का आह्वान किया है ताकि एकाएक जलस्तर बढ़ने से किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो सके। बरसाती मौसम को ध्यान में रखते हुए जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग तथा बिजली बोर्ड को सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं ताकि बरसात के कारण लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## तरल बेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटान जरूरी

**पुष्पराज, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी मंडी रोहित राठौर।

एडीसी मंडी रोहित राठौर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी विभाग बेस्ट प्रबंधन के लिए जन-जन को जागरूक करने के लिए ठोस कदम उठाना सुनिश्चित करें। वे डीआरडीए समिति हॉल में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के विभिन्न विचाराधीन और निपटाए गए मामलों के लिए बनाई गई जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

बैठक में सुंदरनगर की वायु गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई, इसके साथ ही ब्यास नदी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की गई। पर्यावरण संरक्षण के लिए सॉलिड और तरल बेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा आवश्यक है।

राठौर ने शहरी निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में चिन्हित डंपिंग साइट पर पैनी नजर रखी जाए। वहीं, सड़क के साथ अवैध डंपिंग करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ नकेल कसी जाए। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी एवं एनजीटी मामलों की जिला स्तरीय कमेटी के सदस्य सचिव विनय कुमार ने मदवार सभी मुद्दों को विविध विभागों के उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों के समक्ष समीक्षा के लिए बिंदुवार प्रस्तुत किया। (अनंत ज्ञान)

## बच्चों को आपदा प्रबंधन के दिए टिप्स



शिविर के दौरान सामूहिक चित्र में एनएसएस स्वयंसेवी।

**पुष्पराज, मंडी**

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित व रजत पदक पर्यावरण विद् तथा आपदा प्रबंधन के जोनल समन्वयक मंडी, कुल्लू व लाहौल स्पीति सीताराम वर्मा ने मॉर्डन पब्लिक स्कूल रत्ती में आयोजित एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्रोत व्यक्ति के रूप में शिरकत की। उन्होंने कैंप में 28 स्वयंसेवियों को बरसात से निपटने के उपाय बताए। सीताराम वर्मा ने कार्यक्रम अधिकारी हेमराज शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वयंसेवी क्षेत्र में बेहतर समाज सेवा कर रहे हैं।

इसी पाठशाला से उत्तीर्ण तरुणा कमल ने यूपीएसई की परीक्षा पास की। इसके लिए प्रधानाचार्य, स्टाफ चमन लाल चौधरी और स्टाफ को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### कल बिजली रहेगी बंद




**पुष्पराज, मंडी।** 7 जुलाई को 22 केवी कोटली फीडर की आवश्यक मरम्मत, पेड व झाड़ियों की कटिंग का कार्य किया जाएगा।

सहायक अभियंता साईगलू हुक्म चंद ने बताया कि मरम्मत के चलते 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक भरगांव, तरयासल, डवाहण, कून, अरठी, खलाणू, कासन, कोट, दुब्बल, बडयार तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# शिविर में 60 लोगों ने करवाई जांच

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



शिविर के दौरान जांच करते हुए डॉक्टर।

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एम्बुलेंस टीम ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत दलेड में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस शिविर के दौरान स्थानीय लोगों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य जांच की गई।

इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान निशुल्क उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस शिविर के दौरान 60 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल किया गया। काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिली।

दलेड़ पंचायत के प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि दलेड पंचायत में एक दिवसीय सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एंबुलेंस टीम ने जांच शिविर लगाया। उन्होंने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, और लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। (अनंत ज्ञान)

## नर्सिंग अधिकारी के पदों की परीक्षा 7 जुलाई को : रोहित

**अनिल, मंडी**

एडीसी मंडी रोहित राठौर ने बताया कि जिला मुख्यालय मंडी में 7 जुलाई को संघ लोक सेवा आयोग की ईपीएफओ में निजी सहायक के पद की आरटीएस और इएसआइसी में नर्सिंग अधिकारी के पदों की परीक्षा होने जा रही है।

मंडी में तीन परीक्षा केंद्रों वल्लभ कॉलेज, मंडी, रावमापा (गर्ल्स), मंडी और रावमापा (बॉयज) मंडी में होगी। उन्होंने बताया कि ईपीएफओ में निजी सहायक के पद की आरटीएस परीक्षा समय सुबह 9:30 बजे से 11.30 बजे तक और इएसआइसी में नर्सिंग अधिकारी के पदों की परीक्षा 2 बजे से 4 बजे तक होगी।

रोहित राठौर ने बताया कि इन परीक्षाओं में कुल 161 और 578 परीक्षार्थियों सहित 739 परीक्षार्थी भाग लेने जा रहे है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए परीक्षार्थी को निर्धारित समय पर परीक्षा स्थल पर पहुंचना होगा और अपने साथ अपना ई-एडमिट कार्ड साथ लाना होगा। बिना ई-एडमिट कार्ड के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा।

## फीस वापसी को लेकर छात्र पहुंचे एडीएम के पास

**पुष्पराज, मंडी**



ब्लूम्स बीएड कॉलेज के छात्र एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

ब्लूम्स कॉलेज बीएड के छात्र-छात्राएं अपनी समस्या को लेकर एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार के पास पहुंचे और उन्हें ज्ञापन प्रेषित किया। एडीएम के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और राज्यपाल से गुहार लगाई है कि ब्लूम्स कॉलेज द्वारा एचपीयू का बीएड बैच 2023-24 में दाखिला लिया गया था, जिसमें शुरू में कक्षाएं सुचारु रूप से लगती गई और जब पहले सेमेस्टर के परीक्षा का समय आया तो एडमिट कार्ड न आने के वजह से पता चला कि ब्लूम कॉलेज की मान्यता एनसीटीई द्वारा पहले ही रद्द कर दी गई थी और कॉलेज प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी नहीं दी गई।

छात्रों ने मांग करते हुए कहा कि इस तरह से हमारा एक साल तो व्यर्थ गया ही, साथ ही कॉलेज प्रशासन ने गलत तरीके से जानकारी देते हुए उनसे 1-2 सेमेस्टर तक की फीस ऐंठ ली। जिसका आंकड़ा लगभग 35-40 लाख तक का है।

छात्रों ने बताया कि कॉलेज जाने पर प्रिंसिपल के गैर मौजूदगी में उन्हें अंदर आने पर भी रोका गया। इस स्थिति को देखते हुए उक्त विषय में हस्तक्षेप करें और छात्रों को उनकी फीस वापस करवाने में मदद की जाए। (अनंत ज्ञान)

**विडंबना** | हिंदी में शुरू हुआ पत्राचार बदल गया अंग्रेजी में

# अंग्रेजी का मोह नहीं छोड़ रही दफ्तर शाही

**भगत सिंह गुलेरिया, शिमला/मंडी**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

संवैधानिक तौर पर हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया हो लेकिन सरकारी दफ्तर शाही में अंग्रेजी प्रेम का ही बोलबाला है। ऐसे में हिंदी भाषा 'बेचारी' जैसी स्थिति में है। आलम यह है कि अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा हिंदी के आयोजनों का पत्राचार अंग्रेजी में किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नीति आयोग के तहत पंजीकृत हिंदी विकास मंच के निदेशक कपिल शर्मा की ओर से प्रदेश के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को आठवें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के आयोजन से संबंधित लगभग 32 लाइनों का हिंदी में टंकित एक पत्र 28 मई को प्रेषित किया। पत्र में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भी हिंदी भाषा को समृद्ध बनाने के इस संस्थान के प्रयासों की सराहना का जिक्र करते हुए प्रदेश के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने बारे निवेदन किया था।

इस पत्र पर अनुपालना सुनिश्चित करते हुए राज्यपाल सचिवालय से अवर सचिव द्वारा हिंदी में ही टंकित लगभग 25 लाइनों का एक प्रेषण पत्र लगाकर 13 जून को इसे शिक्षा सचिव को उचित कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया। शिक्षा सचिव के कार्यालय में पहुंचने के बाद हिंदी भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए आयोजित हो रहे इस आयोजन के पत्राचार में फेर बदल हो गया। यहां से अंडर सचिव द्वारा 25 जून को लगभग 25 लाइनों का ही प्रेषण पत्र लगाकर अग्रेषित कर दिया। इस कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के मन में अंग्रेजी प्रेम जाग उठा और 25 में से केवल तीन लाइनें सब्जेक्ट के रूप में हिंदी में टंकित कर बाकी 20-22 लाइनें अंग्रेजी में लिख डालीं।

अब उच्च शिक्षा निदेशालय से 4 जुलाई को प्रदेश के सभी उप निदेशकों को यह पत्र प्रेषित किया गया। वहां भी हिंदी के आयोजन से संबंधित पत्राचार में अंग्रेजी प्रेम ही दर्शाया गया। लगभग 35 लाइनों के पत्र में केवल तीन लाइनें ही हिंदी में टंकित की गई हैं।

शेष 30 - 31 लाइनें अंग्रेजी में टंकित की हुई हैं। अब हिंदी के आयोजन से संबंधित पत्राचार अगर सरकारी दफ्तर में ही अंग्रेजी में किया जा रहा है तो हिंदी भाषा के उत्थान पर अपने आप में ही बहुत बड़ा यक्ष प्रश्न बन कर खड़ा हो गया है। (अनंत ज्ञान)

# सनयारढ़ी वार्ड के लोगों को घर गिरने का सता रहा खतरा

**पुष्पराज, मंडी**



खुदाई के दौरान लोगों के घरों को हो रहा खतरा।

नगर निगम के सनयारढ़ी में हो रहे भू-स्खलन को लेकर क्षेत्र के लोगों का एक प्रतिनिधीमंडल शुक्रवार को नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा से मिला और उन्हें एक ज्ञापन प्रेषित किया।

इस दौरान सनयारढ़ी की स्थानीय निवसी उषा ने बताया कि यहां एक कॉलोनी का निर्माण हो रहा हैं जिसको लेकर यहां पर जो कटाई की गई उससे लगातार भू-स्खलन हो रहा हैं जिससे साथ लगते 8-9 लोगों के मकान खतरे की जद में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब यहां कटाई हो रही थी तब भी उन्होंने प्रशासन के ध्यान में मामला लाया था जिसमें यहां पर सुरक्षा दीवार लगाने का आग्रह किया था लेकिन अभी तक सुरक्षा दीवार न लगाने के कारण उक्त स्थान पर भू-स्खलन होने शुरू हो गया है और स्थानीय लोगों के मकान खतरे के दायरे में आ गए है। वहीं नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया हैं। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कसारला, विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि. प्र.)**

**निविदा सूचना**

यह कि अध्यक्ष महोदय के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वित् वर्ष 2024-2025 के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित किया जाना अति आवश्यक है। ताकि ग्राम पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चल सके।सामग्री का विवरण इस प्रकार से है।

**सामग्री का विवरण:-** 1. रेत (खड्ड/नदी की)-प्रति घन मीटर 2. रेत (क्रशर की )-प्रति घन मीटर 3. बजरी 20,40 एमएम (खड्ड/नदी)- प्रति घन मीटर 4. बजरी 20, 40 एमएम (क्रशर)-प्रति घन मीटर 5. सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर- प्रति घन मीटर 6. पत्थर (कट स्टोन)- प्रति घन मीटर 7. पकी ईंटे (मिटटी के भटे की )(प्रथम श्रेणी)-प्रति ईट 8.पकी ईंटे (मिटटी के भटे की )(द्वितीय श्रेणी)- प्रति 1000 न0 9. जेसीबी मशीन द्वारा कटान- प्रति घंटा 10. सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा (प्रति कि0 मी0)-प्रति घन मीटर एंड प्रति क्विंटल 11.सामग्री ढुलान घोड़े द्वारा 1 कि0 मी0 का -प्रति घन मीटर 12. शटरिंग टाइप 1-प्रति वर्ग फुट, 13. शटरिंग टाइप 2-प्रति रनिंग मीटर 14. सीमेंट ढुलाई एचपीसीएसई डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर /कार्यस्थल तक ( लोडिंग एंड अनलोडिंग सहित) -प्रति बैग 15. आरसीसी पाईप डिफरेंट डाया-प्रति मीटर /प्रति जोड़ा 16. दीवार टाइल और फ्लोर टाइल-प्रति बॉक्स 17.पेंट सामग्री (सभी प्रकार की)-प्रति लीटर 18. साईन बोर्ड (3×2, 4×5) सभी सामान सहित-प्रति साईन बोर्ड 19. पीवीसी पाईप डिफरेंट डाया-प्रति मीटर/प्रति जोड़ा, 20. दीवार लिखाई-प्रति वर्ग मीटर 21. फर्नीचर (टेबल, कुर्सी) डिफरेंट साइज-प्रति आइटम 22. टोर सरिया आईएसआई मार्क-प्रति क्विंटल, 23. फिल्टर-प्रति घन मीटर, 24. ग्रेवल-प्रति घन मीटर

**नियम व शर्ते :-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ आरसी नं., जीएसटी, सीएसटी नं. की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है। 2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फॉर्म जमा करवाने होंगे, एम-फॉर्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी रायल्टी वर्तमान में मु0....सरकार द्वारा फिक्स /-रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3. सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 4. जीएसटी/सीएसटी दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होंगी। 5. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 6. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल /सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को मु0 25000/-रूपये धरोहर/सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करनी होंगी। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम /सुरक्षित राशी वापिस होगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत /अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में ,एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की जस्टिफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरांत किया जायेगा। 13. अतः उपस्थित सदस्यों के द्वारा इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित तथा मान्य किया गया। यह निविदाएं।

**नोट:-**उपरोक्त निविदाए पंचायत कार्यालय में दिनांक 19/07/2024 शाम 4 बजे तक पहुंच जानी चाहिए, निविदाए दिनांक 20/07/2024 को कार्यालय ग्राम पंचायत कसारला में सुबह 11 बजे खोली जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कसारला, विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि. प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धालुओं ने प्राचीन सरोवर को संवारा


टक्का रोड स्थित प्राचीन सरोवर की साफ-सफाई करते श्रद्धालु।

**नरोत्तम शर्मा, ऊना।** स्थानीय टक्का रोड स्थित प्राचीन सरोवर को संवारा गया। अरसे से इस पावन सरोवर में गाद और कूड़ा-कर्कट आने से पानी बहुत ज्यादा दूषित हो गया था। सैकड़ों सिख और अन्य श्रद्धालुओं ने कारसेवा करके इस सरोवर की साफ-सफाई की। बताना जरूरी है कि ऐतिहासिक सरोवर में श्रद्धालु किसभी भी पावन अवसर पर स्नान भी करते हैं। इसके साथ ही एक गुरुद्वारा साहिब है।

### राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 23 अगस्त से

**विवेक शर्मा, अंब।** हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 अगस्त को गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल पक्का परोह में होगा। गुरुकुल संस्थान ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश गौतम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्कूल प्रबंधन ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। हिमाचल प्रदेश भारोत्तोलक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा और सचिव राज कुमार जम्वाल ने जानकारी दी कि ऊना जिले में इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हो रहा है। इस प्रतियोगिता में यूथ, जूनियर और सीनियर (पुरुष व महिला वर्ग) के सभी भार वर्गों की प्रतियोगिताएं होंगी। इस प्रतियोगिता मे क्वालीफाई करने वाले सभी भारोत्तोलक राष्ट्रीय स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के को-ऑर्डिनेटर डॉ. पवन पटियाल ने बताया इस प्रतियोगिता में क्वालीफाई करने वाली महिला वर्ग की (यूथ, जूनियर और सीनियर) 30 महिला खिलाड़ी, अस्मिता उत्तर भारतीय महिला भारत्तोलन प्रतियोगिता मे भाग लेंगी।

### भाजपा संस्थापक के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आज

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस कामधेनु गौशाला कबाड़ी थाना खास में धूमधाम से मनाएगी। इसमें कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और जिला पार्षद उपाध्यक्ष विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कुटलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि कार्यक्रम में पौधरोपण करके एक पौधा माता के नाम योजना की शुरुआत भी मुख्यतिथि करेंगे। मलांगड़ ने कहा कि इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेता और बुद्धिजीवी गमनमान्य लोग भी उपस्थित होंगे।

### बीज छंटाई और बीज उपचार के बारे में दी जानकारी


कृषि सखी महिला किसानों को जागरूक करती हुई।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** विकास खंड बंगाणा के तहत कृषि सखी द्वारा एक कैंपेन चलाया जा रहा है, जिसमें सभी पंचायतों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बीज छंटाई और बीज उपचार पर जागरूकता पैदा की जा रही है, ताकि किसान अच्छी किस्म के बीज बोएं और अपनी आजीविका बढ़ाएं। ब्लॉक मिशन कार्यकारी जतिन शर्मा ने बताया इसमें विकास खण्ड बंगाणा की कृषि सखी सभी ग्राम पंचायतों की महिला किसानों को जागरूक कर रही हैं।

### इंडियन ऑयल ऊना ने चलाया पौधरोपण अभियान


पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते फायर स्टेशन ऊना के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंडियन ऑयल ऊना के पाइपलाइन विभाग ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान और स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के तहत विभिन्न हितधारकों के साथ पौधरोपण अभियान चलाया। वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक अमनदीप भारद्वाज ने बताया कि इसी कड़ी में शुक्रवार को ईसीएमएस पॉलीक्लिनिक ऊना, हिमाचल अग्निशमन सेवा ऊना और महिला पुलिस स्टेशन ऊना में 15 पौधे रोपित किए गए।

### एनएसएस के छात्रों ने शुरू किया पौधरोपण अभियान



एनएसएस स्वयंसेवक पौधरोपण अभियान शुरू करने से पूर्व प्रधानाचार्य के साथ।

**विनोद शर्मा, लठियानी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां मैं कैंपस को हरा भरा रखने के लिए एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पौधरोपण अभियान चलाया जिसका ध्येय क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया पर्यावरण संरक्षण करना है । इस कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेविका नेहा वशिष्ठ ने सुखचैन का पौधा लगाकर किया। इस अभियान के तहत आसपास लगभग 30 पौधे रोपित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव पराशर, एनएसएस अधिकारी नंद लाल,उ राधिका धीमान, एनसीसी अधिकारी प्रवेश राणा, रामबली, पवना, सुमनलता और उषा आदि उपस्थित थे।

### नाशपाती और बारामासी नींबू की नीलामी 12 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशन उद्यान केके भारद्वाज ने बताया कि फल संतति एवं प्रदर्शन उद्यान सलोह में 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे नाशपाती और बारामासी नींबू की नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने के लिए 500 रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। उन्होंने कहा कि नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति फसल का निरीक्षण कार्यालय समय पर किसी भी दिन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उपनिदेशक उद्यान के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### रूही का जवाहर नवोदय में हुआ सलेक्शन



**अभिषेक कुमार, ऊना।** उपमंडल बंगाणा के तहत एसएस मॉडल स्कूल पिपलू के छात्रों ने अद्भुत सफलताएं प्राप्त की हैं। इसी कड़ी के चलते पांच छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। विशेष रूप से रूही नामक छात्रा का चयन नवोदय विद्यालय में जो पहले चुने गए चार बच्चों में शामिल नहीं थी। रूही का सलेक्शन जवाहर नवोदय में वेटिंग लिस्ट में था, जो कि अब क्लीयर हो गया है और रूही का सलेक्शन हो गया है। यह विद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। रूही के माता-पिता अभिषेक राणा और अरुणा राणा को इस शानदार उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधक ने हार्दिक बधाई दी। स्कूल के संस्थापक विपिन शर्मा, एमडी सविता शर्मा और मुख्य अध्यापक अभिषेक राणा के नेतृत्व में लगातार नई ऊंचाइयों को छूने का प्रमाण है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में भी हमारे स्कूल के और भी बच्चे ऐसी ही शानदार सफलताएं प्राप्त करेंगे। अंत में हम एक बार फिर से इन सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# दुकानों में घुसा पहली बरसात का पानी

## ऊना में मौसम की पहली बरसात ने शासन-प्रशासन के दावों की खोली पोल



ऊना में बरसात के कारण हुआ जलभराव, जिस कारण लोगों और स्थानीय दुकानदारों का समस्या का सामना करना पड़ा है।

**राजेश शर्मा, ऊना**

मौसम की पहली ही बरसात ने जिला मुख्यालय में दुकानदारों की चिंता बढ़ा दी है। जिला मुख्यालय से बरसात के दिनों जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए करोड़ों रुपए की योजना को धरातल पर उतारा गया था, लेकिन उस योजना की सच्चाई उजागर हो गई।

शुक्रवार को ऊना में मौसम की पहली बरसात ने यहां शासन-प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। बचत भवन इलाके में फिर जलभराव हुआ है और कई दुकानें जलमग्न हो गईं। ऊना शहर की जल निकासी की समस्या गंभीर है। पुराना होशियारपुर रोड और बचत भवन के पास जलभराव का दृश्य चिंता बढ़ाने वाला था। यहां कभी मामूली बरसात से भी पानी दो फुट तक जमा हो जाता था।

▶ **लोगों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से उनकी समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की**

इसके बाद इसके निपटारे के लिए सरकार ने एक योजना बनाई थी। इस योजना में करोड़ों खर्च भी हुए, लेकिन समस्या का पूरा समाधान नहीं हो सका। एक साइड से नाला बनाया गया है, लेकिन दूसरी ओर पानी की निकासी न के बराबर है। बचत भवन के पास की कई दुकानों में पानी भर गया और गाद जमा हो गई। दुकानदारों द्वारा पानी की निकासी के लिए खुद प्रयास करने पड़े। इस साल की पहली ही बरसात ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। जो मुख्य समस्या बचत भवन के समीप जलभराव की थी, वह दूर नहीं हुई है।

बचत भवन के दुकानदार जलभराव की समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन सुधार के बाद उनको समस्या हल होने की उम्मीद थी। इस उम्मीद को शुक्रवार के रोज ठेस पहुंची है। पानी फिर से दुकानों के भीतर घुसा है। हालांकि दुकानों को ऊंचा भी किया गया है, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ। करीब एक घंटे की बारिश ने सभी व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। दुकानदार परवीन कुमार, राजेंद्र शर्मा समेत कई लोगों ने बताया कि कई दफा मसले को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इन लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन से उनकी समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# एक छात्र के लिए सरकार खर्च कर रही हर महीने 50 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्राइमरी स्कूलों में दिन-प्रतिदिन बच्चों की कम हो रही संख्या जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग की बदतर व्यवस्था को उजागर कर रही है। हालात यह हो गए हैं कि किसी स्कूल में पढ़ाने के लिए टीचर तक नहीं है, तो कहीं सिंगल टीचर बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

बंगाणा विकास खंड के तहत प्राइमरी स्कूल खनेड़ की बात करें, तो यहां सिर्फ एक बच्चा ही शिक्षा ग्रहण कर रहा है। अकेले बच्चे की पढ़ाई के लिए एक शिक्षक व एक एमडीएम वर्कर यानी मिड-डे मील कर्मचारी तैनात है। प्रदेश सरकार अकेले बच्चे की पढ़ाई पर प्रतिमाह 50 हजार रुपए खर्च कर रही है। मिड-डे-मील वर्कर रोजाना एक बच्चे के लिए खाना बना रहा है। वहीं, एक शिक्षक बच्चे को पढ़ाने के लिए तैनात किया गया है।

अगर कहीं शिक्षक को छुट्टी पर जाना पड़ जाए तो स्कूल में ताला लटकाने की नौबत आ जाती है। इस अकेले टीचर को डाक तैयार करनी पड़ रही है, वहीं चुनाव या अन्य सरकारी कार्यों में टीचर की ड्यूटी

▶ **प्राइमरी स्कूल खनेड़ में एक विद्यार्थी के लिए अध्यापक और मिड-डे मील वर्कर है तैनात**

लगा दी जाए, तो बच्चे की पढ़ाई प्रभावित हो जाती है। सवाल यह है कि स्कूल में एक अकेले बच्चे की पढ़ाई पर सरकार 50 हजार रुपए क्यों खर्च कर रही है। यहां प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने प्रयास शून्य दिखाई दे रहे हैं। आलम यह है कि अकेला बच्चा पूरा दिन स्कूल में अकेले पढ़ाई करने को विवश है। अगर बच्चा भी अन्य स्कूल में चला जाए, तो अकेला शिक्षक किसे पढ़ाएगा। प्रदेश सरकार सभी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम शिक्षा देने पर बल दे रही है और वहीं प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की बात कर रही है।

उधर, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा एसएल धीमान का कहना है कि कम छात्र संख्या वाले स्कूलों की समीक्षा की जाएगी। कारण क्या हैं, यह देखा जाएगा।

# सुंकाली के पास बीच सड़क में खड़ा पानी बना समस्या

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

क्षेत्र के नकड़ोह, बनेहड़ा से मुबारिकपुर वाया सुंकाली संपर्क सड़क पर सुंकाली के पास बीच सड़क गंदा पानी खड़ा रहने से सड़क जोहड़ जैसी बनी गई है। इस कारण दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं लोगों पर गंदे पानी के छीटें भी पड़ रहे हैं। नकड़ोह से सुंकाली की तरफ बरसाती नाले (चोई) से होकर यह संपर्क सड़क गुजरती है।

बता दें कि कुछ महीने पहले ही गांव के लिए रास्ते का निर्माण किया गया जिसके चलते रास्ते के ऊंचा होने के चलते पानी का ठहराव सड़क के बीचोंबीच हो रहा है, जिसे ठीक करने का आनन-फानन में प्रयास किया गया था, लेकिन वर्षा ने इसकी पोल खोल दी । हैरानी की बात है कि इस तरफ संबंधित विभाग


सुंकाली के पास तालाब बनी संपर्क सड़क।

ने व्यवस्थित सुधार को लेकर भी तक कोई ध्यान देना उचित नही समझा है।

पानी के ठहराव के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। रोजाना आने जाने वाले वाहन चालकों देवीलाल, विक्की, शिव कुमार, मनदीप, रजत व नवीन आदि ने लोक निर्माण विभाग से सड़क के सुधार को लेकर जल्द सुधार की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# जिले में निजी विकास व अन्य निर्माण संबंधी कार्यों पर 16 सितंबर तक रोक : डीसी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में आपदा प्रभावित भवनों व सड़कों के पुन:निर्माण को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार के निजी विकास और निर्माण संबंधी गतिविधियों के लिए पहाड़ों की कटाई पर 16 सितंबर तक रोक रहेगी। यह आदेश जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष एवं जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि मानसून मौसम के दौरान अनियमित पहाड़ों की कटाई और अनियोजित निर्माण कार्यों पर रोक रहेगी। इस तरह की गतिविधियों के चलते जहां जमीनी परतें ढीली या कमजोर हो जाती हैं, तो वहीं जानमाल के नुकसान का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने इस संबंध में जिला के समस्त एसडीएम को इन आदेशों की कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित बनाने को कहा है। इन आदेशों के उल्लंघन करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# डीप लर्निंग के अनुसंधान अनुप्रयोग पर हमीरपुर में किया जागरूक

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के कंप्यूटर और इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईयूएसटी), जेएंडके के सहयोग से डीप लर्निंग के अनुसंधान अनुप्रयोग पर पांच दिवसीय ऑनलाइन शॉर्ट टर्म कोर्स (ई-एसटीसी) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक एनआईटी हमीरपुर से डॉ. मोहम्मद खालिद पंडित और डॉ. अजय कुमार मलिक थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एचएम सूर्यवंशी, निदेशक एनआईटी हमीरपुर रहे। इस कार्यक्रम में पांच दिनों तक व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए, जिसमें क्वालकॉम, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रूड़की, आईआईटी इंदौर, एनआईटी श्रीनगर, एनआईटी हमीरपुर और आईयूएसटी जेएंडके के प्रतिनिधियों सहित उद्योग और शिक्षा दोनों के प्रतिष्ठित वक्ता शामिल हुए।

कवर किए गए विषयों में मशीन लर्निंग-आधारित स्पेक्ट्रल सुपर-रिजॉल्यूशन और एज-आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता शामिल रहे। इसके अलावा कुछ उन्नत विषयों जैसे कि डीप फीचर फ्यूजन, जेनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क, डीप लर्निंग का उपयोग करके नेत्र विज्ञान विश्लेषण पर चर्चा की गई। 152 पंजीकरणों के साथ पाठ्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस ई-एसटीसी ने न केवल गहरी शिक्षा की गहरी समझ को बढ़ावा दिया, बल्कि भविष्य के नवाचारों और अनुप्रयोगों के लिए मार्ग भी प्रशस्त किया जो आर्थिक विकास को गति दे सकते हैं और सामाजिक कल्याण में सुधार कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं राजेश कुमार** (48 वर्ष) पुत्र श्री अमर सिंह गांव त्यासर, डा. लठियाणी, तहसील बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.) ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय कुमार (गौरी) व उसकी पत्नी डिम्पल कुमारी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र अजय कुमार (गौरी) व उसकी पत्नी डिम्पल कुमारी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

# पटवारी व कानूनगो महासंघ ने मुख्यमंत्री सुक्खू और राजस्व मंत्री से की मुलाकात

**सन्नी पुरी, गगरेट**

राजस्व विभाग में कार्यरत पटवारी एवं कानूनगो का जिला कैडर से स्टेट कैडर किए जाने की शुरू हुई सुगबुगाहट के बीच ही हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ हरकत में आ गया है। महासंघ की प्रांतीय इकाई ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से मुलाकात कर इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया और पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंप कर इन मांगों का भी त्वरित समाधान मांगा।

हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि पटवारी एवं कानूनगो का जिला कैडर है, यानी कि जिस जिले में वे कार्यरत हैं, उससे बाहर उनका तबादला नहीं किया जा सकता, लेकिन अब सुनने में आ रहा है कि प्रदेश सरकार पटवारी एवं कानूनगो का स्टेट कैडर करने जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार को कोई ज्यादा लाभ नहीं होगा, बल्कि इससे उल्टा राजस्व कर्मियों की कार्य क्षमता पर प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में सरकार कोई भी कदम उठाने से पहले महासंघ को जरूर विश्वास में ले। उन्होंने मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री ने पटवार घरों में इंटनेट की सुविधा भी उपलब्ध करवाने का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग का सारा रिकार्ड कंप्यूटराइज्ड किया जा चुका है, लेकिन पटवार घरों में अभी तक इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध ही नहीं करवाई गई है। ऐसे में पटवारियों को काम करने में दिक्कत आ रही है। इस समस्या का भी जल्द समाधान किया जाना समय की मांग है। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना में भी पटवारियों से केवल भूमि संबंधी कार्य करवाने की ही सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि आबादी देह कार्य भी बंदोबस्त विभाग से करवाने चाहिएं। ग्राउंड टुथिंग का कार्य बंदोबस्त विभाग ज्यादा बेहतर तरीके से कर सकता है।

यही नहीं बल्कि तकसीम व निशानदेही के कार्यों में व्यस्त कानूनगो को बंदोबस्त के कार्यों की ट्रेनिंग इस समय न करवाई जाए। सतीश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री के साथ हुई महासंघ की बैठक आशातीत रही है। उन्हें विश्वास है कि प्रदेश सरकार महासंघ को विश्वास में लिए बगैर कोई निर्णय नहीं लेगी, अन्यथा महासंघ को संघर्ष का बिगुल बजाने पर विवश होना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

### हरोली में सोमवार को बिजली बंद रहेगी



**मुकेश कुमार, हरोली।** विद्युत उपमंडल हरोली के सहायक अभियंता ई. सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की 8 जुलाई को 132/66/33/11 के वी सब स्टेशन रक्कड़ ऊना में लाइनों के उचित रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते विद्युत उपमंडल हरोली के अधीन पड़ते गांव पालकवाह कांटे, भदोड़ी, हरोली, समनाल, सैंसोवाल, बालीबाल, रोड़ा, धर्मपुर, कांगड़, बढ़ेड़ा, सलोह तथा घालूवाल में विद्युत आपूर्ति सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ सफल समापन

# नैनमा बना विजेता और सिज्मोर उपविजेता

**विनोद शर्मा, लठियानी**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अधीन आते रायपुर मैदान में स्वर्गीय राजा महिंद्र पॉल सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब नैनमा की टीम के नाम रहा।

प्रतियोगिता के फाइनल में बतौर मुख्यातिथि क्रिकेट के पूर्व खिलाड़ी वीरेंद्र सराह ने क्रिकेट कप खेलने आई टीमों के साथ परिचय कर व टॉस करा कर टूर्नामेंट के फाइनल मैच की शुरुआत की।

वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी वीरेंद्र सहज मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने विजेता तथा उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पहला क्वार्टर फाइनल मैच सलोह ओर रायपुर के बीच हुआ, जिसमें सलोह की टीम ने बाजी मारी। वहीं, दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सिज्मोर ओर टाहलीवाल के बीच हुआ, जिस में सिज्मोर ने अपनी जीत दर्ज करवाई।

तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच तनोह ओर जोल के बीच हुआ, जिसमें तनोह ने बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, चौथा क्वार्टर फाइनल मैच नैनमा ओर प्रोइया के बीच हुआ



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते मुख्यातिथि।

जिसमें नैनमा ने जीत दर्ज करवाई।

इसके उपरांत सेमीफाइनल मैच करवाए गए, जिसमें पहला सेमीफाइनल मैच सलोह ओर सिज्मोर के बीच खेला गया, जिसमें सिज्मोर ने बाजी मार कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मैच नैनमा और तनोह के बीच हुआ जिस में नैनमा ने बाजी मारी। इस के उ परांत फाइनल मैच करवाया गया जिसमें नैनमा की टीम ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। विजेता टीम को 31 हजार का इनाम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, इस मैच की उपविजेता टीम सिज्मोर को भी 21 हजार रुपए तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, क्वार्टर फाइनल में पहुंची हुई टीम को आयोजकों द्वारा टी शर्ट वितरित की गई। इस मौके पर जोगिंद्र देव आर्य, बाल कृष्ण डोगरा, पूर्ण चंद ठाकुर, साहिल सिंह राणा, गजेंद्र सिंह राणा, मनीष कुमार, विजय कुमार, अभय पराशर, संजीव कुमार बीओ राम गढ़ धार के साथ-साथ स्पेश गेस्ट के रूप में विशेष तौर पर पहुंचे ।

महंत राणा केपी. सिंह पूर्व स्पीकर पंजाब के बेटे राणा विश्व पॉल व उनके बेटे दिव्या राणा कंवर, रानी प्रीती सिंह नाभा रियासत से हितेंद्र सिंह व अमिता सिंह, बलजिंद्र बरार रिचा आहुजा पहुंचे। (अनंत ज्ञान)



# कहीं गिरे बर्फ के फाहे, तो कहीं बारिश की फुहारें

## बारिश से आनी के रोहड़ीधार के भवन का एक हिस्सा गिरा, विभाग ने पहले ही भवन को असुरक्षित किया था घोषित

**कमलेश वर्मा कुल्लू**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को चोटियों पर जहां बर्फ के फाहे गिरे, वहीं निचले क्षेत्रों में राहत ही फुहारें बरसी हैं। वहीं, आनी की पंचायत टकरासी के प्राइमरी स्कूल रोहड़ीधार के भवन का एक हिस्सा गिर गया है।


बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुआ आनी का रोहड़ीधार स्कूल भवन।

दो कमरों के इस भवन को शिक्षा विभाग ने पिछले साल ही असुरक्षित घोषित कर दिया था। वीरवार रात हुई घटना में पुराने भवन के कमरों में रखा गया फर्नीचर और अन्य सामान को नुकसान हुआ है। घटना के बाद पंचायत प्रधान संजय ठाकुर ने स्कूल प्रबंधन समिति के साथ मौके का दौरा किया। उन्होंने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोहड़ीधार के भवन का पिछला हिस्सा पूरी तरह से गिर गया है। विभाग ने इस भवन को पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया था। इसकी जगह नए भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। वर्तमान में यहां पढ़ाई कर रहे पांच कक्षाओं के 17 विद्यार्थियों को एक ही कमरे में पढ़ाना पड़ रहा है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार, वार्ड सदस्य केवल राम, जिया लाल, ज्योति राम, सतपाल, सुनीता देवी, उमा देवी, मनीषा देवी और सपना देवी ने सरकार से आग्रह किया कि जल्द उपरोक्त पाठशाला के लिए धनराशि स्वीकृत की जाए। बारिश से जिले के लोगों को बड़ी राहत मिली है। ब्यास, पार्वती सहित अन्य नदी-नालों का भी जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन की तरफ से किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। जिला प्रशासन ने कुल्लू-मनाली सैर सपाटे के लिए आने वाले सैलानियों को नदी-नालों के किनारे नहीं जाने की हिदायत दी है। नदी-नालों के किनारे रहने वाले लोगों को भी सतर्क रहने को कहा गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले पांच से छह दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने कहा कि कुल्लू में मानसून की बारिश शुरू हो गई है। बारिश से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। बावजूद सैलानियों के साथ जिलावासियों को अलर्ट रहने की जरूरत है। जिले में हुई बारिश सेब के लिए टॉनिक बन गई है। इससे बागवानों ने राहत की सांस ली है। बागवानों का कहना है कि बारिश से सेब का आकार बढ़ने में मदद मिलेगी। साथ ही नमी बढ़ने से रंग भी बेहतर होगा। सेब के बगीचों में नमी की मात्रा कम हो गई थी। इससे सेब का आकार बढ़ने को लेकर बागवान चिंतित हो गए थे। वीरवार रात से लेकर शुक्रवार तक जमकर बारिश हुई। (अनंत ज्ञान)

## जिनजिंगबार में आधी रात नाले में फंसे दर्जनों वाहन

**कमलेश वर्मा, केलांग**



सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह सड़क मार्ग जिंगजिंगबार आधी रात बाढ़ आने से बंद हो गया, जिससे दोनों ओर दर्जनों ट्रक फंस गए। हालांकि बीआरओ ने आधी रात को ही सड़क बहाल कर फंसे ट्रकों को आर-पार करवाया, लेकिन सुबह के समय फिर बाढ़ आने से सड़क में दलदल बन गया, जिससे वाहन फंसने लगे। दलदल के कारण फिर से लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रुक गई। बीआरओ ने शुक्रवार दोपहर एक बजे तक मार्ग एक तरफा वाहनों के लिए बहाल कर दिया। हालांकि बीआरओ दो तरफा सड़क बहाली में जुटा है, लेकिन यातायात सुचारु हो गया है। बीआरओ की माने तो बारिश के साथ तेजी से गलेशियरों के पिघलने से मनाली-लेह सामरिक मार्ग पर जिंगजिंगबर के समीप बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सीमा सड़क संगठन 70 आरसीसी के जवानों ने जान जोखिम मे डाल कर आधी रात में ही युद्धस्तर पर काम शुरू किया और मनाली-लेह सामरिक सड़क मार्ग ट्रैफिक के लिए एक तरफा खोल दिया। सुबह के समय फिर से वाहन दलदल में फंसने लगे, जिस कारण आवजाही फिर से प्रभावित हुई। बीआरओ ने दोपहर बाद यातायात सुचारु कर दिया। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने लेह मार्ग पर सफर करने वाले लोगों से रात को सफर न करने की सलाह दी है। बीआरओ 70 आरसीसी के ओसी मेजर रवि शंकर ने बताया कि वीरवार देर रात बाढ़ आने की जैसे ही सूचना मिली तत्काल मशीनों और जवानों को जिंगजिंगबर में तैनात कर दिया। सड़क बंद होने से दोनों तरफ दर्जनों वाहन फस गए थे। संगठन के अधिकारियों और जवानों ने जान जोखिम में डालकर बारिश के बीच आधी रात को सड़क बहाल की। फंसे सभी सैलानियों व वाहन चालकों को सुरक्षित निकाला। उधर, बीआरओ के मेजर रवि शंकर ने बताया कि सड़क फिलहाल एक तरफा वाहनों के लिए खोल दी है। डबल लेन खोलने के लिए संगठन ने अतिरिक्त मशीन और जवानों को तैनात कर दिया हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल ने कुल्लू के लिए भेजी राहत सामग्री

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राज भवन से कुल्लू जिले के लिए राहत सामग्री के साथ वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राहत सामग्री में स्वच्छता किट, तिरपाल, किचन सेट और कंबल आदि शामिल हैं। इस अवसर पर शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि बीते वर्ष बारिश से हुए भारी नुकसान के कारण इस वर्ष हर स्तर पर पूरी तैयारी, सावधानी और सतर्कता बरती जा रही है। राज्य रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से भी उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि ऐसी संभावित स्थिति में लोगों को तुरंत राहत उपलब्ध करवाई जा सके। पिछले एक वर्ष में राज्य रेडक्रॉस ने विभिन्न जिलों में राहत के तौर पर 3438 स्वच्छता किट, 1189 कंबल, 2057 तिरपाल, 2085 किचन सेट और 36 फैमिली टेंट उपलब्ध करवाए। इस वर्ष राहत सामग्री सर्वप्रथम कुल्लू को भेजी गई है और इसी तरह अन्य जिलों में भी उपलब्ध करवाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### ममता को कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष की कमान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी आनी के अनुसूचित जाति विभाग की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जाति विभाग के आनी के अध्यक्ष किशोरी लाल ने की। बैठक में अनुसूचित जाति विभाग की क्षेत्र इकाई का विस्तार किया गया, जिसमें ममता चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बंसीलाल, संतोष कुमार और मीना देवी को उपाध्यक्ष चुना गया है। प्रभा देवी, अनुपमा को महासचिव, नंद लाल, जिया लाल को सचिव, विकास कुमार को कोषाध्यक्ष, एल आर अग्रवाल को प्रेस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश में सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। प्रदेश की गरीब पात्र महिलाओं को महिला सम्मान निधि जारी की गई है, जिससे प्रदेश भर के अलावा आनी विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण पात्र महिलाओं को भी लाभ मिला है। (अनंत ज्ञान)

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** मनाली व पतलीकूहल के प्रकृति प्रेमी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नागरिकों ने शुक्रवार को बडाग्रां पुल के समीप नाले की तलहटी में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं ग्रीन मैन किशन लाल व उनकी बेटी पर्यावरणविद कल्पना भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में पौधरोपण समय की मांग बन गया है क्योंकि पृथ्वी का तापमान साल दर साल बढ़ता जा रहा है, जिससे मौसम के मिजाज में भी परिवर्तन दर्ज किया जा रहा है। किशन लाल ने लोगों से अधिक पौधरोपण करने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### मनाली में निकाली जाएगी जगन्नाथ की शोभायात्रा

**कमलेश वर्मा, मनाली।** श्री जगन्नाथ पुरी की भांति इस वर्ष भी सात जुलाई को पर्यटन नगरी मनाली में भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा मनाली के सरकारी अस्पताल के पार्किंग मैदान से शुरू होकर मनु रंग शाला पहुंचेगी। रंगशाला में कुछ समय तक विश्राम और वहां पर भक्तों की ओर से संकीर्तन किया जाएगा। इसके बाद गुरुद्वारा में सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ संध्या आरती के पश्चात अपने निवास लौटेंगे। इस्कॉन परिवार ने भक्तों से अपील की है कि भगवान जगन्नाथ की इस शोभायात्रा में भाग लेकर भगवान का आशीर्वाद ग्रहण करें। (अनंत ज्ञान)

### 50 से अधिक विशेष बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के सरवरी स्थित नवचेतना स्पेशल स्कूल में स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एकदिवसीय इस शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पहुंचे प्रसिद्ध बागवान एवं अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस नकुल खुल्लर ने किया। शिविर में 50 से अधिक विशेष बच्चों के स्वास्थ्य जांचा गया। शिविर में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दीपशिखा, फिजियोथेरेपिस्ट प्रिया और फार्मासिस्ट अमित कुमार ने अपनी सेवाएं दीं। इस शिविर में विशेष बच्चों की आंख, कान, गला और सुनने की क्षमता के साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी जांचा गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि नवचेतना स्कूल स्पेशल बच्चों के भविष्य को जहां सही दिशा देने के लिए प्रयासरत है। (अनंत ज्ञान)

### युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए की समीक्षा

**कमलेश वर्मा, केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कौशल विकास को बढ़ावा देने व स्किल अनुसार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की संभावनाओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने बैठक में कहा किलाहौल-स्पीति में पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में अपार संभावनाओं को मध्यनजर रखते हुए युवाओं को होमस्टे संचालन में प्रशिक्षित किए जाने पर बल देने की नितांत आवश्यकता है लिहाजा संबंधित विभाग इस दिशा में कारगर योजना तैयार कर समिति को प्रस्तुत करें, ताकि जिले के युवाओं को स्वरोजगार से अधिक जोड़ा जा सके। (अनंत ज्ञान)

### पेंटिंग में चित्रकारों ने अपने नजरिये से दिया संदेश

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में शुक्रवार को देश के 12 कलाकारों की इनसाइट आर्ट ग्रुप की ओर से दिल्ली के सिकंदर जांगड़ा की क्यूरेटरशिप में कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रौरिक ट्रस्ट की रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिन और रशियन स्कॉलर ओलगा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा मुख्य रूप से मौजूद थे। इस प्रदर्शनी में लगभग 50 चित्र और असंख्स छोटे चित्र प्रदर्शन पर हैं। यह प्रदर्शनी सात जुलाई तक अवलोकन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में हरि सिंह, शिवानी मौर्य, नित्यम कपूर, शतरूपा भट्टाचार्य, राजेंद्र कुमार, मीनाक्षी बहुगुणा, प्रज्ञा गर्ग, प्रतिमा अभांगी, पूनम देवी, अंबिका नेगी, रिम्मी पोदार, प्रीति निमावत के चित्र प्रदर्शन पर हैं। बहुत से चित्रकारों ने प्रकृति को बड़े ही अनोखे ढंगों से अपने चित्रों में दर्शाया है, तो अन्य चित्रकारों ने अध्यात्म के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के चित्र बनाकर अध्यातम को दर्शाया है। (अनंत ज्ञान)

## पतलीकूहल मैदान में गेट लगाने के आरोप का हलाण-दो पंचायत की प्रधान ने किया खंडन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

हलाण-2 की प्रधान सीमा देवी ने कहा कि पतलीकूहल के खेल मैदान पर हलाण पंचायत ने कभी भी अपना अधिकार नहीं जताया है।


पतलीकूहल मैदान खाली होने के बाद मैदान में पहुंचे लोग और बच्चे खेलते हुए।

उन्होंने कहा कि हलाण पंचायत ने हमेशा इस मैदान को बचाने का काम किया है, जिस कारण यह मैदान आज सभी के प्रयोग में आ रहा है। मुझे यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि हलाण पंचायत ने इस मैदान को संवारने के लिए क्या कुछ नहीं किया है। पूर्व से ही दोनों पंचायतों ने मैदान को मिलकर संवारा है और कभी भी विवाद उत्पन्न नहीं किया है। हलाण पंचायत ने पहले भी इस मैदान में खड़ी की गई गाड़ियों को बाहर निकाला है और कभी भी कटराई पंचायत ने इस पर आपत्ति नहीं की। इस बार पता नहीं क्यों कटराई पंचायत की प्रधान हलाण-दो द्वारा मैदान को जनहित में खाली करने से खफा है, जबकि हमने एसडीएम के आदेश प्राप्त होने के बाद इस मैदान को खाली करवाया है। मैंने कभी भी यह नहीं कहा है कि हलाण पंचायत द्वारा मैदान को गेट लगा कर बंद किया जाएगा।

सीमा ने कहा कि मैदान हलाण और कटराई पंचायत की सीमा पर पतलीकूहल बाजार के मध्य में स्थित है, जिसे आम जनता प्रयोग करती है, इसलिए हलाण पंचायत ने जनहित में मैदान को खाली करवाकर सफाई की, जिससे पंचायत कटराई की प्रधान खफा हो गई और बेबुनियाद बयानबाजी शुरू कर दी। पंचायत को बास्केटबॉल का अभ्यास करने वाले बच्चों ने मैदान को खाली रखने का आग्रह किया है। सीमा ने कहा कि पंचायत इस मैदान को पूरी तरह से जनहित में खाली रखना चाहती है, ताकि आम जनता इस मैदान का प्रयोग कर सके। पंचायत जनहित में मैदान को खाली रखने के लिए एसडीएम और खंड विकास अधिकारी को अवगत करवा चुकी हैं, ताकि मैदान में सरकारी धनराशि से बनाई गई संपत्ति को नुकसान न पहुंचे और सभी मैदान का बिना किसी रोक-टोक से प्रयोग कर सकें। (अनंत ज्ञान)

## विधानसभा चुनावों से पहले वादों को भूली कांग्रेस : गोविंद

**कमलेश वर्मा, मनाली।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार की ओर से प्रारंभिक शिक्षा विभाग में आउटसोर्स के आधार पर प्री-प्राइमरी शिक्षक रखने के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव से पहले अपने किए वादों को भूल गई है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में एक लाख युवाओं को नियमित आधार पर नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन रोजगार देना तो दूर, उन्होंने पूर्व की जयराम सरकार के दौरान प्रदेशभर में आउटसोर्स के आधार पर विभिन्न विभागों में रखे गए बीस हजार से अधिक युवाओं को ही नौकरी से बाहर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## पर्यटकों को अब ग्रांफू-काजा मार्ग पर बातल में मिलेगी सेटेलाइट फोन की सुविधा

**कमलेश वर्मा, केलांग**

ग्रांफू-काजा मार्ग पर सफर करने वाले पर्यटकों को अब लाहौल-स्पीति प्रशासन बातल में सेटेलाइट फोन की सुविधा देने जा रहा है। सीडीएमए की ओर से जिला प्रशासन यह सुविधा मुहैया करवाने जा रहा है।



ग्रांफू-समदो मार्ग पर ग्रांफू से लोसर तक सिग्नल नहीं है। इस बीच जब बाहरी राज्यों के पर्यटक इस क्षेत्र में सफर करते हैं, तो नो सिग्नल जोन में चले जाने से परिजनों से संपर्क न होने से परेशान हो जाते हैं। सड़क की हालत सही न होने से इस 60 किमी नो सिग्नल जोन क्षेत्र को तय करने में चार घंटे का समय लग जाता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए लाहौल-स्पीति प्रशासन ने बातल में सेटेलाइट फोन की सुविधा देने का निर्णय लिया है। साथ ही छतड्डू व छोटा दड़ा रेस्ट कैंप में भी रेस्क्यू का सामान उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। बरसात को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है और हर विकट परिस्थिति से निपटने को तैयार है। प्रशासन ने रेस्क्यू टीमों का गठन कर लिया है। बीआरओ व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़कों की बहाली को भी रणनीति बनाई है। (अनंत ज्ञान)

> लाहौल-स्पीति के दर्रों में यात्रा करने वाले पर्यटकों से आग्रह है कि वह डीडीएमए की गाइड लाइन का पालन करें। डीडीएमए हर रोज सड़कों की स्थिति की जानकारी दे रही है। बारिश व ग्लेशियर पिघलने से नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। विशेषकर कुठ बिहाल, सिस्सू, तांदी व जिस्पा में पर्यटक नदी से दूर रहें। काजा मार्ग पर पर्यटकों की दिक्कत को देखते हुए बातल में सेटेलाइट फोन लगाया जा रहा है। बरसात को देखते हुए पूरी तैयारी कर ली है। आपदा से निपटने को जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है।
>
> **राहुल कुमार, डीसी लाहौल-स्पीति।**

## बरशैणी-खीरगंगा मार्ग पर कूड़ेदान लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण घाटी मणिकर्ण स्थित बरशैणी-खीरगंगा मार्ग पर स्थानीय युवकों ने विभिन्न जगहों पर कूड़ेदान लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है।



खीरगंगा स्थित हिलटॉप कैंपिंग साइट के संचालक बीरबल ने बताया कि बरशैणी से खीरगंगा होते हुए यह मार्ग पिन दर्रा होकर स्पीति घाटी को निकलता है तथा प्रतिवर्ष यहां से होकर हजारों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं और कूड़े को बेहरतीब ढंग से जहां-तहां फेंक देते हैं, जिससे यहां के स्वच्छ पर्यावरण पर प्रभाव पड़ रहा है। इसी के मध्यनजर उन्होंने बरेशैणी स्थित देव कैफे के संलाचक के साथ मिलकर बरेशैणी से खीरगंगा तक 20 से अधिक कूड़ेदानों को स्थापित किया, ताकि यहां चलने वाला प्रत्येक राहगीर खाली बोतलों, चिप्स व अन्य पैकिंग के खाली लिफाफों को इनमें डाल दें, ताकि उनकी टीम उसका बेहतरीन निपटान कर सके। (अनंत ज्ञान)

## देवसदन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर ने कहा कि भाषा एवं संस्कृति विभाग, प्रदेश की महान विभूतियों की जयंतियों का नियमित रूप से आयोजन करता आ रहा है।

उन्होंने कहा कि एक ऐसी ही विभूति बहुमुखी प्रतिभा के धनी चंद्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म सात जुलाई, 1883 में हुआ था। उनकी जयंती के उपलक्ष्य पर पांच जुलाई को देव सदन, कुल्लू में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की हिंदी कहानी लेखन व हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

## लाहौल-स्पीति जिप अध्यक्ष का उपचुनाव टला

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में जिला परिषद अध्यक्ष का पद रिक्त है। इसके मद्देनजर शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन जिला परिषद एक्ट के मुताबिक दो तिहाई कोरम पूरा न होने के कारण अध्यक्ष पद का उपचुनाव स्थगित कर दिया गया है। लिहाजा, शुक्रवार को कोरम पूरा न होने से लाहौल-स्पीति जिप अध्यक्ष का उपचुनाव टल गया है।


जिला परिषद के उपचुनाव को लेकर एकत्र हुए जिप सदस्य व डीसी लाहौल-स्पीति।

10 सदस्यों की इस जिला परिषद में सिस्सू वार्ड से सदस्य व जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा के विधायक बनने के बाद नौ सदस्य शेष हैं। शुक्रवार को पांच सदस्य ही मौजूद हुए, जिस कारण अब 11 जुलाई को उपचुनाव होंगे। इस दिन छह के बजाए अब पांच सदस्यों से कोरम पूरा हो जाएगा। लाहौल-स्पीति जिला परिषद में 10 में से 6 सदस्य कांग्रेस, जबकि चार सदस्य भाजपा समर्थित जीते थे। अनुराधा राणा के विधायक बनने से व कुंगा बौद्ध के पार्टी विरोधी कार्य करने से निष्काशित हो जाने से अब कांग्रेस के पास चार सदस्य ही रह गए हैं, जबकि भाजपा समर्थित भी चार सदस्य हैं, लेकिन पूर्व विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में आने के बाद भाजपा से टूट कर लाहौल-स्पीति विकास मंच का गठन हुआ है। दूसरी और भाजपा समर्थित स्पीति के लोसर वार्ड से छेरिंग तंडुप के बैठक में भाग लेने से कांग्रेस का पलड़ा भारी दिख रहा है। (अनंत ज्ञान)

> जिप अध्यक्ष उपचुनाव के लिए अगली बैठक अब 11 जुलाई को होगी। उस दिन कोरम के लिए पांच सदस्यों की उपस्थिति जरुरी रहेगी। इसके लिए सभी जिला परिषद के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है।
>
> **राहुल कुमार, डीसी लाहौल-स्पीति एवं पीठासीन अधिकारी।**



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## आंसू नारी की कमजोरी नहीं, बल्कि भावनाएं, जो कि शक्तिरूप का प्रतीक

*हमारे समाज में महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए ताकत, कमजोरी और काबिलियत के अलग-अलग पैमाने तय किए गए हैं। एक महिला के आंख से बहे आसुंओं को कभी कमजोरी तो कभी नाटक करार दिया जाता रहा है, मगर वहीं आंसू अगर किसी पुरुष की आंखों से बहते हैं, तो उसके मायने बदल दिए जाते हैं यानी कि यहां पर महिलाओं को कम कर के ही आंका जाता है, जबकि ऐसा है नहीं। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखें, तो महिलाओं ने अपने आंसुओं को अपनी ताकत बना कर इतिहास रचा है और अपने शौर्य के दम पर आज भी इतिहास के रूप में अपनी वीरता और सामर्थ्य से करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं, जहां तक बात निर्णय लेने की है, तो यहां पर भी महिलाओं ने खुद को लाखों बार साबित किया है कि एक महिला जब निर्णय लेती है, तो सभी के हित-अहित को ध्यान में रख कर निर्णय लेती है और सब को साथ लेकर आगे बढ़ने में विश्वास रखती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हर परिवार में देखने को मिलता है। महिलाओं में घर परिवार को बनाए रखने की जन्मजात काबिलियत होती है और ये महिलाएं ही हैं जो बिना किसी श्रेय के भी अपना कार्य करती रहती हैं और समाज की व्यवस्था को बनाए रखने में भरपूर योगदान देती रहती हैं। आज इन्हीं कुछ विषयों पर महिलाओं के विचारों से परिचित होते हैं।*

*सुर्खेद तिबोगपा, कुल्लू।*

> मानवीय संवेदनाओं को एक महिला ही बेहतर समझ सकती है

### आंसुओं का कमजोरी या दुर्बलता से कोई लेना-देना नहीं


वीना, क्लर्क ब्लॉक ऑफिस

*आंसुओं का कमजोरी या दुर्बलता से कोई लेना-देना नहीं है और मैं समझती हूं कि चाहे किसी भी कारण से महिलाओं की आंखों से आंसू गिरे मगर वो आंसू सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की भावनाओं के प्रतीक होते हैं, जहां तक बात है महिला और पुरुष में कई कौन बेहतर निर्णय ले सकता है, तो मेरा जवाब होगा कि निर्णय लेने का अधिकार और क्षमता सभी को बराबर है, ये किसी भी व्यक्ति विशेष की सोच, दूरदर्शिता, तथ्यों किस आधार पर लेने हैं और सामर्थ्य पर निर्भर करता कि वे कैसे निर्णय लें इसलिए मेरा मानना है कि निर्णय लेने की क्षमता व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है न कि महिला और पुरुष में। मैं समझती हूं कि घर, परिवार को संभालना और परिवार की हर जरूरत को समझना कोई आसान काम नहीं है। मगर महिलाएं इस काम में बेहतर हैं और किसी को भी अपना प्वाइंट ऑफ व्यू समझना और दूसरों के नजरिए को समझना यह कार्य भी महिलाएं बेहतर तरीके के साथ कर सकती हैं और तीसरा समाज में योगदान देना यह कार्य भी ऐसा है जहां पर महिलाएं बेहतरीन हैं।*

### आंसू कमजोरी का नहीं, बल्कि ताकत का प्रतीक

मैं ऐसा मानती हूं कि एक स्त्री की आंखों से जब आंसू छलकते हैं, तो उसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं, जैसे कि हर्ष और विषाद, दया और करुणा, विजय और पराजय, दुख और अवसाद और ममता की मिली जुली संवेदनाओं का प्रतीक हो सकती हैं, इसलिए यह कहना तर्क संगत नहीं है कि आंसू महिला की कमजोरी का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि ताकत का प्रतीक है। मुझे लगता है कि निर्णय लेने के मामले में स्त्री और पुरुष दोनों ही बराबर हैं और दोनों के अंदर ही निर्णय लेने की बेहतरीन क्षमता है, जहां तक बात है ऐसे कौन से तीन कार्य हैं, जिसमें महिलाएं, पुरुषों से बेहतर हैं, तो मैं ऐसा मानती हूं कि मानवीय संवेदनाओं को एक महिला से बेहतर कोई भी नहीं समझ सकता है और इस मामले में महिलाएं पुरुषों से कहीं अधिक बेहतर साबित हो रही हैं।


रजनी, सेवानिवृत्त प्रवक्ता निवासी मोहल जिला कुल्लू।

### महिलाएं न तो पहले कमजोर थीं और न ही आज हैं

*इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो पता चलता है कि महिला न तो कभी पहले कमजोर थीं और न ही आज कमजोर हैं। नारी केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए खुद को कुर्बान करने का सामर्थ्य रखने वाली शक्ति है। इसलिए नारी की आंख से बहने वाले आंसू कमजोरी नहीं, बल्कि वो भावनाएं हैं, जो कि शक्तिरूप का प्रतीक है। आज के समाज में महिलाएं और पुरुष दोनों समान हैं लेकिन दोनों ही अपनी-अपनी सोच और समझ के अनुसार निर्णय लेने में सक्षम हैं। महिलाएं भी आजकल बिना किसी पर निर्भर रहकर खुद कुछ करने का निर्णय ले सकती हैं। परिवार को संभालना, किसी के भी दुख में भावनात्मक रूप से तुरंत जुड़ जाना चाहे वह अपना हो या पराया। सबको एक साथ लेकर समाज को आगे बढ़ाने की सोच। एक औरत ही है, जो मकान को घर बनातीं है।*


अंजना, प्रवक्ता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहलमा, लाहौल-स्पीति।

### सिर्फ महिलाओं में होता है वात्सल्य और समर्पण का गुण

महिलाओं के आंख से निकले आंसू के पीछे कई कारण हो सकते हैं, मगर इसका मतलब यह नहीं है कि महिला कमजोर है। वैसे भी आज, कल की महिला कमजोर नहीं, बल्कि निडर और साहसी हैं और हर क्षेत्र में आज पुरुषों को बराबर की टक्कर दे रही हैं। मुझे लगता है कि महिलाओं के अंदर निर्णय लेने की क्षमता पुरुषों से बेहतर ही है क्योंकि महिला किसी भी निर्णय तक पहुंचने से पहले पहलू पर विचार कर आश्वस्त होने पर ही निर्णय लेती हैं इसलिए कह सकती हूं कि महिलाएं निर्णय लेने में बेहतर हैं। अब जहां तक प्रश्न है कि महिलाएं किन तीन कार्यों को पुरुषों से बेहतर कर सकती हैं, तो ऐसे में मेरा यही मानना है कि वात्सल्य और समर्पण का गुण सिर्फ महिलाओं में होता है। वात्सल्य और समर्पण से ही एक महिला संपूर्ण परिवार को जोड़कर रखती है और पूरे परिवार को जोड़ कर रखने का काम सबसे मुश्किल कार्य है, जिसे हर महिला बड़ी ही कुशलता के साथ निभाती आ रही हैं। सिर्फ महिला ही कर सकती हैं, मगर इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों में गुण नहीं हैं, पुरुषों की अपनी योग्यता है।


कृष्णा, प्रधान ग्राम पंचायत जाहलमा जिला लाहौल-स्पीति।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल आज सोलन जिले के प्रवास पर

**सोलन।** प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज यानी 6 जुलाई को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। शिव प्रताप शुक्ल प्रातः 10 बजे सोलन के जेपी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### तीन जगह बरामद की 48 लीटर अवैध शराब

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब उपमंडल में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ तीन मुकदमे आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए हैं। एसडीपीओ अदिति सिंह ने बताया कि पहला मामला जिसमें आरोपी रवि कुमार (32) पुत्र माम चंद निवासी गांव पुरुवाला काशीपुर पांवटा साहिब सिरमौर से 6 लीटर अवैध शराब बरामद की है, जिसके खिलाफ पुलिस थाना माजरा में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में आरोपी अमन (26) पुत्र रमेश चंद निवासी सूरजपुर पांवटा साहिब से 35 लीटर अवैध/नाजायज शराब बरामद की है, जिसके खिलाफ पुलिस थाना पांवटा साहिब में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है, जबकि तीसरे मामले में आरोपी अमरजीत सिंह (38) पुत्र दलीप सिंह निवासी गांव व डा. निहालगढ़ पांवटा साहिब से 7 लीटर अवैध शराब बरामद की है, जिसके खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामले में पुष्टि करते हुए एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। (अनंत ज्ञान)

### वाईकेसी शूलिनी में दो पुस्तकें हुई लांच



**आर मोहन चौहान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के योगानंद ज्ञान केंद्र (वाईकेसी) ने दो नई पुस्तकों का विमोचन किया। लिबरल आर्ट्स विभाग के प्रो. नसीर डी. पेमा द्वारा लिखित पहली पुस्तक, इकोज ऑफ द अनबाउंड स्काई, पाठकों को गहन अंतरदृष्टि और प्रतिबिंब प्रदान करती है। प्रदीप चिंताले द्वारा लिखित दूसरी पुस्तक, देवऑप्स डिजाइन पैटर्न, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में देवऑप्स की कार्यप्रणाली और प्रथाओं पर प्रकाश डालती है। एप्लाइड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में उपस्थित चिंताले ने अभ्यासकर्ताओं और उत्साही लोगों के लिए आधारशिला बनने के लिए एक प्रकाशन तैयार किया है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच विचारों के जीवंत आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की, जो बौद्धिक संवाद और विद्वतापूर्ण गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। (अनंत ज्ञान)

### बाघल होटल के सदस्यों ने किया पौधरोपण



**आशीष, दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) बाघल होटल के सदस्यों ने शुक्रवार को बाघल होटल परिसर में पौधरोपण किया। वन विभाग की ओर से उपलब्ध इन पौधों में इस दौरान आड़ू, अखरोट, देवदार और अन्य पौधे लगाए गए। डीजीएम धीरज बाली की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एजीएम रवेंद्र संधू, होटल प्रबंधक अमर सिंह ठाकुर, करण ठाकुर, दीपक ठाकुर, लेख राम ठाकुर, ओमेश ठाकुर, बाली राम ठाकुर आदि मौजूद रहे। होटल प्रबंधक अमर सिंह ने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण करना बहुत महत्वपूर्ण है। पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना आवश्यक है। बाघल होटल के आसपास हरियाली और स्वच्छ वातावरण न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना था, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### पार्किंग निर्माण के लिए मिट्टी की जांच

**भावना शांडिल, सोलन।** शहर में प्रस्तावित पार्किंग निर्माण को लेकर नगर निगम ने सभी चिन्हित जगहों की मिट्टी टेस्ट करवाने का निर्णय लिया है। इस कार्य को एनआईटी हमीरपुर की टीम की मदद से किया जाएगा। सोलन के ओल्ड बस स्टैंड में 10 करोड़ की लागत से प्रस्तावित पार्किंग के लिए निगम ने मिट्टी की जांच करवाई। इसके अलावा ठोडो मैदान के नजदीक दो चिन्हित जगहों की भी मिट्टी टेस्टिंग की गई। वहीं, हाउसिंग कॉलोनी में भी पार्किंग निर्माण के लिए चिन्हित जमीन की मिट्टी को जांचा गया। नगर निगम सोलन की एसडीओ अल्पना का कहना है कि ओल्ड बस स्टैंड में पार्किंग के निर्माण को लेकर मिट्टी की जांच की जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि कितने वाहनों की पार्किंग का निर्माण किया जा सकता है। पहले मिट्टी की जांच होगी, उसके बाद रिपोर्ट आएगी, इसके बाद नक्शा बनाकर पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### जलागम समिति का गठन, नरेश कुमार बने प्रधान



**आशीष, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट व नाबॉर्ड के संयुक्त तत्वाधान से स्वीकृत बड्डर खड्ड जलागम परियोजना को सुचारु रूप से चलाने के लिए ग्राम जलागम समिति का गठन अंबुजा फाउंडेशन कार्यालय में किया गया। नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय शिमला की ओर से अंबुजा फाउंडेशन को 156 लाख रुपए की बड्डर खड्ड जलागम परियोजना स्वीकृत की गई है। इस परियोजना में कुनिहार विकास खंड की चार पंचायतों के लगभग 28 गांव लाभान्वित होंगे। इस संदर्भ में शुक्रवार को अंबुजा फाउंडेशन में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अंबुजा फाउंडेशन के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक संजय शर्मा ने की। बैठक में परियोजना क्षेत्र की 20 ग्राम समितियों ने भाग लिया। इसमें जोनल मैनेजर भूपेंद्र गांधी भी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य परियोजना के सभी सदस्यों को जानकारी देना एवं परियोजना चलाने के लिए समिति का गठन करना था। बैठक के अंत में ग्राम जलागम समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान नरेश कुमार गांव मनलोग बड़ोग, उषा शर्मा गांव फांजी को उपप्रधान, सचिव आज्ञा राम गांव मलेठी तथा मनसा राम गांव पनसोड़ा को खजांची के पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। जलागम परियोजना के प्रधान पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने परियोजना के दौरान होने वाले अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और सभी सदस्यों को नाबार्ड की ओर से संचालित परियोजना की स्वीकृति के लिए सभी को बधाई दी तथा पूर्ण पारदर्शिता से कार्य करने की सलाह दी। (अनंत ज्ञान)

# साइबर ठगी : ऑनलाइन टैक्स जमा करवाने से कतरा रहे लोग

## नगर निगम ने जारी किए एक करोड़ टैक्स के बिल, अभी जमा हुए मात्र अढ़ाई लाख बिल

**आर मोहन चौहान/ भावना, सोलन।**

नगर निगम सोलन ने शहर में संपत्ति कर निर्धारण को कुल 14105 संपत्तियों का सर्वेक्षण किया है।

सर्वेक्षण के पश्चात संपत्ति कर के बिल यूनिट एरिया मेथड़ से जारी किए जा रहे हैं, जो कि चार अगस्त, 2022 से 31 मार्च, 2024 तक की अवधि के हैं। अभी तक नगर निगम ने वार्ड-पांच में करीब करोड़ तक के बिल ऑनलाइन जारी किए हैं। यानी भवन मालिकों को मोबाइल में संपत्ति कर जमा करवाने का लिंक भेजा गया है पर अभी तक दो लाख 50 तक की ही राशि जमा हुई है। टैक्स जमा करवाने में आसानी हो इसके लिए नगर निगम ने भवन मालिकों को एचपी गवर्नमेंट साइट का लिंक भेजा था, लेकिन लोगों ने फ्रॉड मैसेज समझ कर इससे मोबाइल से डिलीट कर दिया। नगर निगम की आयुक्त एकता कापटा ने भवन मालिकों से अपील की है कि मोबाइल पर आ रहे मैसेज को इग्नोर न करें और जल्द ही अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। 15 दिन की अवधि में बिल जमा करवाने पर 10 फीसदी की रियायत भी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर।

### दो किस्तों में टैक्स जमा करवाने की छूट

निगम के मुताबिक करदाता टैक्स बिल का भुगतान दो किस्तों में भी कर सकते हैं, परंतु 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि दो किस्तों का टैक्स का भुगतान करने के लिए तीन माह का समय रहेगा। इसके बाद विलंब शुल्क का भी भुगतान करना होगा। आयुक्त एकता कापटा के मुताबिक संपत्ति बिल ऑनलाइन मोड में जारी किए जाएंगे व करदाता एवं संपत्ति मालिक को इस बारे में एसएमएस प्राप्त होगा, जिससे वह ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

### 20 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद

निगम के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है, लेकिन इसका टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त 2023 नई दरों के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ने की उम्मीद है। निगम को पुरानी दर से करीब 5-6 करोड़ की टैक्स की आय होती रही है, जबकि नई दर से 15 से 16 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष के टैक्स को मिलाकर इस वर्ष निगम को 20 करोड़ की आय की उम्मीद।



शहर में भवन मालिकों को ऑनलाइन टैक्स जमा करवाने के लिए गवर्नमेंट साइट से एसएमएस लिंक भेजा जा रहा है। लोग ठगी के डर से लिंक ओपन नहीं कर रहे हैं। भवन मालिकों से आग्रह है कि हिमाचल गवर्नमेंट साइट से भेजे जा रहे लिंक पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। इससे टैक्स जमा करवाने के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। मुश्त टैक्स जमा करवाने पर 10 फीसदी टैक्स की छूट रहेगी। बशर्त टैक्स 15 दिन के अंदर जमा करवाना होगा।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### 1500 रुपए लेने को महिलाओं में मची होड़

**एसपी जैरथ, नाहन।** इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का लाभ उठाने के लिए महिलाओं में होड़ मची है। जिले में अब तक 60000 से अधिक आवेदन पत्र जमा हो चुके हैं।

रोजाना महिलाएं 1500 लेने के लिए फॉर्म लेकर जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय पहुंच रही हैं, जहां महिलाओं की सुविधा के लिए फॉर्म जमा करवाने को विभाग की ओर से अलग से डेस्क स्थापित किया गया है, जहां बकायदा संबंधित पात्र महिलाओं के फॉर्म जांचे जा रहे हैं। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश सरकार इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना महत्वकांक्षी योजना है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह दिए जा रहे हैं। सिरमौर में अभी तक 4128 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है। योजना के तहत जिले में 60 हजार आवेदन आ चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# औषधीय गुणों की खान है लिंगड़

## विटामिन-ए, विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, पोटाशियम, कॉपर, आयरन भरपूर मात्रा

**बीआर चौहान, राजगढ़**

औषधीय गुणों से भरपूर लिंगड़ विलुप्त होने की कगार पर है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगड़ की सब्जी को बड़े चाव से खाया जाता है। सबसे अहम बात है कि लिंगड़ को उगाया नहीं जाता, बल्कि यह बूटी विशेषकर नमी वाले क्षेत्रों, जंगलों अथवा खड्डों के किनारे स्वत: उगती है। लिंगड़ पूर्ण रूप से प्राकृतिक एवं जैविक है, जो कि पौष्टिक होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर है।

वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने इसे अपनी अतिरिक्त आय का साधन भी बना दिया है। लोग सारा दिन जंगल अथवा खड्डों से लिंगड़ को चुनकर लाते हैं और गुच्छियां बनाकर बाजार में बेचने लगे हैं। पहाड़ों में प्राकृतिक रूप से उगने वाली इस सब्जी को यहां के लोग दशकों से खाते आ रहे हैं।



लिंगड।

लिंगड़ जहां रसायनों से दूर प्रकृति के आगोश में स्वत: ही पैदा होता है। सब्जी विक्रेता सुरेश ने बताया कि लिंगड़ की आजकल लोगों में काफी डिमांड है, जैसे ही गांव से कोई व्यक्ति लिंगड़ की सब्जी बेचने आते हैं, तो लिंगड़ हाथों हाथ बिक जाता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जोशी ने बताया कि लिंगड़ में विटामिन-ए, विटामिन-बी-कॉप्लेक्स, पोटाशियम, कॉपर, आयरन, फैटी एसिड, सोडियम, फास्फोरस, मैगनीशियम, कैरोटिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। काफी कम लोग जानते हैं कि यह सब्जी कई औषधीय गुणों से भरपूर है। बता दें कि हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आइएचबीटी) पालमपुर में कुछ साल पहले शुरू हुए लिंगड़ के प्रारंभिक शोधों में यह बात सामने आई है कि लिंगड़ में आयरन व मैगनिशयम प्रचुर मात्रा में पाए जाने से इसे कुपोषण से निपटने का एक अच्छा स्रोत माना गया है। (अनंत ज्ञान)

### एरियर की अधिसूचना जारी नहीं होने से रोष

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पांवटा की बैठक डॉ. विपन कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। टीपी सिंह महासचिव ने बताया कि बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें सदस्यों ने रोष प्रकट किया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि महंगाई भत्ते की किस्त 21 माह के बाद अप्रैल 2024 में जारी की और एरियर के लिए अभी तक भी अधिसूचना जारी नहीं की गई।

अभी तक तीन किस्त 12 फीसदी की तो अभी चर्चा भी नहीं हुई। पेंशनर पेंशन संशोधन के केस, जिनका आदेश आठ सितंबर 2022 में हुआ था महालेखाकार कार्यालय में लंबित है तथा सरकार ने एक बार भी उन्हें निकालने का आग्रह नहीं किया, जिससे आभास होता है कि यह केस सरकार की सहमति से लंबित है। इसी प्रकार 2016 के उपरांत सेवानिवृत्त पेंशनर्स की अदायगी लटकी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश की तीनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की होगी जीत : महावर



विशेष प्रभारी अजय महावर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में भाजपा ने दिल्ली गौंडा सीट से विधायक अजय महावर को विशेष प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया है, जो कि लगातार तीनों विधानसभाओं में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

शुक्रवार को अजय महावर ने नालागढ़ में कहा कि नालागढ़ सीट से भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर 15 हजार की लीड से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर धरतीपुत्र हैं, जबकि कांग्रेस का प्रत्याशी बाहरी है और वह किस प्रवृति का है सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के लिए झूठी गारंटियों का सहारा लिया और डेढ़ वर्ष बाद भी एक भी वादा पूरा नहीं किया है। अब जनता कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार है और तीनों सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीत हासिल कर रहे हैं। वहीं, अजय महावर ने केंद्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से सदन में राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक व आतंकवादी कहवाया है वह शर्म की बात है। राहुल गांधी की इस गलती को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### बारिश का तांडव घर और गोशाला में घुसा पानी



**एसपी जैरथ, नाहन।** लगातार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं। ऐसा ही ताजा मामला जिला सिरमौर के गांव सालवाला में देखने को मिला है। जहां खड्ड के पानी ने ऐसा तांडव मचाया कि लोगों के घरों में पानी घुस गया। खेत खलियान तबाह हो गए। खड्ड अपने विकराल रूप में आ गई है खड्ड के पानी से जहां खेत खलियान तबाह हो गए, वहीं घर और गोशाला में भी पानी घुस गया, कई कीमती सामान पानी के तेज बहाव में बह गए। (अनंत ज्ञान)

### ऑक्सीजन कम होने से रानीताल तालाब में सैकड़ों मछलियां मरीं

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन के तालाबों में मछलियों के मरने का सिलसिला जारी है। प्रत्येक वर्ष नाहन शहर के तालाबों में साफ-सफाई के अभाव में मछलियों के मरने के मामले आमने आते हैं और सैकड़ों की संख्या में प्रत्येक वर्ष नाहन शहर के तालाबों में मछलियां मरती हैं, जिसके बाद क्षेत्र में दुर्गंध का माहौल और रानीताल पार्क में सेर को आने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने बताया कि रानीताल तालाब में ऑक्सीजन लेवल कम होने के चलते मछलियों



के मरने का मामला सामने आया है। संबंधित ठेकेदार को तालाब से मरी हुई मछलियां निकालने के लिए कहा गया है। नगर परिषद के कर्मी भी तालाब से साफ-सफाई करने को लेकर सचेत हैं। तालाब में स्वच्छता बनी रहे इसको लेकर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष ऑक्सीजन लेवल कम होने के चलते नाहन के तालाबों में मछलियां मरने के मामले सामने आते हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजगढ़ का प्लम मंडियों में मचा रहा धूम

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

सिरमौर के स्टेशन हिल स्टेशन राजगढ़ क्षेत्र को सब्जियों, फलों, फूलों व मसाला उत्पादन के लिए जाना जाता है यहां के मेहनती किसान व बागवान हर तरह की फसलों का उत्पादन करते हैं इन दिनों यहां प्लम का सीजन जोरों पर चल रहा है।

यहां का प्लम इन दिनों देश भर की अलग-अलग मंडियों में धूम मचा रहा है। बागवानों के इसके दाम भी काफी अच्छे मिल रहे हैं, जिससे बागवान काफी खुश नजर आ रहे हैं। इन दिनों प्लम के दाम एशिया की सबसे बड़ी फल मंडी आजादपुर दिल्ली में क्वालिटी के हिसाब से 140 से 280 रुपए प्रति किलो तक मिल रहे हैं। यानी प्लम सेब से भी मंहगा बिक रहा है। यहां पूरे राजगढ़ क्षेत्र की



जलवायु प्लम के उत्पादन के लिए पूरी तरह अनुकूल है, मगर अभी यहां व्यापक तौर पर प्लम का उत्पादन नहीं हो रहा है, मगर जो बागवान प्लम का उत्पादन कर रहे हैं उनको इसके उत्पादन से अच्छा लाभ मिल रहा है। यहां काबिले जिक्र है कि प्लम का रेट अलग-अलग मंडियों में रोज बढ़ते व घटते हैं। राजगढ़ क्षेत्र के बगोल बागवान प्रकाश चौहान के अनुसार वह भी प्लम का उत्पादन करते हैं इन दिनों प्लम का सीजन जोरों पर चल रहा है। प्लम की पैकिंग पांच किलो, तीन किलो व एक किलो में होती है वे एक किलो की पाकिंग में प्लम दिल्ली भेजते हैं, जिसके उन्हें अच्छे दाम मिल रहे हैं। उनका कहना है कि सेब उत्पादन की अपेक्षा प्लम उत्पादन में मेहनत व उत्पादन लागत भी कम है। दाम भी अच्छे मिलते हैं। उनका कहना है कि यहां बागवानों को खुमानी उत्पादन की और ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लगभग एक दर्जन अलग-अलग वैरायटी के लगभग 7 सौ पौधे प्लम के लगाए हैं, जिसमें से अभी केवल 150 पौधे ने फल देने आरंभ किए हैं और लगभग इस साल वह एक किलो की पैकिंग के चार हजार डिब्बे निकाल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### राहुल गांधी ने हिंदू समाज को हिंसक बताकर किया अपमान : प्रताप सिंह

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर भाजपा के प्रदेश विशेष कार्यकारिणी सदस्य बलवीर सिंह ठाकुर, जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में हिंदू समाज को हिंसक बताकर अपमानित किया है।

इतना ही नहीं, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी का खुलकर समर्थन किया है। हम इसके लिए इन तीनों कांग्रेसी नेताओं की कड़े शब्दों में



निंदा करते हैं। इन भाजपा नेताओं ने बताया कांग्रेस पार्टी के नेता हिंदू विरोधी नेता हैं। मुख्यमंत्री ने भी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान हिंदू विरोधी बयान दिया था। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि हमने हिमाचल में 97 फीसदी हिंदू विचारधारा को हराया है। शायद सुक्खू यह भूल गए हैं कि आपको प्रदेश का मुख्यमंत्री किसने बनाया है। (अनंत ज्ञान)

### मौत के साये में जीने को विवश गिरिपार के 11 लोगों का परिवार

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

एक तरफ तो सरकार की ओर से हिमाचल के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं के तहत कई आवास योजनाएं देने के दावे कर रही है।

दूसरी ओर सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के विकास खंड शिलाई की पंचायत कोटा पाब में एक परिवार ऐसा है, जो मौत के साये में जीवन जीने को विवश है। यह मामला हिमाचल सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक कोटा पाब पंचायत के बुजुर्ग दयाराम का 11 लोगों का परिवार है, लेकिन वह पिछले कई वर्षों से इस जर्जर मकान में परिवार सहित रह रहे हैं, जो हमेशा मौत के साए



में जीने को विवश है। दयाराम ने बताया कि 11 लोगों का परिवार होने के चलते उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है, जिसके चलते वह मकान नहीं बना पा रहा हैं। उन्होंने कई बार पंचायत के माध्यम से आवास योजना के लिए प्रस्ताव भी डलवाए, लेकिन उन्हें आज तक किसी भी योजना के तहत मकान नहीं मिला है। बुजुर्ग ने न केवल विकास खंड अधिकारी को बल्कि स्थानीय पंचायत और क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान को भी आवेदन किया है, लेकिन आज तक उन्हें आवास नहीं मिल पाया है। एक तरफ तो सरकार ने गरीब और अति निर्धन परिवारों के लिए इंदिरा आवास योजना, राजीव गांधी आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कई स्कीमें लोगों के लिए चलाई हैं।

बावजूद इसके दयाराम के परिवार को आज तक आवास सुविधा उपलब्ध नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

#### परिवार काफी गरीब, मकान बनाने में विवश

ग्रामीणों का कहना है कि दयाराम का परिवार काफी गरीब है, जिसके चलते वह मकान बनाने में विवश है। जब भी बारिश होती है, तो वह घर से बाहर टेंट लगाकर रहने को विवश होते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि अधिक बारिश होने के चलते उनके घर की दीवारें कभी भी गिर सकती हैं, उधर इस बारे में जब खंड विकास अधिकारी शिलाई अजय सूद से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि कोटा पाब पंचायत का एक मामला उनके संज्ञान में आया है। दयाराम का यदि आवास के लिए आवेदन आया है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा निर्धन परिवारों के लिए उचित आवास उपलब्ध करवाने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, ताकि उसे इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

**बैठक** 48 किमी बनेगा कालाअंब-पांवटा साहिब फोरलेन, बदला जाएगा रूट, अभी सार्वजनिक परामर्श की दो और बैठकें प्रस्तावित

# कालाअंब- पांवटा फोरलेन निर्माण में न घर उजड़ेंगे न टूटेंगी फैक्टरियां

**एसपी जैरथ, नाहन**

कालाअंब-पांवटा साहिब फोरलेन के निर्माण में आने वाली तमाम तरह की बाधाएं अब दूर होती नजर आ रही हैं। प्रस्तावित रूट बदलने से घर और फैक्टरियां उजड़ने से बच जाएंगी। हालांकि अभी फोरलेन के प्रस्तावित संरक्षण के संबंध में सार्वजनिक परामर्श की दो और बैठकें प्रस्तावित हैं। इसके बाद फोरलेन के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

कालाअंब पंचायत घर में एसडीएम नाहन सलीम आजम की अध्यक्षता में पहली सार्वजनिक परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में नाहन-सैनवाला-कालाअंब क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों से फोरलेन के निर्माण को लेकर सुझाव के साथ आपत्तियां भी मांगी गई थी। खास बात यह रही कि लायन कंसल्टेंसी ने लोगों की आपत्तियों से पहले ही सब कुछ साफ कर दिया कि न तो इसमें कालाअंब से मोगीनंद



तक लोगों के मकान टूटेंगे और न ही उद्योगों को नुकसान होगा। कंसल्टेंसी के अनुसार नए फोरलेन की दूरी दो किलोमीटर घट जाएगी। पुराने डबललेन को फोरलेन बनाने के लिए 2700 करोड़ रुपए का खर्च प्रस्तावित था, लेकिन कंसल्टेंसी के दक्ष इंजीनियरों ने प्रस्तावित फोरलेन के प्रारूप को तैयार करते हुए भारत सरकार से 500 करोड़ रुपए भी बचाए हैं। नए फोरलेन के निर्माण पर अब 2200 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। (अनंत ज्ञान)

#### यह होगा नए फोरलेन का प्रारूप

लायन कंसल्टेंसी के अनुसार कालाअंब टोल बैरियर से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित उपतहसील कार्यालय के समीप से ये रूट बदल जाएगा। यहां से पुल के माध्यम से सुकेती होते हुए फोरलेन फिर पुल के माध्यम से पुराने एनएच पर वंडर प्रोडक्ट फैक्टरी के समीप जुड़ेगा। इसके बाद सैनवाला से पहले बाइपास बनाकर फोरलेन गोशाला होते हुए दोसड़का का हिस्सा छोड़कर सीधे नवोदय स्कूल से नए मारकंडा पुल पर मिलेगा। इससे आगे छोटे-मोटे कर्व को सीधा कर कटासन, कोलर होते हुए धौलाकुआं से पहले के बड़े कर्व को खत्म कर यहां से सीधा पांवटा साहिब के सूरजपुर में फोरलेन से जुड़ जाएगा।

#### पांवटा में 18 को परामर्श बैठक

इस फोरलेन के निर्माण के लिए कालाअंब में आयोजित परामर्श बैठक के बाद एक और बैठक भी जल्द आयोजित की जाएगी। वहीं, पांवटा साहिब में 18 जुलाई को परामर्श बैठक निर्धारित की गई है। उधर, अधिशाषी अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग मनोज सहगल ने बताया कि एसडीएम की अध्यक्षता में हुई परामर्श बैठक सफल रही है। नए फोरलेन को लेकर लोगों ने अपने सुझाव दिए। वहीं, लायन कंसल्टेंसी ने नए प्रारूप के साथ लोगों को फोरलेन की जानकारी दी। लोगों ने इस पर अपनी सहमति दी है। साथ ही फोरलेन को लेकर एक और बैठक जल्द आयोजित होगी।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### रोहित शर्मा ने की पांड्या की तारीफ

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप-2024 के फाइनल के दौरान आखिरी ओवर में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की शानदार गेंदबाजी की तारीफ की।




रोहित ने कहा, 'यह ट्रॉफी पूरे देश के लिए है। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ हम इसे अपने प्रशंसकों को समर्पित करना चाहते हैं, जिन्होंने 11 साल तक इसका इंतजार किया है।'
उन्होंने कहा, 'हार्दिक हमारे लिए आखिरी ओवर फेंक रहे थे। आखिरी ओवर फेंकने के लिए उन्हें सलाम। आप जानते हैं, चाहे आपको कितने भी रन चाहिए हों, उस ओवर को फेंकने का हमेशा बहुत दबाव होता है लेकिन उन्हें सलाम।'

### जुलाई के आखिर तक मिलेगा फुटबॉल कोच

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि वह इस महीने के आखिर तक राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति कर लेगा, जिसके लिए उसे दुनिया भर से आवेदन मिले हैं। इस पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बुधवार को समाप्त हो गई और एआईएफएफ ने कहा कि उसे कुल 291 आवेदन मिले हैं। इसमें से 100 आवेदकों के पास यूईएफए प्रो लाइसेंस डिप्लोमा है, जबकि 20 के पास एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा और तीन के पास कॉनमेबोल लाइसेंस हैं।



### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरुष युगल में 2-0 से हराया। वहीं अभय और जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल में फिलीपीन के वोन्ने डालिडा और बेगोर्निया को 11-4, 11-3 से मात दी। इसके बाद सिंगापुर की नैशा सिंह और एंडर्स ओंग वी जुन को 11-3, 11-6 से हराया। महिला युगल में रतिका एस सीलान और पूजा आरती ने एक मैच जीता जबकि एक हारा।

### पाक करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतिम समय में अंतरराष्ट्रीय सीरीज घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ 'हाई प्रोफाइल' सीरीज सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्तूबर में तीन मैच की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी कैलेंडर में शामिल हैं। बांग्लादेश रावलपिंडी (21 से 25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त से तीन सितंबर) में दो टेस्ट खेलेगा और अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरूआत करेगा जिसका समापन नौ मार्च को प्रस्तावित आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी 2025 फाइनल से होगा। पाकिस्तान का सामना तीन टेस्ट में इंग्लैंड से होगा जो मुल्तान (सात से 11 अक्तूबर), कराची (15 से 19 अक्तूबर) और रावलपिंडी (24 से 28 अक्तूबर) में होंगे जबकि वेस्टइंडीज कराची (16 से 20 जनवरी) और मुल्तान (24 से 28 जनवरी) में दो टेस्ट के लिए दौरा करेगी। इनके अलावा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक त्रिकोणीय सीरीज भी होगी। पाकिस्तान इस दौरान नौ वनडे, इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय और दो टेस्ट के लिए आस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। बांग्लादेश 2020 के बाद पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगा।

### राजावत पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में



**कैलगरी (कनाडा)।** भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारागा और के. साई प्रतीक को भी पराजय का सामना करना पड़ा जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विका गाड्डे की जोड़ी हार गई।

**भारत vs जिम्बाब्वे** पांच मैचों की सीरीज का पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आज शाम 4:30 बजे

# जिम्बाब्वे के खिलाफ उतरेगी युवा ब्रिगेड

**एजेंसी, हरारे**

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा।

भारत में टी-20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस सीरीज के जरिये पदार्पण करेंगे।

पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी-20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय सीरीज से बाहर रहे हैं। अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है, लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है, लेकिन टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं।

शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी-20 कप्तान हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी-20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी।

कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है।

टी-20 क्रिकेट के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह 5वें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रूव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

**संभावित टीमें**

**भारत।** शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रूव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे ।** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।




अभ्यास सत्र के दौरान शुभमन गिल।

### कोहली, जडेजा ने मुंबई पुलिस को धन्यवाद दिया

**मुंबई ।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के भव्य स्वागत और खेल प्रशंसकों को संभालने के लिए इतनी अधिक संख्या में पुलिस की मौजूदगी से अभिभूत होकर शुक्रवार को यहां टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की 'विक्ट्री परेड' के दौरान अभूतपूर्व काम करने के लिए मुंबई पुलिस को धन्यवाद दिया।

मुंबई पुलिस ने खिलाड़ियों के स्वागत के लिए उमड़े जनसैलाब को व्यवस्थित ढंग से संभाला। बारबडोस से 16 घंटे की उड़ान के बाद भारतीय टीम गुरुवार को स्वदेश लौटी जिसके बाद खिलाड़ी दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिलने के बाद 'विक्ट्री परेड' के लिए मुंबई पहुंचे, जहां लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रशंसक मौजूद थे।

परेड के बाद वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जहां खिलाड़ियों ने डांस किया और जीत पर अपने विचार साझा करने के बाद 'विक्ट्री लैप' ली।

## प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट ( रोमानिया )**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी. गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही।




कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारूआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेसली सो, उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और गिरि के 3.5 अंक हैं।

## हॉकी टीम के कप्तान ने कहा-क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व, अब हमारी बारी

**एजेसी, बेंगलुरु**

टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीता। चैंपियन टीम का स्वदश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस महीने के आखिर में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए शिविर में मसरूफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा ,'' एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नहीं है। पूरा देश आपके साथ झूम रहा है। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है ।''



28 वर्ष के इस ड्रैग फ्लिकर ने कहा ,'' हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को यही खुशी फिर से दें। देश के साथ इन पलों को हम भी जियें।''

## पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स फाइनल में, नजरें खिताब की हैट्रिक पर

**एजेंसी, रियाद**

भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं, जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया।

उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21 , 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।



### रेफरी उवेना फर्नांडिस ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2016) में सहायक रेफरी की भूमिका निभाने वाली भारत की उवेना फर्नांडिस ने संन्यास की घोषणा की। यह जानकारी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने दी।
उवेना फीफा के किसी विश्व कप फाइनल में सहायक रेफरी की भी भूमिका निभाने वाली इकलौती भारतीय है। उन्होंने जॉर्डन में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अंपायरिंग की थी। गोवा की रहने वाली 43 वर्षीय उवेना रेफरी मूल्यांकनकर्ता और प्रशिक्षक के रूप में काम करना जारी रखेंगी।

## ओलंपिक में नीरज चोपड़ा करेंगे 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

किरण पहल को इस महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय महिला 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम में जगह नहीं मिली है। हालांकि, किरण, जो हाल ही में अंतर-राज्यीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 50.92 सेकेंड के साथ सर्वकालिक भारतीय 400 मीटर सूची में दूसरे नंबर पर रहीं, जहां उन्हें सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार मिला, पंचकूला में योग्यता मानक हासिल करने के बाद ओलंपिक में व्यक्तिगत 400 मीटर में दौड़ेंगी।
एथलेटिक्स में देश के पहले ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 28 सदस्यीय टीम में सबसे बड़ा नाम हैं, जिसमें एशियाई खेलों के चैंपियन तजिंद्रपाल सिंह तूर, अविनाश साबले, पारुल चौधरी और अन्नू रानी भी शामिल हैं।एथलेटिक्स प्रतियोगिता 1 से 11 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।




**भारतीय एथलीट टीम**

**पुरुष टीमः** अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंद्रपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रावेल, अब्दुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), सर्वेश कुशारे (ऊंची कूद), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी रेस वॉक), मोहम्मद अनस, मोहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश, मिजो चाको कुरियन (4 गुणा 400 मीटर रिले), सूरज पंवार (रेस वॉक मिक्स्ड मैराथन)।

**महिला टीमः** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर, प्राची (4 गुणा 400 मीटर रिले), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी रेस वॉक/रेस वॉक मिश्रित मैराथन)।

### अपनी भूमिका का आनंद ले रहे सुआरेज

**लास वेगास ।** लुइस सुआरेज ने कहा कि वह उरुग्वे की टीम में एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में अपनी भूमिका का आनंद ले रहे हैं। उरुग्वे की टीम संयुक्त राज्य अमेरिका में 15वीं बार कोपा अमेरिका खिताब जीतने की कोशिश कर रही है।



140 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 68 गोल के साथ उरुग्वे के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर सुआरेज ने अब तक इस टूर्नामेंट में सिर्फ आठ मिनट खेले हैं और उन्हें पता है कि शीर्ष स्तर पर उनका समय समाप्त होने वाला है।

37 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को लास वेगास के एलीगेंट स्टेडियम में ब्राजील के खिलाफ कोपा अमेरिका क्वार्टर फाइनल से पहले संवाददाताओं से कहा, 'मैं हर पल का भरपूर आनंद ले रहा हूं। जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, आप इसका और भी जादा आनंद लेते हैं, क्योंकि आप जानते हैं कि आपके अंदर की फुटबॉल की लौ बुझ रही है।'

## जोकोविच ने जीत के लिए बहाया पसीना, पेगुला उलटफेर का शिकार

**एजेंसी, लंदन**

ऑल इंग्लैंड क्लब में सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत दर्ज करने के लिए पसीना बहाना पड़ा, जबकि महिला वर्ग में 5वीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। जोकोविच ने सेंटर कोर्ट पर खेले गए मैच में स्कॉटलैंड के 22 वर्षीय खिलाड़ी जैकब फर्नले को चार सेट में 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से हराया। फर्नले को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था।



पेगुला हारने वाली सर्वोच्च वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी बन गईं। इस अमेरिकी खिलाड़ी को वांग जिन्यू ने 6-4, 6-7 (7), 6-1 से हराया। वांग की यह शीर्ष-10 में शामिल खिलाड़ी पर पहली जीत है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन आर्यना सबालेंका को विंबलडन में तीसरी वरीयता दी गई थी, लेकिन उन्होंने कंधे की चोट के कारण पहले दौर से पूर्व ही टूर्नामेंट से हटने का फैसला कर दिया था।

ब्रिटेन को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली युरिको लिली मियाजाकी से काफी उम्मीद थी, लेकिन डारिया कसाटकिना के सामने उनकी एक नहीं चली। कसाटकिना ने यह मैच आसानी से 6-0, 6-0 से जीता। कसाटकिना का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने ब्रेंडा फ्रूहविर्टोवा को 6-4, 6-2 से हराया। अमेरिका की 12वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मैडिसन कीज ने वांग याफान पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज करके तीसरे दौर में प्रवेश किया।

**हौसला-अफजाई** प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से कहा

## चकाचौंध में खोना नहीं, दबाव लिए बिना खेलना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को जीत-हार का दबाव नहीं लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें ओलंपिक की चकाचौंध में खोये बगैर अपना फोकस बनाए रखना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से शुक्रवार को व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा ,'' मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें जानता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं। सरकार के नाते व्यवस्था में कुछ बदलाव लाने हैं तो काम करता रहूं। मेरी कोशिश सभी से सीधे बात करने की होती है।''



### मोदी ने नीरज से कहा-तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज में कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नहीं जिस पर ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया। नीरज ने कहा ,'' सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार। पिछली बार दिल्ली में चीनी वाला चूरमा था, लेकिन आपको हरियाणा का देसी घी और गुड़ का चूरमा खिलाएंगे।'' प्रधानमंत्री ने इस पर कहा ,'' मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है।''

### 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

**ओलंपिक** 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिए पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा है, जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कश्मीर में भीषण गर्मी, श्रीनगर में तापमान 35.7°



**श्रीनगर।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने श्रीनगर में पिछले 25 सालों में सबसे गर्म दिन घोषित किया, जहां तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच, कश्मीर के कई इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जहां तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कश्मीर के तापमान ने दिल्ली (31.7 डिग्री सेल्सियस), कोलकाता (31 डिग्री सेल्सियस), मुंबई (32 डिग्री सेल्सियस) और बेंगलुरु (28 डिग्री सेल्सियस) जैसे अन्य प्रमुख शहरों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। घाटी के विभिन्न भागों में भीषण गर्मी जारी है, काजीगुंड में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में 35.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। पिछले कुछ हफ्तों से घाटी में भीषण गर्मी पड़ रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने घाटी के सभी स्कूलों में 8 जुलाई से 10 दिन की गर्मी की छुट्टियों की घोषणा की है।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

**देवरिया।** भाटपाररानी थाना क्षेत्र में भैंस चराते समय एक महिला-पुरुष की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने पुरुष के शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी, जबकि महिला के शव का परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

### निष्पक्ष पंचायतें प्रभावी सुशासन करती : रणजीत

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस रणजीत सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से चुनी गई 'निष्पक्ष पंचायतें' प्रभावी सुशासन का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं और ग्रामीण पंजाब को और अधिक पतन से बचा सकती हैं। लोक-राज पंजाब, कीर्ति किसान मंच, भगत पूरन सिंह जी पिंगलवाड़ा सोसायटी, संस्कृति और विरासत संरक्षण मंच, 'उत्तम-खेती' किरसन यूनियन, पूर्व सैनिक और युवा मंच की संयुक्त मुहिम 'लोक एकता मिशन' से जुड़ने के बाद आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए रणजीत सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से चुनी गई ग्राम पंचायतें राजनीतिक गुटबाजी के कारण गांवों में व्याप्त गुटबाजी, हिंसक प्रतिद्वंद्विता, अवांछित मुकदमेबाजी और विनाशकारी प्रतिस्पर्धा जैसी विभिन्न बुराइयों से पीड़ित गांवों में सद्भाव बहाल करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### निफ्टी का नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स फिसला




**एजेंसी, मुंबई ।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ लेकिन रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर रहा बीएसई सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ फिर से 80,000 के स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक यानी 0.07 प्रतिशत गिरकर 79,996.60 पर बंद हुआ। हालांकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 21.70 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,323.85 के अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

### 15 अगस्त से पटरी पर दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन!

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। देश की सबसे पसंदीदा ट्रेन वंदे भारत के बाद रेलवे यात्रियों को एक बार फिर बड़ी सौगात देने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण मध्य रेलवे की ओर से जानकारी मिली है कि 15 अगस्त से वंदे भारत की नई स्लीपर सेवाएं को शुरू कर दी जाएंगी। जिसकी टिकट की कीमत काफी कम देखने को मिलेंगे, ताकि आम आदमी भी आसानी से वंदे भारत जैसे बड़े ट्रेन की यात्रा आसानी से कर पाए। बताया जा रहा है कि देश की सबसे लोकप्रिय ट्रेनों में से एक वंदे भारत को माना गया है, जबकि इसकी शुरुआत भारतीय सरकार की ओर से लोगों की आवश्यकताओं को भरपूर करने के लिए की गई थी। 15 अगस्त से कई रूटों पर वंदे भारत में स्लीपर क्लास है देखने को मिलेंगे।



### नदी में डूबकर किशोर की मौत, लोगों ने लगाया जाम

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के नवोदय नगर के पास सुखी नदी में किशोर के डूबने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। अक्रोशित लोगों ने नवोदय नगर को मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग पर धरना देकर जाम लगाया। लोगों ने किशोर की मौत के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। धरने पर बैठे लोगों की पुलिस के साथ नोंक-झोंक भी हुई। पुलिस ने जबरन धरने पर बैठे लोगों को उठाकर रास्ते को खुलवाया।

### बच्चों का कार सहित अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले के शकरपुर थाना क्षेत्र के विकास मार्ग से दो बच्चों को कार सहित अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्वी दिल्ली की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रतीक श्रीवास्तव के तौर पर हुई है। वह मंडावली का रहने वाला है और पेशे से एसी मेकेनिक है। किडनैपर ने कार में मौजूद बच्चों की मां के फोन से कॉल करके उसके पिता से 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। इस शिकायत पर पुलिस तुरंत हरकत में आई और उसे गिरफ्तार कर लिया।



### शिक्षकों के तबादले रद्द : शिक्षा मंत्री



**नई दिल्ली।** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव नरेश कुमार को निर्देश दिया है कि वह 5,000 शिक्षकों के तबादले का आदेश तत्काल वापस लें, जो उनकी मंजूरी के बिना जारी किया गया था। 'शिक्षा निदेशालय के शिक्षण कर्मचारियों के तबादले के लिए ऑनलाइन अनुरोध' शीर्षक वाले परिपत्र में एक स्कूल में 10 वर्ष से अधिक समय तक सेवा दे चुके सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से तबादले के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया था।

### चंद्रबाबू नायडू ने नड्डा से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसदों के साथ भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और इस दौरान 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र' के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। नड्डा ने 'एक्स' पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, ''आज नई दिल्ली में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेदेपा सांसदों के साथ बैठक की। हमने 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र' के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राजग की हमारी सरकार आंध्र प्रदेश को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।'' नड्डा के पोस्ट को पुनः पोस्ट करते हुए नायडू ने कहा, ''नड्डा से मिलकर खुशी हुई। विकसित आंध्र प्रदेश और विकसित भारत के हमारे साझा दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए आगे सहयोग करने के लिए तत्पर हूं।'' वहीं केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य की वित्तीय मदद करने का आह्वान किया।

### रक्षा मंत्री का दावा, मेक इन इंडिया हो रहा मील का पत्थर साबित

# रक्षा उत्पादन के मूल्य में 2023-24 में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि की दर्ज

## उत्पादन का मूल्य 1,26,887 करोड़ पहुंचा,16.8 प्रतिशत अधिक



**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है और मेक इन इंडिया कार्यक्रम नए मील के पत्थर पार कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए अधिक अनुकूल व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल दर साल नए मील के पत्थर पार कर रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 में उत्पादन का मूल्य 1,26,887 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के उत्पादन मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने रक्षा उत्पाद बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी उद्योग सहित भारतीय उद्योग को बधाई दी।

## अमरनाथ के लिए 6,900 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना



**अशोक ठाकुर, जम्मू**

दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित प्रसिद्ध अमरनाथ गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन लिए शुक्रवार को 6,900 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ। अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्रियों का आठवां जत्था 277 वाहनों में सवार होकर भगवती नगर यात्री निवास से सुबह 3.45 बजे बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सुरक्षाकर्मी उनकी सुरक्षा के लिए मौजूद हैं।

उन्होंने बताया कि 4,377 तीर्थयात्रियों ने 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से यात्रा की, जबकि 2,542 तीर्थयात्रियों ने 14 किलोमीटर लंबे, चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से यात्रा की। इसके साथ ही 28 जून से अब तक कुल 44,441 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## गोपाल स्वीट्स ने एमआईईजेड में लगाई नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

ट्राईसिटी का औद्योगिक परिदृश्य गोपाल स्वीट्स के मोहाली इंडस्ट्रियल इकनॉमिक जोन (एमआईईजेड) में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के साथ और भी बड़ा और अधिक गतिशील हो गया है। एमआइइजेड रॉयल एस्टेट ग्रुप द्वारा चलाई जा रही एक अद्वितीय औद्योगिक पहल है, जो ट्राईसिटी और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में औद्योगिक क्रांति लाने के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह 150 एकड़ में फैला है और अगले 3 वर्षों में इसे 500 एकड़ तक विस्तारित करने की योजना है। एमआईईजेड की निकटता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, क्षेत्र के सबसे बड़े रेलवे जंक्शन और शंभू बैरियर के सूखे बंदरगाह के करीब है, जो चारों राज्यों के साथ बेहतरीन कनेक्टिविटी का लाभ प्रदान करती है।

एमआइइजेड के डायरेक्टर आशीष मित्तल का कहना है कि हमारे पास एमआइइजेड में 50 से अधिक प्रतिष्ठित उद्योग हैं, जिनमें फार्मास्यूटिकल्स, पैकेजिंग, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और कृषि, इंजीनियरिंग, ट्रैक्टर और ऑटो पार्ट्स, धातु और बाथ फिटिंग्स, मशीनें, फर्नीचर, मार्बल और ग्रेनाइट आदि शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### बच्चों की शिक्षा को नुकसान पहुंचा रहा है शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने छठी कक्षा की नई पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराए जाने में हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय बच्चों की शिक्षा को नुकसान पहुंचा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि सरकार की परीक्षा एजेंसी की अक्षमता सामने आने के बाद शिक्षा मंत्रालय के स्तर पर बदतर स्थिति एक बार फिर से सामने आई है। उधर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वीरवार को एक बैठक में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुरूप स्कूली पाठ्य पुस्तकें तैयार किए जाने की समीक्षा की। यह बैठक कक्षा 6 की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध होने में हो रही देरी की पृष्ठभूमि में हुई जिन्हें अप्रैल से पढ़ाया जाना था। ये पुस्तकें अब तक बाजार में नहीं आ पाई हैं।

## हाथरस भगदड़ कांड के पीड़ितों के साथ खड़ी है कांग्रेस : राहुल गांधी



हाथरस भगदड़ कांड के पीड़ितों से मिलते राहुल गांधी।

**एजेंसी, हाथरस**

लोकसभा में नेता विपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस भगदड़ कांड के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। राहुल गांधी ने उनसे मिलकर उनका दर्द बांटा और साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन को इस घटना का दोषी करार देते हुए इस मामले को संसद में उठाने का भरोसा दिया।

राहुल गांधी ने आगरा रोड विभव नगर नबीपुर खुर्द स्थित ग्रीन पार्क में सत्संग के दौरान भगदड़ में घायल और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। राहुल ने आशा देवी, मुन्नी देवी और ओमवती के परिजनों से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

पीड़ितों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हाथरस भगदड़ कांड में प्रशासन की कमी तो रही। गलतियां हुई हैं, उनका पता लगाना चाहिए। आर्थिक मदद ज्यादा से ज्यादा मिलनी चाहिए। ये गरीब परिवार थे। मैं यूपी के सीएम से अनुरोध करता हूं कि वह दिल खोलकर आर्थिक मदद दें। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद राहुल गांधी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को किया जाए बेनकाब : जयशंकर

### जिनपिंग-शहबाज की मौजूदगी में पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी



**एजेंसी, अस्ताना**

भारत ने आतंकियों को पनाह देने व उनको सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को खरी-खरी सुनाई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन की (एससीओ) की बैठक में भारत का प्रतिनिधत्व करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

इस अवसर पर जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण पढ़ा, इसमें उन्होंने याद दिलाया कि आतंकवाद से लड़ाई एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि हममें से कई लोगों को ऐसे अनुभव हुए हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे होते हैं। हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय व वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग व बेनकाब करना चाहिए जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन की ओर था।

### नीट पीजी की परीक्षा 11 अगस्त को

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि अब नीट पीजी एग्जाम का आयोजन 11 अगस्त को होगा। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। कट ऑफ की डेट 15 अगस्त ही रहेगी। परीक्षा से जुड़ी अपडेट के लिए कैंडिडेट आधिकारिक साइट की मदद लें। बता दें कि नीट पीजी-2024 का आयोजन 23 जून को किया जाना था, लेकिन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एहतियात के तौर पर इस एग्जाम को री-शेड्यूल किया था, जिसके बाद शुक्रवार को परीक्षा की नई तारीख का ऐलान नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज की तरफ से किया गया है।

## मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में राज्य के अलग-अलग स्थानों से हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किए गए।

मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। इस दौरान चुराचांदपुर जिले से तीन पंपी और एक इम्प्रोवाइज्ड (पंपी) शेल बरामद किया गया।

एक अन्य तलाशी अभियान में इंफाल पश्चिम जिले से आठ बिना प्लेट वाले बीपी जैकेट कवर, 20 स्लीपिंग बैग, एक जोड़ी बीपी प्लेट, एक शोल्डर पिस्टल होल्स्टर व अन्य बरामद किया गया।

### सात रोहिंग्या को त्रिपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**त्रिपुरा।** त्रिपुरा पुलिस ने उत्तरी जिले के चुराईबारी से दो नवजात शिशुओं और तीन महिलाओं समेत सात रोहिंग्या लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी रात्रि बस से हैदराबाद जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर चुराईबारी थाना के नाके पर बस नंबर एमएल 05टी/8382 की तलाशी ली और इनके संदिग्ध व्यवहार को देखते हुए उनसे पूछताछ की तो पता चला कि सभी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार रोहिंग्या शिविर से आए थे। वे सिपाहीजाला जिले के धनपुर से दलालों के सहयोग से अवैध रूप से त्रिपुरा में घुसे थे। वे हैदराबाद स्थित रॉयल कॉलोनी में जा रहे थे. हिरासत में लिये गए व्यक्तियों को शुक्रवार को धर्मनगर जिला न्यायालय में पेश किया गया।

## असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, मुख्यमंत्री ने लिया डिब्रूगढ़ की स्थिति का जायजा



**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम में शुक्रवार को बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई तथा राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। असम में लगभग 22 लाख लोग बाढ़ के कारण प्रभावित हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने डिब्रूगढ़ शहर की स्थिति की समीक्षा की। यह जिला पिछले आठ दिनों से जलमग्न है और यहां बिजली व्यवस्था भी ठप पड़ी है।

उन्होंने डिब्रूगढ़ के कुछ इलाकों का पैदल दौरा किया और लोगों से बातचीत की। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हम डिब्रूगढ़ शहर में जलभराव की समस्या का समाधान निकालने के लिए विशेषज्ञों और स्थानीय निवासियों की मदद लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि नालियों के जाम होने के कारण डिब्रूगढ़ में जलभराव हो गया है तथा ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे पानी की निकासी में दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री शर्मा से बिजली आपूर्ति बहाल करने का आग्रह किया।

### नकली शराब मामले में अदालत में जनहित याचिका

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में हाल में नकली शराब पीने से जान गंवाने के मामले में राज्य सरकार की ओर से सभी पीड़ितों को मुआवजे के तौर पर 10 लाख रुपए देने के आदेश को रद्द करने संबंधी एक जनहित याचिका मद्रास उच्च न्यायालय में दायर की गई है। यह जनहित याचिका मोहम्मद गौस ने दायर की है। याचिका पर सुनवाई के दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि मुआवजे की राशि अधिक है। साथ ही उन्होंने मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। जनहित याचिका में कहा गया है कि पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे, जिन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई बल्कि उन्होंने नकली शराब पीकर गैर-कानूनी काम किया।

## किसान सम्मान निधि 6 हजार से बढ़कर होगी 12 हजार रुपए!




**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने खुद को किसान हितैषी बताया हैं। केंद्र का दावा है कि वह लगातार किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में काम कर रहे हैं। सरकार का यह भी दावा हैं कि कृषि क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए किसानों को कर्ज से मुक्ति और न्यूनतम दर पर ब्याज उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया जा रहा है।

बहरहाल इन सबसे अलग देशभर में किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाने की मांग की जा रही है। दरअसल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठनों ने किसानों को लेकर सरकार से मांग की है। भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ और स्वदेशी जागरण मंच ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मांग की है कि आने वाले बजट में किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपए सालाना की जाए। किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्री नारायण चौधरी ने कहा कि हमने 12 प्रमुख मांगें रखी हैं, जिनमें किसान सम्मान निधि बढ़ाना भी शामिल है।

**बाजार**

### विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.25 अरब डॉलर घटकर 572.88 अरब डॉलर रही

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 651.99 अरब डॉलर पर



**एजेंसी, मुंबई**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 जून को समाप्त सप्ताह में 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह, कुल मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। इस साल सात जून को भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 28 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.25 अरब डॉलर घटकर 572.88 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 42.7 करोड़ डॉलर घटकर 56.53 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.01 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 10 लाख डॉलर बढ़कर 4.57 अरब डॉलर रहा।